रांची, सोमवार
11:09:2023
web: www.rashtriyakhabar.com

देश/विदेश 11 पर्यावरण पर खोखले बयानों के लिए मोदी ने किया .. .. | झारखंड 9 कलश में मिट्टी संग्रहण कर जिला .. . | अभिव्यक्ति 6 उपचुनाव के बाद एक देश एक चुनाव .. .. | यश कुमार की फिल्म चाची 10

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 249 | epaper.rashtriyakhabar.com | भाद्र पद, कृष्णपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डलीय
रोजगार मेला
(ऑफर लेटर वितरण)

लगभग 11,850 युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्रीमती अन्नपूर्णा देवी
माननीय सांसद, कोडरमा लोकसभा
सह शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास,
ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण
एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

श्रीमती बेबी देवी
माननीय मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग,
झारखण्ड

सम्मानित अतिथि
माननीय सांसदगण एवं माननीय विधायकगण
उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, झारखण्ड

दिनांक: 11 सितंबर, 2023 | समय: अपराह्न 1 बजे
स्थान: विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार
PR 306557 (Labour Employment and Traning) 23-24

राष्ट्रीय खबर राजनीति
हमारी नजर
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर ›› अपडेट

### 37 लोगों ने थामा झामुमो का दामन

रांची: बुंडू अनुमंडल के नगर क्षेत्र में स्थित तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा के आवास में नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र के कुल 37 लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। इस मौके पर विधायक ने सभी को अंग वस्त्र तथा माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विशेष रूप से नगर के पूर्व वार्ड पार्षद घासीराम उरांव शामिल हुए। इस मौके पर विधायक ने कहा कि समान विचारधारा रखने वाले हर वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं हर वर्ग का काम हो रहा है, इस विचार के साथ लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़कर विकास के कार्य में अपनी भूमिका दे रहे हैं।

राजनीति

## इंडिया के दलों के निशाने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष

# बाबूलाल मरांडी फूंका हुआ कारतूस: बंधु

राष्ट्रीय खबर

रांची: जगरनाथ महतो के निधन से खाली हुई डुमरी विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी के रूप में मंत्री बेबी देवी की जीत हुई है। वहीं आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी की हार हुई है।

उपचुनाव में कुल पड़े मतों का 51 प्रतिशत से अधिक मत पाकर झामुमो उम्मीदवार बेबी देवी जीत दर्ज की है। उनकी जीत के बाद उत्साहित सत्ताधारी दलों के निशाने पर सुदेश महतो की जगह बाबूलाल मरांडी पर आ गए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद के साथ साथ इंडीया दलों के नेता बाबूलाल मरांडी को हार के लिए जिम्मेदार

बता रहे हैं। कोई बाबूलाल मरांडी के भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाने को ही एनडीए के लिए झारखंड में अशुभ बता रहे हैं तो कोई उन्हें फूंका हुआ कारतूस करार दे रहे हैं। डुमरी विधानसभा उपचुनाव के नतीजे एनडीए के पक्ष में नहीं आने पर बाबूलाल मरांडी पहले ही कह चुके हैं कि उनका गठबंधन एनडीए एक चुनाव हारा है मैदान नहीं। ऐसे में भाजपा के विधायक कोचे मुंडा कहते हैं कि राज्य के सत्ताधारी दलों को डर बाबूलाल से ही लगता है क्योंकि वह बाबू भी हैं और लाल भी, उनके जैसा ईमानदार और स्वच्छ छवि का नेता नहीं है। इसलिए सत्ताधारी दल के नेता बाबूलाल मरांडी को निशाना बनाते रहते हैं। राज्य के पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि वह पहले से कहते आए हैं कि बाबूलाल मरांडी फूंका हुआ कारतूस हैं। आदिवासी नेता होते हुए भी उन्होंने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। 14 साल झारखंड विकास मोर्चा के रूप में उन्होंने जो जो आरोप भाजपा पर लगाये हैं सब सोशल मीडिया पर है। ऐसे में जनता उनपर भरोसा कैसे करें?

## संगठन को कमजोर करने की हो रही है साजिश: राजेश यादव

राष्ट्रीय खबर

रांची: एक ओर जहां लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल को झारखंड में मजबूत करने की कवायद चल रही है। वहीं दूसरी ओर पार्टी के अंदर से ही विरोध के स्वर भी मुखर होने लगे हैं। हाल ही में जिला स्तर पर राष्ट्रीय जनता दल ने दो-दो प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने डॉ मनोज कुमार को मुख्य प्रवक्ता का दायित्व सौंपा है। इसके बाद लंबे दिनों से राजद से जुड़े पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और पश्चिमी सिंहभूम के प्रभारी राजेश यादव ने प्रदेश नेतृत्व पर राज्य में संगठन को कमजोर करने का आरोप लगाया है। झारखंड के वरिष्ठ राजद नेता राजेश यादव ने कहा कि राज्य में संगठन को लगातार कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। प्रदेश स्तर के पांच नेताओं के चरण छूने वाले लोगों को ही महत्वपूर्ण पदों पर बैठाया जा रहा है। उन लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। जिन्होंने ना तो कभी खुद राष्ट्रीय जनता दल को वोट दिया होगा और ना ही उनके कहने पर कोई और राजद को वोट करेगा। राजेश यादव ने कहा कि पार्टी को चिंतन करने की जरूरत है कि पांच साल पहले राजद संगठन कितना मजबूत था और आज क्या स्थिति है। राजेश यादव ने कहा कि प्रदेश प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश यादव को पूरे मामले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पटना या दिल्ली जाकर पार्टी सुप्रीमो से मिलकर बताएंगे कि कैसे झारखंड में राजद की स्थिति और लालू प्रसाद तथा उनकी नीतियों का विरोध करने वाले लोगों को पुरस्कृत किया जा रहा है।

शिक्षक दिवस के अवसर पर पासवा ने 5000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित का इतिहास रचा

# शिक्षक ही हैं आदर्श समाज के शिल्पकार: डा रामेश्वर उरांव

राष्ट्रीय खबर

रांची: प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में 11वा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन आज रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार, मोराबादी रांची में किया गया राज्य में शिक्षकों के लिए आयोजित राज्य के सबसे बड़े शिक्षक सम्मान समारोह में झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आए लगभग 5000 से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के विधानसभा अध्यक्ष श्री रवींद्रनाथ महतो, राज्य के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव,रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा, डीएवी मैनेजिंग कमेटी के पूर्व

निदेशक श्री एलआर सैनी,पासवा के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे, राष्ट्रपति पुरस्कार अवार्ड से सम्मानित सुश्री फलक फातिमा, पासवा के प्रदेश महासचिव श्री नीरज कुमार,संजय प्रसाद, महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, राशिद अंसारी, अल्ताफ अंसारी सहित पासवा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए।कार्यक्रम का उद्घघाटन झारखंड विधानसभा अध्यक्ष श्री रविंद्र नाथ महतो, झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव कार्यक्रम की शुरूआत विशिष्ट अतिथियों ने पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित कर एवम दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष श्री रविंद्र कुमार महतो ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों का सम्मान होना चाहिए, समाज जो आगे बढ़ रहा है या बढ़ता है उसमें शिक्षकों का योगदान होता है। अच्छे शिक्षकों के शिक्षा की वजह से ही बेहतर और शिक्षित समाज का निर्माण होता है,शिक्षक तो बड़े-बड़े काम किए हैं,साम्राज्य की स्थापना की है,देश का पहला साम्राज्य शिक्षक चाणक्य के कारण ही बना था । भगवान बुद्ध को भी शिक्षक कहा जाएगा।ऐसा पहल की सराहना होनी चाहिए और प्रतिवर्ष शिक्षकों को सम्मान मिलना चाहिए ।

झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने इस अवसर पर व्यक्ति के जीवन में शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज कोई भी व्यक्ति समाज के जिस पद पर भी पहुंचा है निश्चित रूप से उसमें उन शिक्षकों का ही योगदान है जिन्होंने उन्हें गढ़ा है।

# राज्य में जितने भी निजी कारखाने हैं उसमें बाहरियों को यहां से खदेड़ना है :सीता सोरेन

राष्ट्रीय खबर

रांची: मुख्य अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री चंपई सोरेन,राज्यसभा सांसद महुआ माजी, लोकसभा सांसद विजय हांसदा और दुर्गा सोरेन की पत्नी विधायक सीता सोरेन शामिल हुई, साथ ही समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडे भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे, हजारों की संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर सभी नेताओं ने संबोधन के दौरान दुर्गा सोरेन के बलिदान को याद किया और पार्टी के नेताओं को उनके आदर्शों पर चलने की सलाह दी मंत्री ने कहा कि जिस तरह से दुर्गा सोरेन का सोच था कि राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े और शोषितों का उत्थान करना समाज के अंतिम

व्यक्ति तक विकास की कार्यों को पहुंचाना ऐसे में हम सबों की भी जिम्मेदारी है कि उनके सोच को पूरा करना उनके सपनों को पूरा करना और इसी दिशा में पार्टी के तमाम युवा नेताओं को उनके आदर्शों को अपने साथ लेकर चलने की जरूरत है।

इस अवसर पर तमाम नेताओं ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर भी जमकर निशाना साधा डुमरी चुनाव में मिली जीत को लेकर कहा राज्य की जनता ने इंडिया गठबंधन पर मोहर लगा दी है और आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी हम इस राज्य से बीजेपी को खदेरेंगे और फिर से एक बार हम सभी अपनी सरकार बनाएंगे। विधायक सीता सोरेन ने हेमंत सोरेन के कामकाज की जमकर तारीफ की और कहा कि दुर्गा सोरेन के नाम पर इस चौक का नामकरण तो हो गया था लेकिन एक प्रतिमा और इसके सौंदर्य करण के लिए हम लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे जो कि पूरा नहीं हुआ था लेकिन अब हमारी सरकार ने और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस सोच को पूरा किया इस काम को पूरा किया इसके लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं, सीता सोरेन ने रोजगार को लेकर के भी कहा कि हमारी सरकार राज्य के युवाओं को रोजगार देगी राज्य में जितने भी निजी कारखाने हैं उसमें बाहरियों को यहां से खदेड़ना है और स्थानीय को रोजगार दिलाना है।

## राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी देवघर पहुंचे

राष्ट्रीय खबर

रांची: राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव आज देवघर पहुंचे। राजद के हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े , गाजे बाजे के साथ आज एयर पोर्ट से लेकर देवघर परिसदन तक श्री यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का स्वागत किया। देवघर हवाई अड्डा पर स्वागत करने वालों में झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव,प्रदेश अध्यक्ष संजय सिह यादव,प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव,झारखंड सरकार के मंत्री! सत्यानंद भोगता, बादल पत्रलेख,पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घुरन राम ,राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिह, चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव, पूर्व विधायक रामदेव यादव, कल्पना देवी,युवा के अध्यक्ष रंजन यादव,प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, शचामदास सिह, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, इरफान अंसारी,शिवनाथ यादव,अवधेश यादव, भूतनाथ यादव , विजय राम,सुनील यादव रामकुमार यादव,चंद्रशेखर भगत अनिल यादव, मुकेश यादव शामिल थे। हवाई अड्डा से आने के बाद श्री यादव ने झारखंड के कोने कोने से आए राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात किये और सभी को संगठन मजबूत करने का निर्देश दिया। राजद प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि भाजपा भागाओ देश बचाओ देश सबों का है और सभी के लिए बना है ।नफरत फैलाने वाले पूरे देश में नफरत फैला रहे है इस देश से नफरत फैलाने वालों को देश से भगाना है।

संकल्प यात्रा

## रामगढ़ के भुरकुंडा में संकल्प यात्रा की सभा,दिलाया गया संकल्प

# पिछड़ों के आरक्षण के नाम पर झूठी राजनीति करते हैं हेमंत सोरेनः बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर

भुरकुंडा: संकल्प यात्रा के तीसरे चरण के तहत बड़कागाँव में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड निर्माण के 23 वर्षों के इतिहास में जब जब भाजपा की सरकार बनी प्रदेश में विकास के कार्य हुए और कांग्रेस जेएमएम की सरकार में लूट खसोट, भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि पौने चार साल के हेमंत सरकार में झारखंड का विकास तो नहीं हुआ बल्कि कानून व्यवस्था चौपट हो गई। प्रत्येक दिन पाँच से ज्यादा हत्या, दुष्कर्म, अपहरण की घटना से झारखंड भयभीत है। उन्होंने कहा कि जिस पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करना था वे हेमंत सरकार के इशारे पर वसूली और हेमंत सरकार के खिलाफ

बोलने वालों पर केश करने में व्यस्त हैं। जबकि भाजपा की सरकार में अपराधी थर थर काँपती थी। उन्होंने कहा कि जब तक झारखंड अपराध मुक्त नहीं होगा तब तक उद्योग धंधे नहीं लग सकते उन्होंने कहा कि भाजपा के सरकार में बालू पर पकड़ नहीं रहा है किंतु हेमंत सोरेन ने बालू घाटों को दिल्ली और मुंबई के पैसे वालों के हवाले कर दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कोयला, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। अंचल ब्लॉक और ज़िला के सरकारी कार्यालयों में बिना पैसे दिये कोई काम नहीं होता है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में भी पैसे देना पड़ रहा है। राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए घुस देना पड़ता है। सरकारी पदाधिकारियों को मोबाइल रिचार्ज की तरह पद पर बने रहने के लिए हेमंत सरकार को रिचार्ज करना होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी गरीबों के लिये राशन भेजते हैं उसकी भी कालाबाजारी होती है। मरांडी ने कहा कि हेमंत है तो हिम्मत की नारा देने वाले आज एऊ के डर से भाग रहे हैं। हिम्मत है तो एऊ के सवालों का मुख्यमंत्री को सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डर से लाखों के महँगे वकील का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाम बदल बदल कर जमीन लेने वाले सोरेन परिवार ने कई गड़बडी किया है, इनके पास बेनामी संपत्ति है।उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए भाजपा की सरकार बनानी होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों में अस्पतालों में और सरकारी कार्यालयों में बड़ी संख्या में पद खाली पड़ा है। बेरोजगारों को रोजगार देकर इन पदों को भरा जा सकता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी गरीबों की चिंता करते हैं किंतु हेमंत सरकार दलालों, बिचौलियों और भ्रष्ट अधिकारियों की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने के लिए भाजपा की सरकार बनाना होगा।उन्होंने कहा कि हेमंत साईरन पिछड़ों के नाम पर झूठी राजनीति करते हैं। पंचायत चुनाव में पिछड़ों के आरक्षण को नजर अन्दाज कर चुनाव कराया। कोर्ट के आदेश के बावजूद ट्रिपल टेस्ट अब तक नहीं कराया जा सका है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने कोर्ट में पिछड़ा आयोग बनाकर ट्रिपल टेस्ट करवाने की बात कहा था जो अब तक अधूरा है। उन्होंने कहा कि हेमंत कि मंशा साफ नहीं है। आरक्षण के नाम पर झूठी राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों को उनका हक सिर्फ. भाजपा देगी। उन्होंने 2024 में नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया।संकल्प यात्रा के जनसभा में स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा, हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल,पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय, प्रदेश महामंत्री बालमुकुन्द सहाय, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,राकेश प्रसाद,रनंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, अनिल मिश्रा,, शशि भूषण भगत,हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव,रंजीत पांडे, प्रो खिरोधर साहू, युवा नेता अमरेश सिंह सहित सैंकडो की संख्या में लोग उपस्थित थें।

पेज तीन का शेष

### जी 20 समूह की अध्यक्षता .. .. ..

महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि आज हम न्यू जेनेरेशन टेक्नॉलॉजी में अकल्पनीय पैमाने एवं गति के गवाह बन रहे हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उदाहरण हमारे सामने है। हमारा प्रयास होगा कि सामाजिक आर्थिक विकास, वैश्विक श्रमबल और अनुसंधान एवं विकास जैसे क्षेत्रों में सभी देशों को एआई का लाभ मिले।

### काल्पनिक लोग सरकार .. ..

सुना है। इनमें से आठ स्तंभकारों ने अन्य लोगों की तस्वीरों का इस्तेमाल किया। इनमें भारत के एक लोकप्रिय फैशन प्रभावक की तस्वीर भी शामिल है। कथित लेखकों में से एक डोरेन चौधरी हैं। डोरेन चौधरी एक भारतीय अभिनेत्री की तस्वीर का उपयोग करती हैं। फुमिको यामादा ने बैंकॉक पोस्ट और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स ब्लॉग सहित विभिन्न मीडिया आउटलेट्स में लेख प्रकाशित किए हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय में बांग्लादेश अध्ययन के विशेषज्ञ के रूप में दशार्या गया है। हालाँकि, उस विश्वविद्यालय में उनकी उपस्थिति का कोई रिकॉर्ड नहीं है और वहाँ बांग्लादेश अध्ययन नामक अनुसंधान का कोई क्षेत्र नहीं है।

### पौलैंड सरकार ने पेगासूस .. ..

अधिक शक्तिशाली निचले सदन सेजम में बहुमत है। बोसाकी ने नोट किया कि स्पाइवेयर का इस्तेमाल पोलैंड में कम से कम 12 लोगों पर किया गया था, जिसमें विपक्षी राजनेता क्रिज्सटॉफ ब्रेजा भी शामिल थे - जो उस समय डड के 2019 चुनाव अभियान के प्रमुख थे - और सरकार के दो आलोचक, रोमन गिएर्टिच और माइकल कोलोडजीजक, जो वर्तमान में हैं केओ चुनाव उम्मीदवार के रूप में खड़े हैं।इस साल की शुरूआत में, एक यूरोपीय संसद की जांच में यह भी पाया गया कि पोलैंड ने पेगासस का इस्तेमाल सरकार के विपक्ष और आलोचकों की निगरानी के लिए एक प्रणाली - जो सत्तारूढ़ बहुमत और सरकार को सत्ता में बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया था के हिस्से के रूप में किया था। यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है और लोकतंत्र को खतरे में डालता है। पोलिश सीनेट आयोग ने कहा कि उसने सुप्रीम ऑडिट ऑफिस (एनआईके) के सहयोग से स्थापित किया है कि 2017 में सरकार की पेगासस की खरीद गैरकानूनी थी। सीनेट समिति द्वारा अपराध करने के संदेह वाले अन्य लोगों में वर्तमान उप वित्त मंत्री पियोत्र पटकोव्स्की और उप न्याय मंत्री मिशल वोस शामिल हैं।

### सीमा के कई इलाकों .. ..

भर रहा है और एक दिन स्वाद बदलने के लिए हेरोइन दे रहा है। आए दिन मुर्शिदाबाद सीमा के जरिए बांग्लादेश में ड्रग्स, नकली पैसे, सोने के सिक्कों की तस्करी हो रही है। उस तस्करी को रोकने में बीएसएफ को बार-बार हैरान होना पड़ता है। जांचकर्ता धीरे-धीरे मुर्शिदाबाद के शमसेरगंज, सुती, जलांगी जैसे सीमावर्ती इलाकों से तस्करी के आरोप में एक के बाद एक पिता और पुत्र की गिरफ्तारी का मिलान करने में सक्षम हो रहे हैं। सबकी नजरों से बचने के लिए उस घेरे में छोटे बच्चों के पिता को भी शामिल कर लिया जाता है। शमसेरगंज इलाके का डाकबंगला इलाका। सामने से गुजरा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 34। गत 29 अगस्त को पुलिस ने यहां सोहेल राणा नाम के 15 साल के स्कूली छात्र को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 500 रुपए के 112 नकली नोट मिले। पुलिस की जांच में पता चला कि सोहेल के पिता नकली पैसे को सीमा पार कर भारत लाए थे। पिता लेन-देन के मामले में बेटे को सबसे वफादार मानता था। बेटे का स्कूलबैग पिता के तस्करी के धंधे का सुरक्षित ठिकाना बन गया है।

एक और उदाहरण इसी साल जून में पुलिस को मिला। मुर्शिदाबाद के बाउरिया से तीन लाख रुपये के नकली नोटों के साथ दो किशोरों को गिरफ्तार किया गया। एक 10वीं का छात्र है, दूसरा 11वीं का है। उस परिचित तालिका का एक उदाहरण कुछ दिन पहले मिला था। मुर्शिदाबाद के सुती थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 पर सजुरमोर से पुलिस ने किशोरावस्था में प्रवेश कर चुके स्कूल यूनिफॉर्म पहने तीन छात्रों को गिरफ्तार किया है। तीन लोगों के बैग की तलाशी लेने पर दो लाख रुपये के नकली नोट और 150 ग्राम हेरोइन मिली। पुलिस पूछताछ में आठवीं कक्षा के तीनों छात्रों ने बताया कि उन्हें अपने-अपने पिता से पैसे मिले थे। सीमा सुरक्षा बल और राज्य पुलिस का खुफिया विभाग ऐसी कई घटनाओं को लेकर चिंतित है। पिता के हाथ से नाबालिग बेटे के जरिए तस्करों के डेरे तक ड्रग्स, सोना, नकली पैसा पहुंचाने के इस तरीके को रोकने के लिए पुलिस और बीएसएफ काम कर रही है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के बीएसएफ डीआइजी एके आर्य के मुताबिक, तस्कर हर कुछ दिनों में अपनी रणनीति बदलते हैं। हम उस रणनीति के माध्यम से उनकी तस्करी की योजनाओं को भी सावधानीपूर्वक विफल कर देते हैं। हम नाबालिगों की तस्करी की योजना से अवगत हैं।

### सूअर के अंदर मानवभ्रूण .. ..

गुआंगजौ इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिसिन एंड हेल्थ के वरिष्ठ लेखक जेन दाई कहते हैं, हमने पाया कि यदि आप सुअर के भ्रूण में एक जगह बनाते हैं, तो मानव कोशिकाएं स्वाभाविक रूप से इन स्थानों में चली जाती हैं। दीर्घकालिक लक्ष्य मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए इस तकनीक को अनुकूलित करना है, लेकिन शोधकर्ता स्वीकार करते हैं कि यह काम जटिल होगा और इसमें कई साल लग सकते हैं। सुअर में पूरी तरह कार्यात्मक मानवीकृत अंग विकसित करने के लिए कुछ अतिरिक्त कदमों की आवश्यकता होगी क्योंकि अंग कई प्रकार की कोशिकाओं और ऊतकों से बने होते हैं। गुआंगजौ इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिसिन एंड हेल्थ के लेखक मिगुएल ए एस्टेबन कहते हैं, इससे पहले कि हम उन अंगों को बनाने की देर की स्थिति में पहुंचें जो नैदानिक अभ्यास के लिए शेल्फ पर हो सकते हैं, यह विधि मानव विकास का अध्ययन करने के लिए एक खिड़की प्रदान करती है। आप उन मानव कोशिकाओं का पता लगा सकते हैं जिन्हें आप इंजेक्ट कर रहे हैं और उनमें हेरफेर कर सकते हैं ताकि आप बीमारियों का अध्ययन कर सकें और सेल वंश कैसे बनते हैं।

### तीसरी बार कक्षा बदलने .. .. .. ..

लैग्रेंजियन 1 इंसर्शन (टीएलआई) युद्धाभ्यास से गुजरेगा, जो एल 1 के लिए अपने 110-दिवसीय प्रक्षेपवक्र की शुरूआत को चिह्नित करेगा। यह यान पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर - सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज पॉइंट -1 को संदर्भित करता है। यह अंतरिक्ष में एक ऐसा स्थान है जहां सूर्य और पृथ्वी जैसे दो खगोलीय पिंडों की गुरुत्वाकर्षण शक्ति संतुलन में होती है। यह वहां रखी वस्तु को दोनों खगोलीय पिंडों के संबंध में अपेक्षाकृत स्थिर रहने की अनुमति देता है।

इस बिंदु पर पहुंचने पर, एक अन्य युक्ति आदित्य-छ1 को छ1 के चारों ओर एक कक्षा में बांधती है, जहां उपग्रह अपना पूरा मिशन जीवन एल 1 के चारों ओर एक अनियमित आकार की कक्षा में पृथ्वी और सूर्य को जोड़ने वाली रेखा के लगभग लंबवत एक विमान में परिक्रमा करते हुए बिताएगा। . इससे पहले, मंगलवार को, इस्ट्रैक वैज्ञानिकों ने आदित्य-एल1 के दूसरे पृथ्वी-बाउंड बदलाव को सफलतापूर्वक लागू किया था और अंतरिक्ष यान को 282 किमी ७ 40,225 किमी की कक्षा में स्थापित किया था।

आदित्य-एल1 के साथ, इसरो सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव का अध्ययन करेगा। आदित्य-एल1 के वैज्ञानिक उद्देश्यों में कोरोनल हीटिंग, सौर पवन त्वरण, कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई), सौर वातावरण की गतिशीलता और तापमान अनिसोट्रॉपी का अध्ययन शामिल है। पिछले सप्ताह, आदित्य-एल1 ने पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाते हुए कुछ बेहतरीन तस्वीरें लीं। इसरो ने पहली बार आदित्य-एल1 द्वारा ली गई इन तस्वीरों को जारी करते हुए कहा, आदित्य-एल1, जो सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु के लिए निर्धारित है, पृथ्वी और चंद्रमा की सेल्फी और तस्वीरें लेता है।

11:09:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 249 | epaper.rashtriyakhabar.com | भाद्र पद, कृष्णपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

पञ्चैव पूजयल्लोके यशः प्राप्नोति केवलम्।
देवान्पितृघ्न मनुष्यांश्च भिक्षूनतिथिपंचमान॥

भावार्थ : देवता, पितर, मनुष्य, संन्यासी तथा अतिथि - इन पांच की पूजा/ सम्मान करनेवाला संसार में यश पाता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 31.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17 .56 बजे
सूर्योदय (कल) » 05 .33 बजे

## नीलगिरी में दो बाघिन मृत पायी गयी

**चेन्नई:** तमिलनाडु में शनिवार शाम को कुंधा में नेहरु नगर के एक जलाशय में दो बाघिन मृत पायी गयी हैं। मुदुमलाई टाईगर रिजर्व फील्ड निदेशक के कार्यालय ने आज एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया बाघिनों के शव अवालांची बांध पानी की नहर के पास मिले। जिसमें से एक पानी में, वहीं दूसरी नहर के किनारे मृत पायी गयी। बाघिनों के शवों पर कोई चोट नहीं थे और ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि इनकी मौत दो दिन हुई होगी। सहायक वन संरक्षक (मुख्यालय) देवराज के नेतृत्व में 20 सदस्यीय टीम का गठन किया गया और टीम यह पता लगाने के लिए क्षेत्र का निरीक्षण कर रही थी कि क्या बाघिनों को जहर दिया गया था। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार बाघिनों का पोस्टमार्टम आज किया गया। नमूनों को फोरेंसिक लैब में भेजा जा रहा है जिसके बाद बाघिनों की मौत का सही कारण पता चल पाएगा। जिला वन अधिकारी (नीलगिरी क्षेत्र) एस गौतम ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच की।

## ऋषि सुनक ने अक्षरधाम मंदिर में पूजा अर्चना की

**नयी दिल्ली:** जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच यहां प्रसिद्ध अक्षरधाम मंदिर आकर दर्शन किये। ब्रिटिश प्रधानमंत्री के साथ उनकी पत्नी श्रीमती अक्षता मूर्ति भी साथ आयीं थीं। मंदिर पहुंचने पर वहां के पुजारियों ने उनका स्वागत किया। मंदिर में सुनक दंपति ने भगवान स्वामीनारायण की पूजा भी की। ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के साथ राजघाट गये थे और वहां अहिंसा के सबसे बड़े शांतिदूत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसके बाद श्री सुनक अपनी पत्नी के साथ अक्षरधाम मंदिर पहुंचे। श्री सुनक शुक्रवार दोपहर नयी दिल्ली पहुंचे थे। पहले दिन उन्होंने यहां अपने प्रधानमंत्री निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। उन्होंने शनिवार को यहां भारत मंडपम में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया और वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भी शामिल हुए।

## माकपा ने त्रिपुरा उपचुनाव में धांधली का आरोप लगाया

**अगरतला:** त्रिपुरा में दो विधानसभा सीटों के उपचुनाव में सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भारी मतों के अंतर से जीतने के एक दिन बाद मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पोलित ब्यूरो एवं पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने कहा है कि सिपाहीजला जिले के बॉक्सानगर और धनपुर नतीजों से चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली का संकेत मिले है। माकपा ने कहा कि छह महीने पहले विधानसभा चुनावों में भाजपा बॉक्सानगर सीट पर माकपा उम्मीदवार समसुल हक से करीब पांच हजार मतों के अंतर से हार गई थी। उस समय 89.33 प्रतिशत मतदान हुआ था। उन्होंने कहा कि उप-चुनाव में मतदान प्रतिशत घटकर 89.2 प्रतिशत रहा था, लेकिन भाजपा उम्मीदवार ने 30 हजार से अधिक मतों के अंतर से यह सीट जीती, जो कि अपने आप में बड़े पैमाने पर हुई धांधली की पुष्टि करता है। इसी तरह 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान धनपुर में भाजपा उम्मीदवार प्रतिमा भौमिक ने बहुकोणीय लड़ाई में लगभग 3500 वोटों के अंतर से अपनी जीत दर्ज की थी, लेकिन उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार बिंदू देबनाथ ने 18000 से अधिक वोटों के अंतर से यह सीट जीत ली।

## आदमखोर बाघ ने महिला को मार डाला

**बहराइच:** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में भारतीय सीमा से सटे नेपाल राष्ट्र के बर्दिया जिला अंतर्गत ओराली बाजार के निकट लकड़ी बीन रही एक महिला पर आदमखोर बाघ ने हमला कर दिया। रविवार को महिला के अस्थि पंजर झांसी से बरामद किये गये। इस घटना से लोगों में वन विभाग के प्रति काफी आक्रोश है, उनकी मांग है कि जंगली जानवरों से सुरक्षा के पुख्ता उपाय किए जाएं। भारतीय सीमा में स्थित कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र की सीमा नेपाल से सटी हुई है। उस पार नेपाल के बर्दिया जिले का परिक्षेत्र है। नेपाल के रॉयल बर्दिया नेशनल पार्क की सीमा भारत से सटी हुई है। नेपाल के जिला बर्दिया अंतर्गत नगर पालिका मधुबन वार्ड नम्बर 3 भगरिया की निवासी कालीबंसी मगर (52) घर से लकड़िया बीनने निकली थी।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**सम्मेलन** › जी 20 समूह की अध्यक्षता नरेंद्र मोदी ने ब्राजिल को सौंपी

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार का आह्वान

- ग्लोबल विलेज से वैश्विक परिवार की ओर
- समय के साथ हरेक को बदलना चाहिए
- हर देश की सुरक्षा और विकास जरूरी है

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** विश्व में बहुपक्षवाद को मजबूत करने और संयुक्त राष्ट्र सहित सभी बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार के आह्वान के साथ जी-20 शिखर सम्मेलन आज संपन्न हो गया और भारत ने जी-20 समूह की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 के तीसरे एवं अंतिम सत्र को संबोधित किया और इसके बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला दा सिल्वा को जी-20 की अध्यक्षता क प्रतीक चिह्न बैटन सौंपा और शिखर सम्मेलन के समापन की घोषणा की। उन्होंने नवंबर में जी-20 के नेताओं के एक वर्चुअल शिखर बैठक बुलाने की बात कही और सभी नेताओं से उसमें शिरकत करने की अपील की। इससे पहले अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा, कल हमने एक पृथ्वी और एक परिवार सत्रों में व्यापक चर्चा की। मुझे संतोष है कि आज जी-20, एक पृथ्वी, एक परिवार और एक साझा भविष्य के विजन को लेकर, आशावादी प्रयासों का प्लेटफॉर्म बना है। यहां हम ऐसे भविष्य की बात कर रहे हैं, जिसमें हम ग्लोबल विलेज से आगे बढ़कर वैश्विक परिवार को हकीकत बनता देखें। एक ऐसा भविष्य, जिसमें देशों के केवल हित ही नहीं जुड़े हों, बल्कि हृदय भी जुड़े हों। श्री मोदी ने जब हम हर देश की सुरक्षा, हर देश की संवेदना का ध्यान रखेंगे, तभी एक भविष्य का भाव सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि विश्व को एक बेहतर भविष्य की तरफ ले जाने के लिए ये जरूरी है कि वैश्विक व्यवस्थाएं वर्तमान की वास्तविकताओं के मुताबिक हों। आज संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद भी इसका एक उदाहरण है। जब संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गयी थी, उस समय का विश्व आज से बिलकुल अलग था। उस समय संयुक्त राष्ट्र में 51 संस्थापक सदस्य थे। आज संयुक्त राष्ट्र में शामिल देशों की संख्या करीब 200 हो चुकी है। इसके बावजूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य आज भी उतने ही हैं। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के गठन से आज तक दुनिया हर लिहाज से बहुत बदल चुकी है। परिवहन हो, संचार हो, स्वास्थ्य, शिक्षा, हर क्षेत्र का कायाकल्प हो चुका है। ये नयी वास्तविकताएं हमारे नये वैश्विक ढांचे में प्रतिबिंबित होनी चाहिए। ये प्रकृति का नियम है कि जो व्यक्ति और संस्था समय के साथ स्वयं में बदलाव नहीं लाती है, वो अपनी प्रासंगिकता खो देती है। हर देश की सुरक्षा और समृद्धि के लिए बहुत

» पेज 2 भी देखें

## जी 20 नेताओं ने दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली: जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने आये विश्व नेताओं ने आज राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, चीन के प्रधानमंत्री ली चियांग, इटली की प्रधानमंत्री जिओर्जियो मेलोनी, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव तथा अन्य राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुख राजघाट पहुंचे। राजघाट पहुंचने पर सभी मेहमान नेताओं का अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया गया। सभी नेता एकसाथ बापू की समाधि पर गये और तीन ओर एक साथ दो मिनट का मौन धारण करके खड़े रहे और फिर पुष्पचक्र अर्पित किये। मेहमान नेताओं ने आगंतुक पुस्तिका पर अपने उद्गार भी व्यक्त किये।

चुनाव से पहले विकास कार्यों की ढिंढोरा पीटा जाने का काम जारी

## काल्पनिक लोग सरकार के पक्ष में स्तंभ लिख रहे हैं

**राष्ट्रीय खबर**

**ढाका:** बांग्लादेश सरकार की विभिन्न नीतियों की प्रशंसा करने वाले स्वतंत्र विशेषज्ञों के सैकड़ों लेख हाल ही में घरेलू और विदेशी मीडिया में प्रकाशित हुए हैं। जांच में पाया गया कि इन लेखकों ने गलत पहचान, तस्वीरें और नामों का इस्तेमाल किया। विश्लेषकों का कहना है कि अगले जनवरी में होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले मौजूदा सरकार के पक्ष में अफवाह आधारित अभियान चलाया जा रहा है। ये लेख विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में प्रकाशित हुए हैं। तथाकथित विशेषज्ञों का एक समूह नियमित रूप से ये राय लिखता था। उन्होंने खुद को विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के शोधकताओं के रूप में पेश किया है। उनमें से कुछ ने वास्तविक विश्लेषकों के नाम पर मनगढ़ंत टिप्पणियाँ भी उद्धृत कीं। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय द्वारा नकारात्मक सरकार विरोधी प्रचार पर अंकुश लगाने के लिए अच्छे स्तंभकारों की खोज की घोषणा के बाद पिछले साल सितंबर में ऐसे कई लेख ऑनलाइन प्रकाशित किए गए थे। हालांकि, विदेश एवं सूचना मंत्रालय ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। विदेश मंत्री डॉ एके अब्दुल मोमन ने एएफपी को बताया कि उनके पास इस मामले पर टिप्पणी करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है।

पिछले साल 60 घरेलू और विदेशी मीडिया में 35 लोगों के नाम से 700 लेख प्रकाशित हुए थे। उनके नाम से ऐसा लेख पहले कभी प्रकाशित नहीं हुआ। लेखन ने मौजूदा सरकार को समर्थन दिया है। विशेष रूप से, चीन के लिए मजबूत समर्थन और संयुक्त राज्य अमेरिका की कड़ी आलोचना हुई है। बांग्लादेश में अगला चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने का अमेरिकी दबाव है। हालाँकि, चीन ने मौजूदा सरकार के प्रति मजबूत समर्थन व्यक्त किया है। जिन नामों के तहत ये लेख प्रकाशित हुए हैं, उनके अलावा उनकी कोई ऑनलाइन उपस्थिति नहीं है। वे सोशल मीडिया पर कहीं नहीं पाए जाते हैं और अकादमिक पत्रिकाओं में उनका कोई पेपर प्रकाशित नहीं हुआ है। उल्लिखित नामों में से 17 के प्रमुख पश्चिमी और एशियाई विश्वविद्यालयों से कथित संबंध हैं। उनमें से नौ, जिन्होंने खुद को विश्वविद्यालयों में काम करने वाला बताया, ने पुष्टि की कि उन्होंने उन नामों के बारे में कभी नहीं

» पेज 2 भी देखें

आलोचकों के खिलाफ इस्तेमाल की जा रही तकनीक के मामलों की जांच कर रही है

## पौलेंड सरकार ने पेगासूस का गलत इस्तेमाल किया था

**राष्ट्रीय खबर**

**वारसा:** पौलेंड के सीनेट आयोग ने पोलिश सरकार द्वारा पेगासस स्पाइवेयर के उपयोग को अवैध पाया है। विपक्षी-नियंत्रित सीनेट द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, पोलिश सरकार की इजरायल निर्मित पेगासस स्पाइवेयर की खरीद अवैध थी, जो सत्तारूढ़ पार्टी के आलोचकों के खिलाफ इस्तेमाल की जा रही तकनीक के मामलों की जांच कर रही है। सीनेट आयोग ने 2019 के चुनावों में विपक्षी हस्तियों के खिलाफ स्पाइवेयर के इस्तेमाल को भी अनुचित पाया - जो सत्तारूढ़ दल द्वारा जीते गए थे। इसने घोषणा की है कि यह अभियोजकों को पेगासस के उपयोग के संबंध में अधिकारियों द्वारा किए गए कई संदिग्ध अपराधों के बारे में सूचित करेगा। जवाब में, आंतरिक मंत्री ने आरोपों को खारिज कर दिया है, यह तर्क देते हुए कि निगरानी उपकरण केवल स्थापित कानूनी मानकों के अनुसार उपयोग किए जाते हैं, जिसमें अदालत की सहमति की आवश्यकता भी शामिल है। पेगासस संपूर्ण निगरानी का एक साधन है, जैसा कि आयोग ने पोलिश और विदेशी विशेषज्ञों दोनों को सुनकर पाया, पोलैंड के मुख्य विपक्षी समूह सिविक कोएलिशन (केओ) के सीनेटर, इसके अध्यक्ष मार्सिन बोसाकी ने कहा। विपक्ष के पास 2019 से उच्च सदन सीनेट में बहुमत है, जबकि सत्तारूढ़ कानून और न्याय (पीआईएस) पार्टी के पास

» पेज 2 भी देखें

## अमेरिकी अधिकारी की हिंदी से चकित पत्रकार

**नयी दिल्ली:** जी -20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने आये अमेरिकी दल में शामिल विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड भारतीय मीडिया कर्मियों के साथ सहज रूप से फर्राटेदार हिन्दी में बात करने के लिए खासी चर्चा में रही। सुश्री मैकलियोड ने प्रगति मैदान में जी -20 के लिए बनाये गये मीडिया केंद्र में भारत-अमेरिकी संबंधों तथा वैश्विक मुद्दों पर मीडियाकर्मियों के साथ बातचीत में हिन्दी में सवालों के जवाब दिये। वह बीच-बीच में उर्दू के शब्दों का भी बखूबी इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने कहा, हमारे (अमेरिका और भारत के) नेताओं के आपसी संबंध बहुत मधुर हैं, जो हमारे लोगों के बीच बढते संबंधों का प्रतीक है। भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक दोनों देशों के आपसी रिश्तों को जीवंत बनाये रखने की प्रेरणा शक्ति हैं। दुनिया भर के देशों के बीच परस्पर विश्वास की बढती कमी और जी 20 सम्मेलन में इस पर चिंता व्यक्त किये जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कूटनीति में बातचीत का बहुत महत्व है और विश्वास की इस कमी को पूरा करने के लिए बातचीत और एक दूसरे को समझकर आगे बढना ही सबसे बड़ी जरूरत है। भारत की जी 20 अध्यक्षता के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि भारत आबादी के लिहाज से बड़ा देश है और उभरती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत ने सम्मेलन के एजेन्डे में अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को शामिल किया है। सम्मेलन के दौरान सभी देश एक दूसरे के साथ अपने नजरिये को साझा कर रहे हैं जिसके आधार पर मुद्दों पर सहमति बनती है। उन्होंने कहा कि इसी आधार पर अफ्रीकी संघ को जी 20 में शामिल किया गया है।

तस्करी में अब स्कूली बच्चों के बैग का भी इस्तेमाल

## सीमा के कई इलाकों में ऐसा अपराध जारी

- पिता पुत्र की जोड़ी का पता चला
- नकली नोट और नशा पकड़े गये
- यहां सोने की तस्करी भी हो रही है

**राष्ट्रीय खबर**

**मुर्शिदाबाद:** बांग्लादेश सीमा के करीब तस्करी के नये नये तरीकों का ईजाद हो रहा है। तस्करी की नई तकनीक की वजह से सुरक्षा गार्ड इस बात की कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि पिता स्कूल जाने वाले बेटे के टिफिन बॉक्स में रोटी-सब्जी के साथ नकली पैसों से भर रहा है और एक दिन स्वाद बदलने के लिए हेरोइन दे रहा है। इस तरह सीमा पर तस्करी चल रही है।

बांग्लादेश में ड्रग्स की तस्करी कभी घास की बोरियों की आड़ में, तो कभी साइकिल ट्यूब के नीचे की जाती है। दरअसल, जैसे-जैसे सुरक्षा बढ़ती जा रही है, तस्करी के विभिन्न तरीके बढ़ते जा रहे हैं। तस्करी की उस नई योजना में पिता-पुत्र को जोड़ा जा रहा है। बार-बार तस्करी की यह रणनीति सफल होती है। लेकिन सिलसिलेवार घटनाओं को देखने के बाद बीएसएफ को यकीन है कि अब उनसे नजरें नहीं चुराई जा सकेंगी।

दरअसल, सुरक्षा गार्ड सोच भी नहीं पाए कि पिता स्कूल जाने वाले बेटे के टिफिन बॉक्स में रोटी-सब्जी के साथ नकली पैसों से

» पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › अंग प्रत्यारोपण के लिए उन्हें उगाने की तकनीक पर काम

# सूअर के अंदर मानवभ्रूण के गुर्दे विकसित

- 28 दिनों में विकसित हुए अंग
- भ्रूण के अंदर अलग जगह बनायी
- इंसान की भलाई के लिए प्रयोग जारी

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** शोधकताओं ने 28 दिनों के लिए सूअरों के अंदर भ्रूणीय मानवकृत गुर्दे विकसित किए थे। गुआंगजौ इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिसिन एंड हेल्थ के शोधकताओं ने मानव और सुअर कोशिकाओं के संयोजन से युक्त काइमेरिक भ्रूण सफलतापूर्वक बनाया है। जब सरोगेट सुअर माताओं में स्थानांतरित किया गया, तो 28 दिनों के बाद विकासशील मानवकृत किडनी की संरचना और नलिका का गठन सामान्य हो गया। यह पहली बार है कि वैज्ञानिक किसी अन्य प्रजाति के अंदर एक ठोस मानवीकृत अंग विकसित करने में सक्षम हुए हैं, हालांकि पिछले अध्ययनों में सूअरों में रक्त या कंकाल की मांसपेशी जैसे मानव ऊतकों को उत्पन्न करने के लिए इसी तरह के तरीकों का उपयोग किया गया है। सेल स्टेम सेल पत्रिका

» पेज 2 भी देखें

**प्रारंभिक मानव भ्रूण कोशिकाओं के समान सामान्य कोशिकाओं में बदल दिया**

सबसे पहले, उन्होंने सुअर के भ्रूण के भीतर एक जगह बनाई ताकि मानव कोशिकाओं को सुअर की कोशिकाओं के साथ प्रतिस्पर्धा न करनी पड़े, सीआरआईएसपीआर का उपयोग करके एकल-कोशिका सुअर के भ्रूण को आनुवंशिक रूप से इंजीनियर किया गया ताकि इसमें गुर्दे के विकास के लिए आवश्यक दो जीन गायब हों। दूसरा, शोधकताओं ने मानव प्लुरिपोटेंट स्टेम कोशिकाओं - कोशिकाओं को इंजीनियर किया है जो किसी भी प्रकार की कोशिका में विकसित होने की क्षमता रखते हैं - उन्हें एकीकरण के लिए अधिक उत्तरदायी बनाने और एपोप्टोसिस को अस्थायी रूप से बंद करके आत्म-विनाश की संभावना कम करने के लिए। फिर, उन्होंने इन कोशिकाओं को एक विशेष माध्यम में संवर्धित करके प्रारंभिक मानव भ्रूण कोशिकाओं के समान सामान्य कोशिकाओं में बदल दिया। तीसरा, विकासशील भ्रूणों को सरोगेट सूअरों में प्रत्यारोपित करने से पहले, शोधकताओं ने काइमेरा को ऐसी परिस्थितियों में विकसित किया जो मानव और सुअर दोनों कोशिकाओं को अद्वितीय पोषक तत्व और संकेत प्रदान करने के लिए अनुकूलित थे, क्योंकि इन कोशिकाओं की आम तौर पर अलग-अलग जरूरतें होती हैं। कुल मिलाकर, शोधकताओं ने 13 सरोगेट माताओं को 1,820 भ्रूण हस्तांतरित किए। 25 या 28 दिनों के बाद, उन्होंने गर्भाधान को समाप्त कर दिया और यह आकलन करने के लिए भ्रूणों को निकाला कि क्या काइमेरा ने सफलतापूर्वक मानवकृत गुर्दे का उत्पादन किया है।

सूर्य अभियान पर रवाना भारतीय अंतरिक्ष यान की यात्रा जारी

## तीसरी बार कक्षा बदलने में कामयाब आदित्य एल 1

**राष्ट्रीय खबर**



**बेंगलुरु:** रविवार की सुबह, इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक) के वैज्ञानिकों ने भारत के पहले सौर अंतरिक्ष वेधशाला मिशन, आदित्य-एल 1 के तीसरे पृथ्वी आधारित तीसरी कक्षा को पार कर लिया। इस यान को 2 सितंबर को लॉन्च किया गया था। इस काम के पूरा होने के बाद इसरो ने कहा, मॉरीशस, बेंगलुरु, एसडीएससी-शार (श्रीहरिकोटा) और पोर्ट ब्लेयर के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया। 15 सितंबर के कक्षा परिवर्तन सहित, आदित्य-एल1 में ऐसे दो और मार्ग बदलाव होंगे, जो अंतरिक्ष यान को एल1 तक पहुंचने की अपनी यात्रा के लिए आवश्यक गति हासिल करने के लिए किए जाएंगे। यह बताया गया है कि एक बार जब पृथ्वी-आधारित कक्षा परिवर्तन पूरा हो जाता है तो आदित्य-एल 1 एक ट्रांस-

» पेज 2 भी देखें

## शहर ›› अपडेट

### सीढ़ी गिरने से बाल-बाल बचे लोग

**बोकारो :** शहर के सेक्टर 12 ई लाल चौक के समीप क्वार्टर संख्या 1018 से 1023 में ब्लॉक का पूरा सीढ़ी टंकी सहित गिर गया। जिसमें दो परिवार के 21 लोग फंस गए। घटना की सूचना पर बीएसएल की फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और सभी को रेस्क्यू करके सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### पीसीसी पथ का शिलान्यास

**चांडिल :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर व कुईडीह मे रविवार को जिला अनाबद्ध निधि से स्वीकृत करीब 75 लाख कि लागत से दो पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा टीकर मे बूढ़ी बांध के समीप पांच सौ मीटर पीसीसी सड़क 50 लाख रुपये व कुईडीह मे तीन सौ 50 मीटर पीसीसी सड़क 24 लाख रुपये कि लागत से निर्माण होगा। उन्होंने कहा दोनों पीसीसी सड़क का निर्माण होने से इसका लाभ ग्रामीणों को होगा। इस दौरान विधायक ने सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख गुरुपदो मार्डी, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, गुप्तेश्वर महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, किसुन किस्कु, पंचानन पातर, अधर महतो, नरेन गोप, कन्हाई लाल बेसरा, छुटु घोष, अनिल सिन्हा, फटीक गोराई, मधु गोप, मधु घोष, लालू हाजाम, हराधन घोष समेत काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### अराजपत्रित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने सुकदेव

**दुमका :** झारखण्ड राज्य पशुपालन विभाग अराजपत्रित कर्मचारी संघ का सम्मेलन, रेफरल पशु अस्पताल दुमका में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्राण मोहन मुर्मू एवं उपाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। सम्मेलन का उद्घाटन क्षेत्रीय निदेशक,पशुपालन डॉ विपिन बिहारी महथा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विभाग मे पशुचिकित्सक की नियुक्ति तो लगातार हो ही रही है। लेकिन कर्मियों की नियुक्ति नहीं हो रही है। इसपर ध्यान देने की जरूरत है ।मुख्य अतिथि जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि सरकार दिए दिए गए कर्मचारी को अधिकार को देने का माध्यम पदाधिकारी है। जो उचित मांग होगा उसे हर हाल में पूरा किया जायेगा ।प्रभारी रेफरल, पशु अस्पताल डॉ रमण कुमार ठाकुर ने सम्मेलन की सफलता का शुभकामनाए दिया ।कार्यक्रम में राज्य महासंघ, रांची,सरंक्षक तारनी प्रसाद कामत, शशि शेखर अम्बष्ट, श्यामा देवी ने विचारों को रखा। कर्मियों को सरकार द्वारा जो उनके अधिकारों को रौंदा जाता है, उसके प्रति सचेत रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन मे जो चयनित पदाधिकारी में अध्यक्ष सुकदेव सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, जिला सचिव नीरज कुमार घोष, कार्यकारी जिला सचिव मो सेराजुल हसन, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा हुए। इस अवसर पर मो अनुल, जयप्रकाश झा, बिनोद दास, असीम कुमार, रोहित कुमार, गोपाल शंकर सिंह, बब्लू राय, राजकुमार गुप्ता, दिनेश पाण्डेय, ओम प्रकाश चौवे, पवन कुमार यादव, रामपत रविदास, नागेश्वर महतो, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

**बैठक**

## 29 सितंबर को कार्यक्रम के तहत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

# संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा ने की बैठक

- कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया
- कार्यकताओं को मेरी माटी मेरा देश के निमित्त हर गांव से मिट्टी संग्रह करने

राष्ट्रीय खबर

**चास:** बोकारो जिला 28 से 29 सितंबर को आयोजित संकल्प यात्रा सभा की सफलता को लेकर रविवार को चास नगर उत्तरी बोकारो विधानसभा भाजपा की बैठक चास स्थित वीणा रिजेंसी में हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पन्नालाल कादु व संचालन महामंत्री प्रकाश प्रामाणिक ने किया। बैठक में नगर प्रभारी सह जिला महामंत्री संजय त्यागी, आरती राणा, महेंद्र राय, अर्चना सिंह, मुकेश राय, उदय चंद्र प्रसाद, गणेश राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्ष व कार्यकताओं द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रभारी संजय त्यागी ने कहा कि आगामी 29 सितंबर को बोकारो विधानसभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होनी है। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की सभा में भाग को सभी नो मंडलों कार्यकताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। अध्यक्ष पन्नालाल कांदू ने कार्यकताओं को मेरी माटी मेरा देश के निमित्त हर गांव से मिट्टी संग्रह करने एवं बूथ स्तर पर विद्यालय व मंदिरों में पौधरोपण का निर्देश दिया। मौके पर राजेश वर्णवाल, तारा शाह, बुथेश्वर घोषाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष झंटु डे, अरविंद राय, बबिता देवी, श्यामलाल बाउरी, सल्लू अंसारी, प्रकाश प्रमाणिक, रंजीत वर्णवाल, हरे कृष्णा, पप्पू चौरसिया, विनय मिश्रा, अमर चौरसिया, गुलाब महतो, राहुल रंजन, अजित बाउरी, बाल्मीकि दुबे, रमेश कुमार, रुपेश प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

### भाजपा ने मिट्टी संग्रह अभियान का किया शुभारंभ

**बोकारो:** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के आहवान पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त माराफारी मंडल भाजपा के तत्वावधान में रविवार को रितुडीह दुर्गा मंदिर परिसर में तुलसी माटी एवं झोपड़ी कॉलोनी के वीर सपूतों के परिवारों के घरों की मिट्टी संग्रह अभियान का शुभारंभ भाजपा कार्यकताओं द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह ने कहा कि माराफारी मंडल क्षेत्र की पवित्र मिट्टी को दिल्ली में एक विशाल वाटिका बनाकर देश के वीर सपूतों, शहीदों एवं पवित्र स्थलों को सम्मान देने का काम किया जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद लालू ने कहा कि आगामी 28 एवं 29 सितंबर को राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा के माध्यम से बोकारो मे आगमन हो रहा है। संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए माराफारी मंडल से 1000 एक हजार कार्यकर्ता आगामी 29 सितंबर को सेक्टर 12 मैदान जायेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से जलेश्वर साह, इंद्र कुमार झा, डॉ. अशोक कुमार, द्वारिका नाथ सिंह, कामेश्वर सिंह, रामाधार यादव, संजू देवी, बबीता कुमारी, सोनिया हेंब्रम, अनिल गोराई, बैजयंती देवी, रामबिलास सिंह, धनंजय चौबे, जग्गू साह, अरुण कुमार, लालमोहन पांडेय, पिंटू सिंह, संतोष साह, गोलू कुमार, प्रमोद सिंह, राजू मंडल, राकेश कुमार, हरिनारायण सिंह, बिपिन कुमार, पप्पू सिंह, मोनू कुमार, श्याम जी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज फटाफट

### शिक्षक-शिक्षिकाओ प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**बोकारो :** बोकारो ओल्ड जेवेरियंस एसोसिएशन बॉक्सा ने संत जेवियर्स स्कूल बोकारो में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में संत जेवियर्स स्कूल के पूर्व छात्रों के संगठन द्वारा चार शिक्षक-शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य और छात्र-छात्राओं की पढाई लिखाई और सही मार्गदर्शन करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्राचार्य फादर अरून मिंज और बॉक्सा की अध्यक्ष मधुलिका कोवले ने लीओ कंडुलना, रीता सिंह, नौरीन तबोड़ा और सीमा झा को सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की मौजूदगी में सम्मानित किया। बॉक्सा की अध्यक्ष मधुलिका कोवले ने शिक्षकों को धन्यवाद दिया और बच्चों की मजबूत नींव रखने और उन्हें सही संस्कार और मार्गदर्शन देने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में बॉक्सा के सचिव साजन कपूर, उपाध्यक्ष चंद्रमा रे, कमेटी मेंबर प्रवीण दास ने भाग लिया।

### जरूरतमंद बच्चों को कराया निःशुल्क भोजन

**चास :** रविवार को सोलागिडीह नंदुआथान में द नेशनल सोशल डेवलपमेंट चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में करीब 200 जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क भोजन कराया गया। इसके अलावा ट्रस्ट की ओर से कक्षा- 1 से 8 तक निशुल्क ऑनलाइन अनुभवी शिक्षकों की ओर से कोचिंग क्लास कराई गई। इस मौके पर भाजपा नेता सह बोकारो जिला वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सुधीर जायसवाल ने कहा कि यह कार्यक्रम निरंतर जारी है। करीब एक महीना से हम लोग बच्चों को निशुल्क भोजन करा रहे हैं। साथ ही ऑनलाइन क्लास भी करवा रहे हैं। मौके पर ट्रस्ट के अमिन महतो ने कहा कि नंदुआस्थान, सोलागिडीह सहित सटे क्षेत्र में मजदूर वर्ग के लोग निवास करते है। इसमें महिलाएं भी छोटे-छोटे बच्चों को घरों पर छोड़कर कामकाज को चली जाती है। जिसको लेकर घरों पर पड़ा बच्चा भूखे रहता है। सर्वे के तहत ऐसे बच्चों को ट्रस्ट की ओर से चिन्हित करते हुए उन्हें निशुल्क भोजन सेंटर से भोजन सहित शिक्षा दिला रहे हैं। समाज सेवा करना ही हम लोगों का पहली प्राथमिकता है। आगे का कार्यक्रम और भी वृहद रूप से होगा। इस मौके पर ट्रस्ट के लोग उपस्थित थे।

### केएम मेमोरियल अस्पताल में सुसाइड प्रिवेंशन डे मना

**चास :** केएम मेमोरियल अस्पताल चास में रविवार को सुसाइड प्रिवेंशन डे मनाया गया। प्रबंध निदेशक डॉ विकास कुमार, मनोचिकित्सक डॉ शशि रंजन, डॉ एचके सिंह ने संयुक्त रूप से किया। डॉ कुमार ने कहा कि आपका जीवन अनमोल है, जीवन की सार्थकता को समझें। जीवन ईश्वर का देन है, इसे नष्ट करने का अधिकार आपके पास नहीं है। जीवन में हर समस्या का समाधान है। इस बात को गांठ बांध लें। जीवन का अंत परिवार को दुख के सागर में ले जाता है। जब भी मन में आत्महत्या जैसे विचार आए। मित्र दोस्त या सगे संबंधी से अपनी परेशानी को साझा करें। डॉ रंजन ने कहा कि तनाव के कारण को जानने का प्रयास करें। तनाव को साझा करें। खुशहाल जीवन निश्चित रूप से प्राप्त होगा। मौके पर डॉ वैभव कुमार, डॉ सुजीत सिंह, डॉ संजय सिंह, डॉ प्रदीप कुमार, जीएम बीएन बनर्जी, महेश सिन्हा, मौमिता सरकार, तापस सरकार, इंद्रजीत, पूजा सिंह, दीपक पांडे, रूपा कुमारी, स्वीटी, सरजू, प्रीति, मित्तल घोषाल आदि लोग मौजूद थे।

### कोयला लदा दो ट्रक जब्त चालक गिरफ्तार

**चांडिल :** गुप्त सूचना के आधार पर नीमडीह पुलिस ने अवैध कोयला लदा दो ट्रक को जब्त कर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले का जानकारी देते हुए डीएसपी संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो ट्रक अवैध रूप से कोयला लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया इस दौरान अवैध कोयला लदे दो ट्रैक को थाना लाया गया। दोनों ट्रकों के चालक शाहिद अंसारी और अनुज यादव से ट्रको में लदे कोयला से संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई। जिसपर उनके द्वारा कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया गया और न ही कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। उन्होंने बताया इस संबंध में नीमडीह थाना में मामला दर्ज कर दोनों चालको को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया छापामारी दल में नीमडीह थाना प्रभारी तंजील खान, पुअनि अजीत कुमार, हवलदार पौलुस एक्का, आरक्षी मुकलेसुर रहमान व नीमडीह थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### पंचायत स्तरीय बैठक लिया कई निर्णय

**चांडिल :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नागासेरेंग हाटतोला प्रांगण एवं चिपड़ी आंगनबाडी प्रांगण में रविवार को आजसू पार्टी के ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो की अध्यक्षता में नदिसाई एवं चिपड़ी (तिरूलडीह)पंचायतों में पंचायत स्तरीय बैठक हुई। बैठक में संगठन से संबंधित कई निर्णय लिए गए। साथ ही आजसू पार्टी के संगठन को मजबूती के लिए विचार विमर्श भी किया गया। प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगातार आजसू पार्टी के प्रति लोगों का रुझान बढ़ा है। संगठन के सभी साथी ओर बेहतर करने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। वहीं आगामी कार्यक्रम की सफलता को लेकर रणनीति तैयार किया गया। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुरूपद सोरेन, जिला उपाध्यक्ष जितुराम महतो, प्रखंड सचिव तुलसी महतो, लक्ष्मीकांत कुम्भकार, जामीन महतो, अक्षय महतो, माखन महतो, अरूण दास, सुदन सिंह मुण्डा, महेन्द्र महतो, हरिपद लोहरा, बुधराम नापित आदि उपस्थित थे ।

## भाजपा कार्यसमिति की बैठक, संकल्प सभा की तैयारी पर चर्चा

राष्ट्रीय खबर

**तालगड़िया:** चास प्रखंड के बिजुलिया स्थित अमर शक्ति मेमोरियल स्कूल में भाजपा बिजुलिया मंडल की कार्यसमिति की बैठक हुई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजीव चौबे ने किया। बैठक में 28 सितंबर को आयोजित होने वाली संकल्प सभा की तैयारी पर चर्चा की गई। इसके अलावा पार्टी का प्रमुख कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि 28 सितंबर को चंदनकियारी में विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा का आयोजन होना है, जिसमें प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शिरकत करेंगे। इसे ऐतिहासिक रूप से भव्य तैयारी की जा रही है। इसकी प्रारूप तैयार किया गया। कहा कि इसे सफल करने के लिए बूथ स्तरीय कार्यकताओं को जागरूक करना होगा। साथ ही शक्ति केंद्र पर कार्यकताओं को सक्रिय करना होगा। विभिन्न क्रियाकलापों के द्वारा लोगों को पार्टी से जोड़ने की जरूरत है। कहा कि मेरी माटी मेरा देश के तहत हर गांव से मिट्टी संग्रह करने की अपील किया। इसके लिए सभी कार्यकताओं को जोरदार ढंग से लगना होगा। मौके पर विक्की तिवारी को युवा मोर्चा का अध्यक्ष तथा बबलू चौबे को प्रभारी मनोनीत किया गया।

## बीएसएल मजदूर को 81 तथा ठेका मजदूर को मिले 31 हजार बोनस : साधु शरण

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** जनता मजदूर सभा यूनियन की बैठक सेक्टर 12 यूनियन ऑफिस में रविवार को हुई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष सह कांग्रेस के प्रदेश सचिव साधु शरण गोप ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ती मंहगाई दर और घटती कर्मचारियों बल में अधिक उत्पादन करने के आलोक में बीएसएल कर्मचारियों को 81 हजार रुपया बोनस और ठेकामजदूरो को 31 हजार बोनस का भुगतान दुर्गा पूजा के पूर्व में भुगतान करना प्रबंधन सुनिश्चित करे। नहीं तो 16 अक्टूबर से लगातार यूनियन विरोध कार्यक्रम करने के लिए मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि मजदूर संगठन कार्यरत मजदूरों को नेतृत्व में आगे लायेंगे तो प्रबधन को मजदूरों के सामने नतमस्तक होना पड़ेगा। इसीलिए जनता मजदूर सभा ने कार्यरत मजदूर संदीप आश को महासचिव नियुक्त किया है। महासचिव संदीप कुमार आश ने कहा कि मजदूरों का शोषण चरमसीमा पर है। सभी लेबर लॉज बीएसएल में निष्प्रभावी है। इसके खिलाफ यूनियन मजदूर जागरण कार्यक्रम चलाएगी। मौके पर शिव शंकर लाल गुप्ता, एके विश्वास, लक्षण महतो, गंगाधर गोप, जेठू राम गोप, शंकर माहथा, भानु गोप, सुमन आश, अमित कुमार सिंह, केसी मांझी, एनके साव, गुलाम रसूल, गोविंद साव, प्रदीप सिंह, उमाशंकर गोप, मंगल हेंब्रम, भोला गोप, एसके यादव, आलम अंसारी, मृत्युंजय तिवारी, सत्येंद्र कुमार, राज कुमार सिंह, अमर नाथ साव के अन्य मजदूर उपस्थित थे।

## निजी स्तर पर नाली सफाई का शुभारंभ

- मंदिर जाने वाली महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** चांडिल बाजार व डैम रोड में बजबजा रहे गंदा नाली सफाई कार्य का जेसीबी लगाकर शुभारंभ विधायक सविता महतो ने रविवार को किया। इस दौरान विधायक ने कहा अपने निजी स्तर से जेसीबी व ट्रेक्टर लगाकर चांडिल बाजार व डैम रोड में बजबजा रहे गंदा नाली सफाई कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा स्थानीय दुकानदार एवं सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए नाली का सफाई कराया जा रहा है। विधायक ने कहा चांडिल बस स्टैंड से लेकर तांती बांध तक एवं चांडिल चौक बाजार से सनसिटी तक नाली का सफाई कराया जाएगा।

उन्होंने कहा नाली का गंदा पानी सड़क पर बहाने से मंदिर जाने वाली महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जिसे देखते हुए सफाई कार्य का चांडिल डैम रोड रानी सती मंदिर के पास से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत लोहरा, चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, डॉ एचएस शेखर, झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, पप्पू वर्मा, काबलु महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण किशोर महतो, संजय चौधरी, बोनू सिंह सरदार, विश्वनाथ गोप, मनोहर सिंह सरदार, राहुल वर्मा आदि उपस्थित थे।

## खतियान संघर्ष समिति की पंचायत कमेटी गठित

राष्ट्रीय खबर

**तालगड़िया:** चंदनकियारी प्रखंड के नयावन पंचायत अंतर्गत कुलटांड स्थित शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक विद्यालय में झारखंडी खतियान संघर्ष समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता राधिका देवी व संचालन सीता देवी ने किया। बैठक में नयावन पंचायत कमिटी का गठन किया गया। संयोजक जगन्नाथ रजवार ने कहा कि राज्य गठन के सभी राजनीतिक दलों ने बारी-बारी से झारखंडियों को ठगने का काम किया है। राज्य सरकार द्वारा पारित राज्य में सभी सरकारी गैर सरकारी प्रतिष्ठानों में 75 फीसदी स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने संबंधी कानून का पालन नहीं हो रहा है। प्रबंधक व स्थानीय जनप्रतिनीधि के गठजोड़ से स्थानीय युवाओं का छिनी जा रही है। बैठक में रामजीत कुमार महतो, मिथलेश कुमार महतो, सपन महतो, राकेश महतो, हरिलाल महतो, तुलसी राम महतो, राधिका देवी, अंजली देवी, सीमा देवी, गंगा देवी, मेनका देवी, अनिता देवी, ललिता देवी, चंपा देवी, सुनिता देवी, महादेव महतो, ममता देवी, छलनी देवी, शिवानी देवी, निराशी देवी, लुखिया देवी, सुमन देवी, आकाश कुमार महतो, साधु चरण महतो सहित 26 सदस्यीय पंचायत संयोजक कमेटी का गठन किया गया।

**जनसभा**

## जनता मजदूर संघ ने बेरोजगारी को लेकर की जनसभा

# बंद खदानों को खुलवाने होगा कार्य: नितेश

- ग्रामीण व बेरोजगारों ने अपने-अपने क्षेत्र की तमाम बंद पड़ी खदानों को खुलवाने से पूर्व लोक सुनवाई
- खदान प्रबंधन दूसरे राज्यों से बुलाकर बाहरी मजदूरों को काम दे रही है

राष्ट्रीय खबर

**गुवा :** क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या को लेकर जनता मजदूर संघ ने रविवार को नोवामुंडी के पदा पहाड़ के पूर्ति साई गांव में एक जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत 18 पंचायत के भिन्न-भिन्न गांव से सैकड़ो लोग शामिल हुए। जिला पश्चिमी सिंहभूम जनता मजदूर संघ के जिला सचिव कामरेड नितेश करुवा ने कहा कि क्षेत्र में बेरोजगारी की काफी समस्या बढ़ गई है। यहां के प्रभावित गांवों के ग्रामीण व बेरोजगारों ने अपने-अपने क्षेत्र की तमाम बंद पड़ी खदानों को खुलवाने से पूर्व लोक सुनवाई, ग्राम सभा, प्रदूषण नियंत्रण, पार्षद से संबंधित ग्राम सभा आदि तमाम जटिल कार्रवाई में अपना पूरा समर्थन देकर खदान खुलवाने का कार्य इस उद्देश्य से साथ करना है कि इसके खुलने से यहां के लोगों को नौकरी व रोजगार मिलेगा।

लेकिन नौकरी देने की बात होती है तो खदान प्रबंधन दूसरे राज्यों से बुलाकर बाहरी मजदूरों को काम दे रही है। खदान प्रबंधन द्वारा यहां के भोले भाले गांव के ग्रामीणों के साथ भारी विश्वास घात कर रही है। जनता मजदूर संघ जिला सहसचिव मनीष करुवा द्वारा भिन्न-भिन्न गांव से जनसंपर्क कर जन समस्या से अवगत होकर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

ताकि हम अपना हक अधिकार के लिए अपनी आवाज बुलंद कर सके और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान के दायरे में हम अपनी पहचान ,अधिकार,स्थानीय प्राथमिकता, रोजगार, अच्छी चिकित्सा, शुद्ध जल, मूलभूत सुविधाएं पा सके। यह संघर्ष यह लड़ाई तब तक जारी रहेगा जब तक यहां के स्थानीय बेरोजगार ग्रामीणों के साथ न्याय नहीं मिलता है। मौके पर दिलीप बोबोंगा,चंद्रमोहन केराई,जुरीया बोबोंगा, विपिन तिरिया, सनातन मुंडेया, संतोष लागुरी, कृष्णा बोबोंगा,सुंदर बोबोंगा, दिलीप अंगारिया सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

## शहर ›› अपडेट

**विस्थापितों के साथ अन्याय नहीं होगा: जीएम**

**बेरमो :** सीसीएल बीएडके प्रक्षेत्र की कारो परियोजना का कोयला खदान के विस्तार के लिए कारो बस्ती की शिफ्टिंग को लेकर रविवार को ऑफिसर्स क्लब कारगली में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, एसडीएम शैलेश कुमार और कारो बस्ती और प्रबंधन की उपस्थिति मे मंदिर शिफ्टिंग को लेकर ग्राम सभा मे सहमति बनी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### संग्रामपुर में हुआ फ्री डेंटल कैंप का आयोजन

**पाकुड़ :** पाकुड़ प्रखंड के संग्रामपुर पंचायत भवन में मां पार्वती डेंटल क्लिनिक डॉ. विकाश कुमार के सौजन्य से एक फ्री डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे संग्रामपुर पंचायत के ग्रामीण महिला पुरुष एवं बच्चे के प्राइमरी सेक्शन के करीब सैकड़ो महिला, पुरूष एवं बच्चों का दांत का चेकअप डॉ. विकास कुमार के द्वारा किया गया। इस कैंप में दांत से संबंधित सुरक्षा एवं सावधानी पर प्रकाश डाला गया। जांच टीम के सदस्यों ने स्वस्थ, साफ एवं मजबूत दांत हेतु बच्चों को आवश्यक सुरक्षा प्रणाली की जानकारी दी गई। भविष्य में दुबारा एक फ्री डेंटल कैंप का आयोजन इस पंचायत भवन में किया जाएगा। लाइफलाइन पॉली क्लिनिक के संचालक जावेद नदीम ने अपनी उपस्थिति में कैंप लगवाया इस बात की जानकारी डॉ विकास कुमार ने दी। मौके पर संग्रामपुर के मुखिया मुकेश माल पहाड़िया, उप मुखिया जलालुद्दीन एवं अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### ट्रेलर डंपर के टक्कर में घंटों आवागमन बाधित यात्री हुए परेशान

**पाकुड़ :** दुमका आमरापाड़ा के बीच गोपीकांद्र के बीच गाड़िया पानी के पास टेलर डंपर में हुई जोरदार टक्कर से आवागमन बाधित हो गया है। सुबह 4:00 अभी दुर्घटना के बाद दुमका आमरापाड़ा मार्ग पर गढ़िया पानी के पास वाहनों की लंबी कतार लग गई है। रांची की ओर से आने वाली यात्री बस जाम में फस गई है। हालांकि अभी गोपी कंदर पुलिस टेलर मंगा कर रोड क्लियर करने का काम कर रही है।

खेल को हार जीत नही बल्कि खेल की भावना से खेले : मनोज यादव

### झापा में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**चौपारण :** चौपारण अंबडेकर क्लब झापा व बेन्दुवारा द्वारा बेलाटांड़ खेल मैदान में आयोजित 10 दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुवा। बतौर मुख्यातिथि के बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में जीप सदस्य राकेश रंजन आदि उपस्थित रहे। खिलाड़ियो को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने विजेता टीम को बधाई व उपविजेता टीम को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल में हार जीत एक सिक्के के दो पहलू है। खेल को हार जीत नही बल्कि खेल की भावना से खेलना चाहिए। इधर पहला सेमीफाइनल मुकाबला चैयकलां और मलकपुर व दूसरी मुकाबला इंगुनिया बनाम मेजबान बेन्दुवारा के बीच खेला गया जिसमे चैयकलां और इगुनिया फाइनल में अपना स्थान बनाया।

**घटना**

### जैनामोड़ के खांजो नदी में हुआ हादसा, घर में पसरा मातम

# नदी में डूबे तीनों युवकों का मिला शव, रिश्ते में थे मामा-भांजा

▶▶तीनों शव घटनास्थल के आस-पास ही गहरे पानी में फंसे हुए मिले

▶▶शव देखते ही मां शिल्पी देवी बेहोश हो गई

**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** जिला के जैनामोड़ में जैना बस्ती के पास 9 सितंबर की शाम को खांजो नदी में नहाने गए मामा के साथ उसके दो भांजा की डूबकर मौत हो गई थी। रविवार की सुबह जरीडीह और पेटरवार पुलिस ने खेतको गांव के गोताखोरों की मदद से एक-एक कर तीनों शवों को नदी से निकाला। ये तीनों शव घटनास्थल के आस-पास ही गहरे पानी में फंसे हुए मिले। मालूम हो कि धनबाद भूली निवासी निलेश राय (30) के साथ उनसे जैनामोड़ टीचर कॉलोनी निवासी दो भांजा आकाश राय (26) और मनीष राय (23) का शव पुलिस ने नदी से बरामद कर लिया है।

**धनबाद निवासी मामा दोनों भांजा को लेकर निकला था घूमने-**

परिजनों ने बताया कि शनिवार की दोपहर में धनबाद के भूली से आए मामा निलेश के साथ मनीष और आकाश बोलेने कार लेकर घूमने निकले थे। जब शाम तक घर नहीं लौटे, तब उनकी चिंता बढ़ गई। इस बीच खबर मिली कि नदी के किनारे उनकी कार खड़ी है, जिसमें तीनों के कपड़े व मोबाइल रखे हैं लेकिन वे तीनों गायब है।

इससे लोगों को खतरे का अंदेशा हो गया और नदी में तीनों की तलाश शुरू की गई। रात में लोग कुछ विशेष नहीं कर पाए और सुबह में नदी से तीनों के शव निकाले गए। जरीडीह पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चास अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। घटना स्थल पर जरीडीह सीओ धनेश रजक, जरीडीह थाना प्रभारी ललन रविदास, पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार, जैनामोड़ चैम्बर के अध्यक्ष संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**मां शिल्पी देवी ने दोनों बेटों के साथ भाई को भी खो दिया-**

सुबह से ही मृतकों के परिजन खांजो नदी के किनारे बैठे हुए थे। सबसे पहले नीलेश राय का शव निकला। उसके बाद टीचर कॉलोनी निवासी मनोज राय के पुत्र मनीष राय का शव निकला। शव देखते ही उसकी मां शिल्पी देवी बेहोश हो गई। वह रात से ही घर में बार-बार बेहोश हो रही थी। इस हादसे में उनके दोनों पुत्रों मनीष और आकाश की मौत हो गई है। उसका संसार ही उजड़ गया है। करीब एक घंटे के बाद आकाश का भी शव गोताखोरों ने निकाला।

### केदला में जदयू चला गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** राज्यसभा सांसद खीरू महतो के केदला बस्ती स्थित आवासीय कार्यालय में रविवार को जदयू चला गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव राजू महतो शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता केदला मध्य पंचायत के अध्यक्ष भूदेव महतो ने किया। कार्यक्रम के तहत वार्ड संख्या चार, पांच एवं छह का नव कमिटी का गठन किया गया। जिसमें वार्ड संख्या चार के अध्यक्ष विजय महतो, वार्ड संख्या पांच के अध्यक्ष किसुन महतो, सचिव महेन्द्र महतो, वार्ड संख्या छह के अध्यक्ष सुरेश तुरी, सचिव मुकुंदजय तुरी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। मौके पर माण्डू प्रखण्ड सचिव बालेश्वर तुरी, समाजसेवी भानू प्रताप पटेल, पूर्व मुखिया पंकज कुमार महतो, सुरेश महतो, राजू तुरी, सुखारी महतो, अर्जून महतो, विजय महतो, कारो तुरी, राजेश महतो, संजय महतो, लोकनाथ महतो,प्रमोद करमाली, गुरुदयाल महतो उपस्थित थे।

### पैराडाइस रिसोर्ट में भव्य तरीके से कृष्ण जन्माष्टमी का हुआ भव्य कार्यक्रम

**हजारीबाग :** हजारीबाग गौरांग सेवा संस्थान इस्कॉन संस्था से जुड़ने के बाद जिले भर से एवं प्रदेश एवं अन्य राज्यों से आए कृष्ण भक्त कृष्ण की भक्ति में पूरी तरह से स्थानीय पैराडाइस रिसोर्ट में विलीन हो चुके थे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी व्रत यहां बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। रविवार को देर शाम विशाल भंडारे के साथ व्रत का समापन हुआ।वही कार्मल चौक स्थित पैराडाइस रिसोर्ट में दोपहर 12 बजे से भव्य नगर सकीर्तन विवेकानंद स्कूल से पद यात्रा करते हुए हजारो की संख्या में महिलाएं,बच्चे, बड़े,बुजुर्ग श्रद्धालुओं ने होटल पैराडाइस रिसोर्ट पहुँचे।राधा कृष्ण का महाभिषेक श्रद्धालुओं ने किया।

# जनकल्याणकारी कार्यों को जनता तक पहुंचाएं: तनवीर आलम

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** झारखंड प्रदेश कमेटी के पार्टी महासचिव तनवीर आलम पाकुड़ कांग्रेस भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में मौजूद सैकड़ो कार्यकर्ताओं से पार्टी महासचिव मुखातिब होकर उनकी समस्याओं को जाना। कार्यकर्ताओं की बात तो सुनकर पार्टी महासचिव ने उन्हें आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं का हर हाल में निराकरण किया जाएगा। पार्टी महासचिव ने कार्यकर्ताओं के साथ घंटा देर तक चली बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की और कहा कि आप सब गांव-गांव जाकर राज्य सरकार के कार्यों और उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव गांव जाकर वैसे जरूरतमंद और आशा है लोगों को जो अब तक राज सरकार की जनकल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित है उनकी पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं के लाभ से उन्हें जोड़ने का काम करें।

# थानेदार ने रक्तदान कर बचायी गर्भवती महिला की जान

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** मालपहाड़ी ओ पी के थाना प्रभारी ने अपनी रक्तदान कर एक महिला की जान बचाने के समाचार हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार साहेबगंज जिले के कन्हयडांगा जामपुर की रहने वाली 20 वर्षीय सवेरा खातून (गर्भवती महिला) की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने पाकुड़ स्थित राहत नर्सिंग होम में भर्ती कराया।चिकित्सक डॉक्टर एस रहमान ने ब्लड का इंतजाम करने की बात कही तो परिवार के लोग ब्लड की व्यवस्था नहीं कर सके। ठीक एन मौके मालपहाड़ी ओपी के थाना प्रभारी आशीष कुमार फरिश्ता बनकर आए और जानकारी होते ही उन्होंने पुराना सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिाकोष में जाकर ओ पॉजिटिव रक्तदान कर गर्भवती महिला की जान बचाई और मानवता की मिसाल पेश की। थाना प्रभारी की इस रूप को देखकर सभी ने उनकी बहबाही और गुणगान की।उनकी दरियादिली को अब हर कोई सलाम कर रहा है । वहीं महिला के परिजन इससे काफी खुश है और उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं। दरअसल चिकित्सकों ने महिला को रक्त की इंतजाम करने के लिए कहा था। परिजन ने काफी कोशिश की पर रक्त का इंतजाम ना हो सकता है। बाद में महिला के परिजनों ने इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष बानीज शेख से मिलकर उन्हें अपनी पीड़ा बताई।बानीज ने इसकी जानकारी थाना प्रभारी आशीष कुमार को दी।ड्यूटी में तैनात अपने सारे काम को छोड़ मानवता को प्राथमिकता देते हुए थाना प्रभारी सहर्ष तैयार हो गये और ब्लड बैंक पहुंच कर रक्तदान कर उस महिला की जान बचायी।

# बेरमो प्रखंड कार्यालय में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो /फुसरो:** बेरमो प्रखंड कार्यालय के सभा कक्ष में शनिवार को बीडीओ मधू कुमारी की अध्यक्षता में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से वीएलभी कहकलता सिन्हा उपस्थित थी। बैठक के दौरान बीडीओ ने कहा कि महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ सहित न्यायालय से संबंधित छोटे छोटे मामलों में सहायता दिलाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि किसी भी महिला के साथ हो रहे घरेलू हिंसा या प्रताड़ना के खिलाफ विधिक सहायता दिया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से लाभुक को सहायता उपलब्ध कराया जाएगा। कहा कि उन्हें सरकारी वकील उपलब्ध कराकर मदद की जाएगी। इसके लिए प्रखंड कार्यालय में ही एक कमरा पीएलबी को आवंटित किया गया है। जहां प्रत्येक शुक्रवार को डीएलबी बैठकर लोगों की समस्याओं का निदान करेंगे। उन्होंने उपस्थित सेविका को प्रखंड कार्यालय से मिलने वाली लाभ की जानकारी दी। कहा है कि पारिवारिक लाभ जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन आदि का लाभ दिया जाएगा एवं छूटे हुए ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।पीएलभी कहकलता सिन्हा ने कहा कि छोटे-छोटे मामले घरेलू हिंसा झगड़ा को कोर्ट तक न जाने दें।इससे आपका पैसा और समय बर्बाद होता है। इसे विधिक सहायता के मदद से समाधान किया जाएगा।

प्रखंड के किसी भी पंचायत में किसी प्रकार की सहायता चाहिए हमसे संपर्क करें। आपके सिर्फ एक आवेदन में काम किया जाता है। बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराई गई। इसमें बैदकारो पूर्वी पंचायत के तीन लाभूक कुंती देवी, मोहनी देवी एवं बद्रीनारायण गुरूंग को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का लाभ दिया गया। वहीं दो लाभुक शांति देवी व बिमला देवी को बाबा साहेब भीम राव अम्बेड़कर आवास योजना, जेएसएलपीएस के द्वारा तीन स्वयं सहायता समुह की महिलाओं के बीच 15 लाख का चेक वितरण किया गया। वहीं कन्यादान योजना के तहत दो लाभुकों को लाभ दिया गया। इसके अन्य योजनाओं का भी लाभूकों को दिया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रबंधक अंजना सिंह, प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी धीरेंद्र रजक, बीएलडब्लू मनपुरन यादव,स्वास्थ्य विभाग के अवधेश प्रसाद,सहित 19 पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका, प्रखंड कर्मी, बाल विकास विभाग, जेएसएलपीएस आदि विभाग से संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

# मेरी माटी मेरे देश कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रारंभ

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज कुमार शाह के नेतृत्व में एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीरा प्रवीण सिंह नगर परिषद अध्यक्ष सपा शाह, किसान मोर्चा नेत्री सबरी पाल,जिला मंत्री पार्वती पासवान के उपस्थिति में बल्लभपुर शक्ति केंद्र बूथ क्रमांक 433 ,434 पर स्थानीय ग्राम रक्षा कली मंदिर के प्रांगण से पवित्र मिट्टी का उठाव कर विधिवत दूसरे चरण का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं बल्लभपुर के सभी घरों से थोड़ा-थोड़ा पवित्र माटी पवित्र कलश पर लेने का काम किया गया ।वही शक्ति केंद्र राजापारा बूथ क्रमांक 407,408 पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पाकुड़ नगर के प्रसिद्ध कालीबाड़ी मंदिर के प्रांगण से एवं भाजपा नेत्री मीरा प्रवीण सिंह जी के आवास के पवित्र माटी को पवित्र कलश में समर्पित कर शुभारंभ करते हुए कई घरों पर जाकर घर के बुजुर्गों से अपने आंगन के पवित्र माटी को पवित्र कलश में लेने का काम किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रेणुका मुर्मू ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम से हमें देश की आजादी के लिए किए गए बलिदानों का एहसास होगा इसके लिए हर देशवासी को इस अभियान में शामिल होना चाहिए ।पूरे देश भर में अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत 19 शक्ति केंद्रों से प्रभारी नियुक्त किया गया, जिसमें हर घर से 2 चुटकी मिट्टी अमृत कलश में संग्रह किया जाएगा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के नगर मंत्री शक्ति केंद्र के अध्यक्ष मोहन सरकार ,एससी मोर्चा के नगर अध्यक्ष गणेश रजक ,बूथ अध्यक्ष कृष्णा सरकार ,अरुण सरकार, मधु सरकार ,समर सरकार आलोक देवी ,दुर्गा देवी ,ब्यूटी देवी, सुजीत सरकार मौजूद रहे।

**जयंती**

### फुसरो में झामुमो ने मनाई दुर्गा सोरेन की 55 वीं जयंती

# डुमरी की जनता ने स्व.जगरनाथ महतो और सीएम हेमंत सरकार के काम पर मतदान किया: हीरालाल

**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो:** झारखंड मुक्ति मोर्चा फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित पार्टी कार्यालय में स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की 55 वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित लोगो ने दिवंगत भाई दुर्गा सोरेन की फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

मौके पर ज़िला अध्यक्ष हीरालाल मांझी ने स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की जीवनी पर प्रकाश डाला और आज के युवाओं को उनके पद चिह्नों पर चलने का आग्रह किया। कहा कि आज झारखंड मुक्ति मोर्चा जिस मुकाम पर है उसमें स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की अहम भूमिका रही है। कहा कि डुमरी विघानसभा उपचुनाव मे जनता की

जीत है। जनता ने लुभावने वादे को नकार दिया है। जनता ने स्व. शिक्षा मंत्री जगरनाथ के काम, सीएम हेमंत सरकार के काम और विकास के नाम पर मतदान किया। मौके पर उपस्थित जिला सचिव जय नारायण महतो ने कहा की स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में कार्य करने का मौका मिला और उनकी कार्य करने के जुनून और जज्बे से मौके पर उपस्थित युवाओं को अवगत करवाया। ज़िला के कोषाध्यक्ष अशोक मुर्मू ने कहा कि आज भी उनकी कमी हमें महसूस होती है। अगर आज वो होते तो झारखंड मुक्ति मोर्चा और ऊँचाई पर होता। झामुमो नेता भोलू खान,रंजीत महतो और दीपक महतो ने बताया की आज इनकी देन है कि प्रदेश में झारखंड के आम जन की सरकार है और आज सरकार नित नए कार्य कर आम लोगों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। मौके पर अशोक महतो, टिंकू महतो, रणधीर राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### करगली बाजार के वार्ड नंबर 14 में

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** आजादी के 75 साल पूरे होने पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन वार्ड 14 अंतर्गत करगली बाजार में किया गया। हमारे देश के प्रधानमंत्री ने कहा है इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों और वीर वीरांगनाओं का सम्मान करना है जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 7500 कलश मिट्टी और पौधे से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के करीब ही एक अमृत वाटिका तैयार की जाएगी यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी भव्य प्रतिक होगा जिसमें मुख्य रूप से जिसमें भाजपा वरिष्ठ भाजपा के वरिष्ठ नेता मधुसूदन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंह,महामंत्री रमेश स्वर्णकार,ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष श्रीकांत सिंह, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार, आदि मुख्य रूप उपस्थित हुए।

संपादकीय

# उपचुनाव के बाद एक देश एक चुनाव

देश भर के छह राज्यों में सात विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों ने मिश्रित राजनीतिक संकेत दिए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीन और विपक्षी दलों ने चार सीटें जीतीं। इन चुनावों में कोई राष्ट्रीय पैटर्न नहीं खोजा जा रहा है जो व्यापक रूप से विभिन्न स्थितियों और गणनाओं का उत्तर देता है, लेकिन सर्वेक्षण स्थानीय बदलावों के संकेत देते हैं। उत्तर प्रदेश के घोसी में बीजेपी के दारा सिंह चौहान समाजवादी पार्टी (एसपी) के उम्मीदवार से चुनाव हार गए. श्री चौहान ने दलबदल और प्रलोभन के माध्यम से भाजपा के विस्तार के एक पैटर्न का प्रतिनिधित्व किया। वह मौजूदा सपा विधायक थे, जो भगवा पार्टी में शामिल हो गए और भाजपा विधायक के रूप में फिर से चुनाव लड़ने की मांग की। एसपी उम्मीदवार को कांग्रेस, माकपा और सीपीआई (एमएल)-लिबरेशन, जो मोटे तौर पर राज्य में विपक्षी दलों का भारतीय गुट है, ने समर्थन दिया था। उत्तर प्रदेश 2024 में भाजपा की किस्मत के लिए महत्वपूर्ण है, और घोसी उपचुनाव सपा प्रमुख



अखिलेश यादव के बाद हाई प्रोफाइल हो गया, जो कुछ समय से अपना सिर झुकाए हुए थे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों ने कड़ी मेहनत की थी। भाजपा ने उपचुनाव में अपने बहुजातीय हिंदू गठबंधन को मजबूत करने की भी कोशिश की, लेकिन अंत में उसे मतदाताओं का समर्थन नहीं मिला। भाजपा ने उत्तराखंड में एक सीट बरकरार रखी, जबकि पश्चिम बंगाल में वह सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के हाथों अपनी मौजूदा सीट हार गई। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड में डुमरी सीट बरकरार रखी। पश्चिम बंगाल के धुपगुड़ी में इंडिया ब्लॉक पार्टियों का एक संयोजन देखा गया, जो एक अन्य घटक के खिलाफ आमने-सामने थे, जबकि केरल में पुथुप्पल्ली में पार्टियों का संयोजन एक-दूसरे से लड़ रहा था। धूपगुड़ी में, माकपा और कांग्रेस ने संयुक्त रूप से भारत के तीसरे साझेदार टीएमसी का विरोध किया और तीसरे स्थान पर रहे। टीएमसी कांग्रेस और माकपा के बीच गठबंधन को रोकने के लिए उत्सुक है, दोनों भ्रमित हैं और पश्चिम बंगाल में अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। केरल में, माकपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले मोर्चे, कांग्रेस के दिग्गज नेता ओमन चांडी की मृत्यु से खाली हुई सीट के लिए भिड़ गए। उनका बेटा चांडी ओम्मन आराम से घर लौट आया। हालाँकि इसने बार-बार उप-चुनाव को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के शासन की परीक्षा के रूप में तैयार किया था, लेकिन पुथुपल्ली में वामपंथियों का दांव उतना ऊंचा नहीं था जितना कि वे त्रिपुरा के बॉक्सानगर में थे, जो 1988 के बाद पहली बार भाजपा से हार गया था। भाजपा ने राज्य में धनपुर सीट भी बरकरार रखी। माकपा ने त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा पर चुनावी कदाचार और हिंसा का आरोप लगाया है। नतीजे बड़े पैमाने पर स्थानीय कारकों द्वारा तय किए गए थे, लेकिन वे संबंधित क्षेत्रों में राजनीतिक हवाओं का भी संकेत देते हैं। पिछले सप्ताह केंद्र सरकार ने दो महत्त्वपूर्ण राजनीतिक प्रस्ताव लाकर सबको चकित कर दिया। पहले सरकार ने 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र आयोजित करने की घोषणा कर दी। हालांकि, सरकार ने यह सार्वजनिक नहीं किया कि विशेष सत्र की कार्य सूची क्या होगी। मगर सरकार की तरफ से जो दूसरी राजनीतिक घोषणा की गई वह अधिक चौंकाने वाली थी। सरकार ने कहा कि देश में लोकसभा एवं विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ आयोजित करने की संभावनाओं का पता लगाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, 15वीं वित्त आयोग के पूर्व चेयरमैन एन के सिंह,लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप और पूर्व मुख्य सतर्कता अधिकारी संजय कोठारी समिति के अन्य सदस्य होंगे। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को इस समिति में शामिल किया गया था, मगर उन्होंने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। दिलचस्प बात यह है कि इस समिति का गठन ऐसे समय में हुआ है जब देश में एक के बाद एक कई चुनाव होने वाले हैं और अगले वर्ष लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद यह प्रक्रिया समाप्त होगी। जहां तक समिति के सदस्यों के चयन की बात है तो यह बिंदु विचारणीय है कि चुनावों के समय में संशोधन लाने का प्रस्ताव राजनीतिक विषय है, इसलिए इसमें अधिक प्रतिनिधित्व होना चाहिए था। समिति लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर निगम और पंचायतों के चुनाव एक साथ आयोजित करने से संबंधित संवैधानिक एवं अन्य पहलुओं पर विचार करेगी और अपने सुझाव सरकार को सौंपेगी। चुनावी राजनीति के बदले हुए परिदृश्य में अब नरेंद्र मोदी इस दिशा में कितना साहस जुटा पाते हैं, यह देखने वाली बात होगी। वैसे यह साफ होता जा रहा है कि वह लगातार विरोधियों को गैर जरूरी मुद्दों पर उलझाये रखना चाहते हैं क्योंकि उनके राजनीतिक आचरण से यह स्पष्ट है कि इंडिया गठबंधन से उन्हें काफी तकलीफ हो रही है।

# विपक्षी दलों में मची सनातन के विरुद्ध बोलने की होड़, ऐसे जीतेंगे 2024 ?

सहिष्णुता, उदारता, क्षमा व विश्वास सनातन का मूल है। अन्यथा, जिस देश में 80 फीसदी सनातनी रहते हों वहां सनातन को मिटाने की बात कहना किसके बूते की बात होती। यदि उनकी हिम्मत है तो यहीं बयान शेष फीसदी वालो के लिए देकर देखें।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के बयान पर पुरे देश में बवाल मचा हुआ है। विवाद सनातन धर्म को लेकर है। हालांकि, उदयनिधि ने अपने बयान पर स्पष्टीकरण दिया है। लेकिन, सनातन को खत्म करने पर वे अब भी तुले हुए हैं। सवाल यह है कि जो सनातन के विरुद्ध भारत में इस तरह के बयान क्यों आ रहे हैं। यह सोची समझी साजिश है या फिर सस्ती लोकप्रियता। जो विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों द्वारा इस तरह के गैर जरूरी बयान दिए जा रहे हैं। शायद उन्हें लगता होगा कि इस तरह का बयान देने से हम अपने लोकप्रियता में इजाफा कर रहे हैं तो वह सत्य नहीं है शायद इससे 4 दिन मीडिया में बने रह सकते हैं मगर इसका सकारात्मक लाभ



**शिव कुमार**
पत्रकार



मिलने की संभावना कम है। सनातन को समझना आसान नहीं। सनातन एक बेहतर जीवन शैली है, उदारता है, सहिष्णुता है, क्षमा है। अन्यथा जिस देश में 80 फीसदी किसी धर्म विशेष के लोग रहते हो वहां पर इस तरह का बयान देना आसान नहीं है। शायद यही सनातन की खुबसूरती है कि सनातन के ही कार्यक्रम में शामिल होकर सनातन को खत्म करने की बात उदयनिधी करके आ जाते हैं।

2 सितंबर को तमिलनाडु के सीएम पुत्र व सरकार मे मंत्री उदयनिधि स्टालिन चेन्नई में सनातन उन्मूलन कार्यक्रम में शामिल हुए। और वहां स्पीच के दौरान उन्होंने सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से की। उदयनिधि ने कहा- जिस तरह मलेरिया और कोरोना को खत्म किया जाना जरूरी है उसी तरह सनातन भी है।

3 सितंबर को उदयनिधि ने सनातन धर्म को खत्म करने की बात फिर दोहराई। उन्होंने कहा कि मैंने केवल सनातन धर्म की आलोचना की है और सनातन धर्म को खत्म कर दिया जाना चाहिए। ये बात मैं लगातार कहूंगा। 6 सितंबर के दिन चेन्नई में मीडिया से बातचीत में उदयनिधि ने कहा कि वह अपने बयान पर कायम हैं।

जिसके बाद देश के तीन अलग-अलग न्यायालय में उनके विरुद्ध अधिवक्ताओं ने परिवाद दायर कराया।

उसके पश्चात 7 सितंबर को उन्होंने सोशल मीडिया पर सफाई देते हुए पांच पेज का बयान पोस्ट किया जिसमें उन्होंने कहा कि मैं किसी धर्म का दुश्मन नहीं हूं मेरे बयान का गलत मतलब निकाला गया। इसके बाद वे बीजेपी की कमियां गिनाने में लग गये। पर सवाल यह है कि आप अगर भाजपा के विरोधी हैं या किसी अन्य पार्टी से जुड़े हुए हैं तो क्या आपको किसी धर्म विशेष को टारगेट करने का लाईसेंस मिल गया है। और वो भी उस धर्म का जिसकी 80 प्रतिशत संख्या है। हैरानी तो इस बात की है कि आप सनातनियों के बीच जाकर सनातन उन्मूलन कार्यक्रम में शामिल होते हैं और वहां पर सनातन को ही बीमारी बताकर उसे खत्म करने की बात करते हैं।

उदयनिधी स्टालिन ने 7 सितंबर को सुबह अपना पोस्ट लिखा था और इसी दिन दोपहर को डीएमके के दूसरे नेता ए राजा ने सनातन धर्म के खिलाफ बयान बोल दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ए राजा ने कथित रूप से एक सभा में सनातन धर्म को एचआईवी (एड्स) और कोढ़ जैसा बता दिया। जिसपर ए राजा के खिलाफ दिल्ली पुलिस को शिकायत दी गई। सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता विनीत जिंदल ने ये शिकायत दर्ज करवाई और उन्होंने अपनी शिकायत में सनातन धर्म का अपमान करने, समाज को धर्म के आधार पर बांटने व धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया है।

सनातन को कोढ़ बताने वाले ए राजा पर भ्रष्टाचार के कई मामले दर्ज हैं। मनमोहन सिंह सरकार में मंत्री रहे एक राजा पर सीबीआई ने टू जी स्पेक्ट्रम आवंटन मामले के संबंध में भी मुकदमा दर्ज किया था।सीबीआई ने आरोप लगाया कि राजा की आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति उनकी आधिकारिक संपत्ति से 579 फीसदी अधिक बढ़ गई है।

सनातन को खत्म करने की कहने वाले उदयनिधि का कहना है कि सनातन लोगों में, महिला-पुरुषों में भेदभाव करता है, जबकि यह सफेद झूठ है। भेदभाव धर्म नहीं करता, लोग करते होंगे। सनातन हमेशा समभाव को ही पल्लवित और पोषित किया है।

इन्हीं सबके बीच बिहार में राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह दो कदम आगे बढ़ कर विवादित बयान दे दिया कि टीका लगाकर घूमने वालों ने ही भारत को गुलाम बनाया। उन्होंने आगे कहा कि भारत गुलाम किसके समय में हुआ क्या उस समय कपूर्री ठाकुर थे, लालू प्रसाद थे, राम मनोहर लोहिया थे।

उनके बयान पर पत्रकारों ने जब सवाल किया तो जगदानंद भड़क गए। और रिपोर्टरों के माइक को झटक दिया। बीजेपी को बैठे बिठाए मुद्दा मिल गया और आरजेडी नेता को इतिहास पढ़ने की नसीहत देने लगे। भाजपा के राकेश कुमार ने कहा कि 1857 के विद्रोह के नायक मंगल पांडेय ही थे, जो टीका लगाने वाले समुदाय से थे।

अब सवाल यह उठता है कि इस तरह के बयान देने वालों पर पार्टियों का शीर्ष नेतृत्व क्यों चुप्पी साध लेता है, कहीं उनकी मौन सहमति तो नहीं। या फिर हिंदु, सनातन व राम को ये लोग बीजेपी की कापीराइट मान लिये हैं, और भाजप विरोध करते-करते सनातन का विरोध करने लगे हैं।

शिकागो भाषण की 130वीं वर्षगांठ (11 सितम्बर) पर विशेष

# सदैव स्मरणीय रहेगा विवेकानंद जी का शिकागो में दिया भाषण

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत तथा आदर्श व्यक्ति्व के धनी माने जाते रहे स्वामी विवेकानंद को उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। सही मायनों में वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे। विशेषकर भारतीय युवाओं के लिए तो भारतीय नवजागरण का अग्रदूत उनसे बढ़कर अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। कोलकाता में 12 जनवरी 1863 को जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत बनी रही। उन्होंने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए सदैव युवा शक्ति पर भरोसा किया। दरअसल युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थी।



**योगेश कुमार गोयल**
वरिष्ठ पत्रकार

**विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा।**

स्वामी विवेकानंद ने 11 सितम्बर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत 'मेरे अमेरिकी भाईयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। स्वामी विवेकानंद की चर्चा जब भी होती है तो अमेरिका के शिकागो की धर्म संसद में वर्ष 1893 में दिए गए उनके उस ओजस्वी भाषण की चर्चा अवश्य होती है। उसी ओजस्वी भाषण को यादगार बनाए रखने और युवाओं को उस भाषण के जरिये ऊर्जावान बनाए रखने के लिए ही प्रतिवर्ष 11 सितम्बर का दिन 'शिकागो वक्तृता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी। युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही स्वामी विवेकानंद ने अपने एक भाषण में कहा था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है। युवा शक्ति का आव्हान करते हुए स्वामी विवेकानंद ने अनेक मूलमंत्र दिए, जो देश के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। उनका कहना था, 'ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वो हम ही हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, आधुनिक पीढ़ी से मेरे कार्यकर्ता आ जाएंगे। डर से भागो मत, डर का सामना करो। यह जीवन अल्पकालीन है, संसार की विलासिता क्षणिक है लेकिन जो दूसरों के लिए जीते हैं, वे वास्तव में जीते हैं। जो भी कार्य करो, वह पूरी मेहनत के साथ करो। दिन में एक बार खुद से बात अवश्य करो, नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओगे। उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखो, न कि लहरों की तरफ। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगे। काम, काम, काम, बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिए।

# सच्ची लगन सफलता की शर्त

प्रेरक- प्रसंग

मैक्समूलर की माँ की हार्दिक इच्छा थी कि उसका बेटा देश का कोई बड़ा अधिकारी बने। एक विधवा होते हुए भी उसने मैक्समूलर की पढ़ाई में कोई कमी नहीं की, लेकिन मैक्समूलर को तो दूसरी ही धुन थी। वह कहता, 'नहीं, माँ मुझे संस्कृत पढ़ना है, पढ़ने दो।' वे संस्कृत के अध्ययन में जुट गए। लिपजिग कॉलेज में अध्ययन के दौरान इन्हें यह आश्चर्य हुआ कि अंग्रेजी के अनेक शब्द संस्कृत से निकले हैं यथा - डॉक्टर-दुहित्र से, फादर-पितर से, मदर-मातृ से, वाइफ-वधु से तथा ब्रदर-भ्रातर से। उन्हें गुरू की खोज में पेरिस जाना पड़ा।

पेरिस में बर्नूफ को पाकर उन्हें अत्यनत प्रसन्नता हुई। जब इन्होंने वेद अध्ययन की इच्छा व्यक्त की, तो गुरू ने कहा - 'तुम में प्रतिभा है, लगन है, एकनिष्ठता है। तुम हिन्दू धर्म या वेद दोनों में से किसी एक को अपना जीवन अर्पित कर दो।' मैक्समूलर ने वेद पढ़ने की जब इच्छा व्यक्त की तो गुरू ने दो हिदायतें दीं-

वेद का भाष्य करते समय तुम धूम्रपान नहीं करोगे। मूल और भाष्य का एक शब्द एक अक्षर भी नहीं छोड़ोगे नहीं। उन्होंने इन वचनों का दृढ़ता से पालन किया और अपने 27 वर्षों के कठोर श्रम से ऋग्वेद का उद्धार किया, जो ईस्ट इण्डिया कंपनी के संग्रहालय में कैद थे। हिन्दू धर्म के इस पवित्र ग्रन्थ के जीर्णोद्धार का श्रेय इन्हीं विद्वानों को जाता है, जिन्होंने अपने जीवन के लगभग पचास वर्ष भारतीय वांगमय में विचरते हुए बिताया।

जानकारी

# नटराज की मूर्ति

चोलवंशी तमिलनाडु के तंजावुर के निवासी थे जिन्होंने 9 वीं. से 13 वीं. शताब्दी तक दक्षिण भारत, श्री लंका, मालदीव व जावा के कुछ हिस्सों पर राज किया था। काव्य, नाटक, संगीत, नृत्य व शिलाशिल्प के अतिरिक्त कांसे की बनी मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध थे। चोल कांस्य में बनी कुछ बेहतरीन वस्तुएं चेन्नई के एग्मोर संग्रहालय व तंजावुर के मराठा महल में देखीं जा सकतीं हैं। दिल्ली स्थित राष्ट्रीय संग्रहालय में भी चोल कांसे में बनी कलाकृतियों का अद्भुत संग्रह है। इनमें मुख्य है प्रसिद्ध नटराज की मूर्ति। यदि समय का अभाव हो तो कांस्य गलियारे में स्थित इस नटराज की मूर्ति के दर्शन पर्याप्त आनंद प्रदान करने में सक्षम है।हालांकि कांस्य गलियारे में देश के कोने कोने से हर काल की मूर्तियाँ रखीं हुईं हैं। जैसे हिमाचल से पंचमुखी शिवलिंग और स्वच्छंद भैरवी, दक्षिण भारत से कृष्ण द्वारा कालिया नाग मर्दन और कई देवियों की मूर्तियां, उत्तर भारत से गरुड़ पर विराजमान विष्णु-लक्ष्मी और सूर्य की मूर्तियां।

# Motorola Edge 40 Neo 14 सितंबर को होगा लॉन्च!

साइबर दुनिया

क्या..मोबाइल मार्केट की शुरूआती कंपनियों में शामिल Motorola का Edge 40 ठीङ्क अगले सप्ताह इंटरनेशनल मार्केट में लॉन्च हो सकता है। इस स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशंस के बारे में कुछ लीक से जानकारी मिली है। यह Edge 30 Neo की जगह लेगा। कंपनी की रोमानिया की यूनिट ने इसका एक पोस्टर शेयर कर इसके लॉन्च की जानकारी दी है। Mobilissimo के अनुसार, कंपनी की रोमानिया की यूनिट ने एक इनवाइट शेयर किया है जिससे इस स्मार्टफोन के 14 सितंबर को लॉन्च होने की पुष्टि हो रही है। इसे Sea Blue सहित तीन कलर्स में उपलब्ध कराया जा सकता है। हालांकि, कंपनी ने इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं दी है। इससे पहले कुछ लीक में कहा गया था कि Motorola Edge 40 Neo में 6.55 इंच P-OLED स्क्रीन कर्व्ड एजेज के साथ होगी। इसका पैनल FHD+ रिजॉल्यूशन और 144 ल्९ के रिफ्रेश रेट के साथ हो सकता है। इसके डुअल कैमरा सेटअप में 50 मेगापिक्सल का मेन कैमरा ऑप्टिकल इमेज स्टैबलाइजेशन (डक्र) सपोर्ट के साथ और 13 मेगापिक्सल का अल्ट्रा-वाइड सेंसर दिया जा सकता है। सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए इसके फ्रंट में 32 मेगापिक्सल का कैमरा हो सकता है। इस स्मार्टफोन में Dimensity 1050 चिपसेट होने की संभावना है। इसमें 12 GB का RAM और 256 GB की इंटरनल स्टोरेज मिल सकती है। इसकी 5,000 mAँ की बैटरी 68 W फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट कर सकती है। हाल ही में कंपनी ने Moto G84 5G को भारत में लॉन्च किया था। यह पिछले वर्ष पेश किए गए Moto G82 5G की जगह लेगा। इस स्मार्टफोन में प्रोसेसर के तौर पर Qualcomm Snapdragon 695 SoC दिया गया है। इसे तीन कलर्स में उपलब्ध कराया गया है।

टॉप ट्वीट

"हम जैव विविधता संरक्षण, सुरक्षा, पुनर्स्थापन और संवर्धन पर कार्रवाई करने में लगातार आगे रहे हैं। धरती माता की सुरक्षा और देखभाल हमारी मौलिक ज़िम्मेदारी है। जलवायु के लिए चलाए जा रहे अभियान को अंत्योदय का पालन करना चाहिए यानी हमें समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और विकास को सुनिश्चित करना होगा।"

**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**





"खुद को और आप सभी को एक बर्थडे गिफ्ट दिया है आज। यदि आपको ये तड़का अच्छा लगा तो शुक्रिया कहिए और मैं आपको 'वेलकम' कहूंगा।' वेलकम टू द जंगल में अक्षय कुमार के संजय दत्त, अरशद वारसी, जैकलीन फर्नांडिस, सुनील शेट्टी ,दिशा पाटनी ,परेश रावल की अहम भूमिका होगी।यह फिल्म 20 दिसबर 2024 को रिलीज होगी।"

**अक्षय कुमार**
**बॉलिवुड अभिनेता**

संपादक के नाम पत्र

## बड़ा लक्ष्य

अगर जीतना छोटी
स्पर्धा अकेले हीं
जीता जा सकता ।
अगर साधन बड़ा
लक्ष तो मिलकर हीं
साधा जा सकता।।
चींटी का वो समूह में
रहकर मंजिल के
लिए चलना।
बाधा रोड़ा मिलकर
हीं पार करने का
संघर्ष करना।।
शेरों का वो झुंड में रहना
बनराज उसे बनाया है।
हाथी भैंसा जैसे विशाल
काय को भी सीधे धूल
चटाता है।।
लेकिन जब ये अकेले होते
तो टोली कुत्तों की होती
भारी।
क्योंकि कुत्ते झुंड में होते
इस शिकारी पर भी पड़ते
भारी।।
राजा भागीरथ का भागीरथी
प्रयाशा स्वर्ग से गंगा लाने
का साधन।
लेकिन उनके पीछे भी सगर
पुत्रों का रहा समर्पण।
बेशक आप हों नारायण
कला आता हो बांधना
समुद्र।
बंदर भालू के टोली की
जरूरत होती बांधने को
सेतु समुद्र।।
उस अजेय के
स्वर्ण लंका में
डंका तब हीं बज
सकता।
महावीर के बल से
हीं विजय पताका
लहर सकता।।
गांडीव चाहे पकड़ें
हों अर्जुन वेशक
कृष्ण को सारथी
रूप।
युधिष्ठिर भीम नकुल सहदेव
का भी योगदान रहा
भरपूर।।
आफत बिपत को झुण्डों में
मिलकर सब को हीं झेलना ।
राह कठिन हो जीवन का
अपने कुनबों में रहना ।।
अकेला चना भाड़ नहीं
फोड़ता कह गए कई
महापुरुष।
आओ मिलकर साथ चलें
अब भारत का गढ़ें नया
रूप।।
पथ के रोड़े हट जाएंगे
स्वच्छ पथ का होगा निर्माण।
भारत का परचम लहरेगा
पूरे आर्यावर्त और संपूर्ण
ब्रम्हांड।।

**कमलेश झा नगरपारा**
**भागलपुर**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर ›› अपडेट

### चिकित्सा शिविर का आयोजन

**केरेडारी :** केरेडारी एनटीपीसी चट्टीबारियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा हेवई पंचायत के बिलारी ग्राम में मेडिकल कैम्प लगाया गया। मेडिकल कैम्प में 198 लोगों ने अपना उपचार कराया। यह मेडिकल कैम्प अपर महाप्रबंधक पवन कुमार रावत के मार्गदर्शन में लगाया गया था । इस अवसर पर परियोजना के उप महाप्रबंधक मनोज बेहेरा, गणपत यादव, एवं वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार उपस्थित होकर कैम्प को सफल बनाया।

## सिटी अपडेट्स ››

### पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास

**पीरटांड :** प्रखंड के मधुबन पंचायत अंतर्गत सीता नाला बेड़ी नदी में बनने वाला पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने किया। विधायक के पहल के बाद बेड़ी नदी पर साढ़े चार करोड़ की लागत से 77 मीटर लंबा पुल का निर्माण किया जाएगा। जिसका रविवार को विधायक ने विधिवत रूप से पुल निर्माण की आधारशिला रखी। बेड़ी नदी पर पुल निर्माण से राहगीरों की राह आसान हो जाएगी। राहगीरों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और मधुबन आना आसान हो जाएगा। यहां यह बता दे कि इस पुल का निर्माण हो जाने से पारसनाथ की तराई क्षेत्र में बसने वाले सुदूरवर्ती गांवों के लोगों के लोए बरदान सावित होगा। वही विधायक ने बताया कि मधुबन के पूर्वी क्षेत्र के गांवों को मधुबन से जोड़ने वाले इस मार्ग पर पुल नहीं रहने से लोगों को समस्या होती थी। अब पुल निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को बड़ी समस्या से जल्द निजात मिल जाएगा। विधायक ने कहा कि उक्त पुल का निर्माण होने से पंचायत के ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। बरसात के दौरान बेड़ी नदी में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता था।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### तीन दिवसीय भादो महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा

**हजारीबाग :** शहर पुरी भक्ति भाव के रस में डूबा हुआ है, हर तरफ धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी बीच शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर परिसर में भादो महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव 13,14 एवं 15 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। 13 सितंबर को मंदिर परिसर में संध्या 4 बजे से भव्य मेहंदी उत्सव कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है वही 14 सितंबर गुरुवार को मंदिर परिसर में सुबह 9 :30 बजे से भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया है जिसमें कई महिलाओं के द्वारा राणी सती दादी की मंगल पाठ की जाएगी। मंगल पाठ में मुंबई के सुप्रसिद्ध भजन गायक सुशील बजोरिया एवं विनीत बजोरिया अपने भजनों से दादी भक्तों को झुमाएंगे।

**प्रदर्शन**

### घटना के विरोध में घंटों किया विरोध प्रदर्शन

# वर्चस्व को लेकर सिजुआ में चली गोली, एक की मौत

- गोलीबारी से आस पास के क्षेत्र में सनसनी
- बीसीसीएल का ट्रांसपोर्टिंग कार्य प्रभावित

**राष्ट्रीय खबर**

**कतरास :** जोगता थाना क्षेत्र अंतर्गत सिजुआ 10 नंबर साइडिंग के नजदीक अवैध कोयला के कारोबार में वर्चस्व को लेकर अंधाधुंध गोली चली। जिसमें 19 वर्षीय साहिल खान नामक एक युवक की मौत हो गई। वहीं अन्य दो युवकों की पिटाई से बूरी तरह जख्मी होने की संभावना हैं। ताबड़तोड़ हुई गोलीबारी से आस पास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश रहा और देखते ही देखते सिजुआ मोड़ पर घटना के विरोध में लोगों की भीड़ जुटने लगी।आक्रोशित लोगों ने आरोपी के गिरफ्तारी की मांग को लेकर घंटों सिजुआ कतरास मार्ग का आवागमन ठप कर दिया। इस बीच बीसीसीएल का ट्रांसपोर्टिंग कार्य भी बंद रहा। वहीं आरोपी दबंगों के खिलाफ आक्रोशित लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। आनन फानन में घटना के तुरंत बात युवक को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां मौत की पुष्टि उपरांत शव के सिजुआ मोड़ पहुंचते ही लोगों ने जोरदार हंगामा किया।

वहीं परिजनों का रो - रोकर बुरा हाल था। मौके पर तैनात पुलिस बल और जोगता थाना प्रभारी दीपक कुमार की सूझबूझ व सक्रियता से एक बहुत बड़ा टकराव टल गया।आर्थिक सहायता के आश्वासन उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पूछे जाने पर जोगता थाना प्रभारी ने बताया कि गोली कांड में शामिल दो की गिरफ्तारी हुई हैं। जबकि,स्थानीय लोगों ने चार पर गोली चलाने का आरोप लगाया हैं। थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया कि जो भी लिखित शिकायत दी जाएगी।उस पर एफआईआर दर्ज होगा। सभी आरोपियों पर कानुनी कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

मृतक साहिल खान अपने पीछे विधवा मां सहित एक भाई और बहन को छोड़ गये। विरोध प्रदर्शन के दौरान दबंग आरोपियों के खिलाफ लोगों में काफी गुस्सा देखा गया। मौके पर विरोध कर रहें लोगों में से कहा गया कि गरीब हैं तो क्या हमें गोली मार देगा। 10 से 15 राउंड गोली चलने की बात सामने आई हैं। जिसमें तीन-चार खोखा लोगों के पास सबूत के तौर पर हैं। जो पुलिस को सौंपा जायेगा।

# फुटबॉल मैच खेलने गढ़वा जायेगी टीम

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग:** हजारीबाग शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र में खेल के प्रति लोगों की भावना काफी आतुर नजर आ रही है इसी बीच लोग अपने जिले में प्रदर्शन के साथ-साथ जिले से बाहर निकाल कर अन्य जिलों में भी अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे है।इसी प्रदर्शन के बीच झारखंड राज्य फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित फुटबॉल मैच गढ़वा की धरती पर आयोजित किया गया है। जिसमें सम्मिलित होने के लिए हजारीबाग फुटबॉल की जिला टीम 11 तारीख दिन सोमवार को गढ़वा की धरती के लिए रवाना होगी। और 12 तारीख को हजारीबाग जिला टीम का प्रदर्शन घाटशिला टीम के साथ होगा। गढ़वा रवाना होने से पूर्व ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सह युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने 20 खिलाड़ियों सहित कोच और मैनेजर को जर्सी भेंट की। सभी खिलाड़ियों में एक अलग उत्साह देखने को मिला सभी ने एक स्वर से कहा हजारीबाग की जीत ही हमारी सबसे बड़ी जीत होगी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी जीत का परचम लहराकर हजारीबाग का नाम रौशन करें। आप लोगों की जीत के बाद हमारी ओर से आप सभी को एक और भेंट दिया जाएगा। इस अवसर पर हजारीबाग एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नजरुल हसन, मुरारी सिन्हा, चंद्र प्रकाश उपाध्याय उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का शिलान्यास

**राष्ट्रीय खबर**

**केरेडारी :** केरेडारी से बुंडू तक 24 किमी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का शिलान्यास करली गांव में सांसद जयंत सिन्हा एवं विधायक अम्बा प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। यह योजना ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल हजारीबाग के देख रेख में संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने ग्रामीणों को जानकारी दिया की इस सड़क का निर्माण केंद्र सरकार की राशि से हो रहा है। जो इस क्षेत्र के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। सांसद ने बताया की मैने अपने संसदीय क्षेत्र में इतनी लंबी दूरी की सड़क का शिलान्यास पहली बार की है। सांसद ने जानकारी देने के क्रम में यह भी बताया की इस सड़क को केंद्र सरकार से पारित कराने में उन्हें काफी झंझावत झेलना पड़ा है। चुकी भौगोलिक दृष्टि से इस सड़क को बनाने में दो जिला चतरा जिला और हजारीबाग जिला के परिसीमन क्षेत्र सामने आ रही थी। जिससे होने वाले अड़चने को दूर करने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। इस काम में स्थानीय सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार ने काफी सहयोग किया। अब यह सड़क बन जाने से दो जिला का सीमाक्षेत्र कई पंचायत और बुंडू, घुटू, केमो, तरवां, हफुआ, हेंदेगीर, पताल, होसिर, सलगा कूठान, रामपुर रांची चतरा आदि अन्य तमाम गांव के एक बड़ी जन आबादी के लोगों का आवागमन की सुविधा बहाल हो जाएगी। मौके पर सांसद ने करली में बन रहे मां काली मंदिर के समीप एक मास्क लाइट, पेभर ब्लॉक, चहारदिवारी, बोरिंग आदि का निर्माण कराने के लिए अपने सांसद मद से 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी। एंल तमाम तरह की सुविधा की चर्चा करते हुए सांसद द्वारा पुरा करने का आश्वासन दिया गया।

# जिले में बढ़ रहे डेंगू के मरीज, प्रशासन बेखबर

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग:** जिले में लगातार डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं। ऐसे में डेंगू से लड़ने के उपाय को लेकर प्रशासनिक तैयारी नदारत है। डेंगू के चपेट में आए लोगों के इलाज के लिए कोई माकूल व्यवस्था नहीं है और वहीं मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में ब्लड सेपरेशन मशीन तक नदारत है । इससे बचाव को लेकर जिले में प्राथमिक तैयारी भी नहीं की जा रही है। ना ही इलाके में समेकित तरीके से फॉगिंग किया जा रहा है और ना ही जागरूकता फैलाई जा रही है। हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस इस कुव्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को ट्वीट कर हजारीबाग के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अवस्थित ब्लड बैंक में तत्काल ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन का कार्य चालू करने हेतु अफेरेसिस मशीन उपलब्ध कराने का मांग किया है। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की डेंगू के अधिकतर मरीजों में प्लेटलेट्स की कमी हो जाती है और ब्लड के सेपरेशन सिस्टम के द्वारा एक नॉर्मल आदमी का प्लेटलेट्स मात्र 45 मिनट में निकाल कर जरूरत के मुताबिक रोगी में प्लेटलेट्स की कमी की पूर्ति की जा सकती है। रंजन चौधरी ने बताया की हजारीबाग के दो निजी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन की सुविधा हैं लेकिन फिलहाल तकनीकी खराबी के कारण हजारीबाग में यह सुविधा मरीजों को नहीं मिल पा रही है और ऐसे में जरूरतमंद मरीजों को प्लेटलेट्स के लिए रांची, धनबाद या अन्य शहरों में जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया की हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक में सारी सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध है सिर्फ अफेरेसीस मशीन की कमी के कारण यहां से लोगों को यह सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। पिछले दिनों हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा विधानसभा पटल पर मामला उठाए जाने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नए भवन में ब्लड बैंक को स्थापित कर इसे ब्लड कंपोनेंट जिसमें प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, पैक सेल, क्रायो, फैक्टर इत्यादि के लिए अधिष्ठापित किया गया तथा इसके लिए यहां के ब्लड बैंक के टेक्नीशियन को एक साल के लिए रिम्स ब्लड बैंक भेज कर विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। लेकिन महज एक अदद अफेरेससिस मशीन के नहीं होने की वजह से यहां ब्लड कॉम्पोनेंट सेपरेशन का कार्य नहीं हो रहा है और हजारीबाग के मरीजों को अन्य शहरों में जाने को विवश होना पड़ रहा है।

### पंचायत भवन बनाने को लेकर दिया दिशा निर्देश

**केरेडारी :** केरेडारी पंचायत भवन पाण्डु को लेकर मुखिया सकीबा खातून द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर पंचायती राज निदेशक झारखण्ड सरकार ने संज्ञान लेते हुए जिला उपविकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हजारीबाग के नाम पत्र जारी की गई है। जारी पत्र में कहा गया है। कि हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाण्डु के पंचायत भवन तोड़े जाने के पूर्व नए पंचायत भवन की निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पंचायत भवन तोड़े जाने के पूर्व संबंधित विभाग से एनओसी प्राप्त कर लिया जाय। पंचायत भवन तोड़े जाने के फल स्वरूप संबंधित विभाग एजेंसी/कंपनी से क्षतिपूर्ति राशि और शिफ्टिंग चार्ज प्राप्त कर ली जाए।

**टूर्नामेंट**

### नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का शानदार आगाज, 50 टीमें ले रही है भाग

# ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का बेहतर मंचः मनीष

- तिरंगा झंडा और मशाल लेकर मैदान में मार्च पास्ट किया गया

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित हजारीबाग के सबसे बड़े और लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के द्वितीय चरण का शानदार आगाज रविवार को दारू प्रखंड के जतराटांड़ मैदान हरली में हुआ। इस टूर्नामेंट में वर्तमान वर्ष दारु प्रखंड क्षेत्र की कुल 50 टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने खिलाड़ियों संग मैदान में फुटबॉल खेलकर कराया। टूर्नामेंट के उद्घाटन के लिए यहां पहुंचे विधायक मनीष जायसवाल का स्थानीय भाजपा कार्यकताओं, क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों ने ढोल- ताशे के गड़गड़ाहट के साथ जमकर आतिशबाजी और पुष्प-वर्षा करते हुए फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत किया।

नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति द्वारा विधायक मनीष जायसवाल का विशाल फूल माला पहनकर स्वागत किया गया । टूर्नामेंट का पहला मैच पिछले साल की विजेता और उपविजेता रही रामदेव खारिका टीम बनाम हरली टीम के बीच हुआ। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन का मकसद ग्रामीण प्रतिभा को निखर कर भविष्य में बेहतर मंच प्रदान करना और क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़े रखते हुए और सामाजिक विसंगतियों से बचाना है।

उन्होंने कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शुरूआत साल 2016 में इसी पुनीत उद्देश्य के साथ किया गया जो आज खासा लोकप्रिय हो रहा है। मैच में निर्णायक की भूमिका में अशोक और उनकी टीम लगी है वहीं उद्घोषक के रूप में कैलाश विश्वकर्मा और राहुल प्रसाद ने सराहनीय भूमिका निभाया। मौके पर विशेषरूप से दारु भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बसंत नारायन, दारु विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, सदर विधायक के खेलकूद युवा कार्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी, जयप्रकाश, मंडल महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा, उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष देवदत प्रसाद, किसान मोर्चा अध्यक्ष किशुन प्रसाद, विनोद कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून, सोनी कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश के नेता रामजी कुशवाहा, हरली उपमुखिया चिंता देवी, दिलीप प्रसाद, चिंतामन साव, राजू प्रसाद, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### मेरी माटी मेरा देश अभियान का हुआ आयोजन

**पीरटांड :** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान पूरे देश भर में मनाया जा रहा है। इसी के तहत पीरटांड़ प्रखंड के पालगंज एवं कुम्हरलालो में रविवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन भाजपा द्वारा किया गया। कार्यक्रम पालगंज स्थित शहीद सीताराम उपाध्याय के पैतृक निवास स्थान महादेवमण्डा में आयोजित किया गया। जिसमें में शहीद की माँ से उनके घर का मिट्टी लिया गया जिसे एक घड़े में भर कर गिरिडीह ले जाया गया। पालगंज कार्यक्रम के प्रभारी सुरेश साव को बनाया गया था। जबकि कुम्हरलालो में प्रभारी विनय सिंह को बनाया गया था। इस कार्यक्रम के तहत कई गांव के मिट्टी को नमन करना, पंच प्रण लेना, शपथ लेना और राष्ट्रीय गान के साथ मनाया गया। इस मिट्टी को दिल्ली स्थित अमृत वाटिका में लगाया जाएगा। कार्यक्रम में अरविंद बर्णवाल, अमर सिन्हा, श्याम कुमार घोष, मयंक बर्णवाल, भोला साव, रामप्रसाद कुमार, दिनेश स्वर्णकार सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### अस्तित्व को बचाने के लिए बंगला भाषा की पढ़ाई

**हाता :** माताजी आश्रम हाता की प्रेरणा और सहयोग से बंगला भाषा का अस्तित्व को बचाने के लिए पोटका के विभिन्न गांव में बिगत 23 अप्रैल 2023 से निशुल्क रूप से बंगला भाषा की शिक्षा दी जा रही है यह जानकारी बंगला भाषा के प्रचारक तथा माताजी आश्रम के संचालक सुनील कुमार दे ने दी। उन्होंने कहा, बिगत 23 अप्रैल से विभिन्न गांव में बंगला भाषा शिखाने का स्कूल खोला गया है। जिसमें से माताजी आश्रम हाता, खायेरपाल बंगाल क्लब, कालिका पुर राधा गोविन्द मंदिर समिति, गौर निताई समिति बड़ा भूमरी प्रमुख हैं। इसके अलावे सरस्वती शिशु मंदिर कोवाली, माटीगाड़ा मध्य विद्यालय में भी बंगला भाषा की शिक्षा दी जा रही है। इसके अलावे गोविन्द पुर,आदित्यपुर,घाटशिला, पटमदा में भी अपुर पाठशाला चल रहा है। इस आंदोलन का प्रभाव दूसरे जिला में भी पड़ रहा है और बांग्ला शिखाने का स्कूल खोला जा रहा है। सरकारी स्तर से भी इसका प्रयास होना चाहिए क्योंकि झारखंड बंगला भाषी राज्य है। इस राज्य का ज्यादातर लोगों की मातृभाषा बंगला ही है। पोटका के विभिन्न जगहों में अनेक बच्चे बंगला शिख गए हैं। और दिनप्रतिदिन नए बच्चे नामांकन कर रहा है। पोटका के माताजी आश्रम में सर्व प्रथम बंगला शिखाने का स्कूल खोला गया है जो अभी भी जारी है।प्रति रविवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक बंगला क्लास किया जाता है। यहाँ सुनील कुमार दे और कमल कांति घोष नियमित रूप से बच्चे को बंगला सिखाते हैं। यह शिक्षा निशुल्क है। हर जगह निशुल्क शिक्षा दी जाती है। बंगला पुस्तक भी निशुल्क दिया जाता है। बंगला भाषा उन्नयन समिति झारखंड ने इस प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की है और बांग्ला भाषा सिखानेवाले सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया है।

### सिंघरावां में रात्रि चौपाल का आयोजन

**चौपारण :** चौपारण शनिवार रात्रि ग्राम सिंघरावा शुक्रवार बाजार परिसर में स्थानीय ग्रामीणों के साथ विधायक उमा शंकर अकेला यादव की उपस्थिति में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों का भारी जुटाव हुआ। बैठक कि अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा व संचालन ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया। इस चौपाल में स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सिंघरावा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में विकास के बात के साथ अनेकों मांग रखी गई। जिसमें सिंघरावा एनएच 2 से गोविंदपुर तक सड़क निर्माण दुर्गा मंदिर से चपरी सड़क निर्माण, कैटल पास, सामुदायिक भवन / बहुउद्देशीय भवन का निर्माण, छठ तालाब पर डैम निर्माण/ रोड निर्माण, सुंदर लाल जैन उच्च विद्यालय में प्लस टू सहित उच्च स्तरीय शिक्षा प्रारंभ करने की मांग, सरकारी विद्यालय में उच्च विद्यालय करने की मांग, शुक्रवार बाजार का सुंदरीकरण, सिंघरावा हाई स्कूल रोड में नाली निर्माण, पे जल की सुविधा, अन्य कई विकास के मांग रखा गया। विद्यायक श्री अकेला यादव ने सभी ग्रामीण को आभार जताया और सभी मांगों पर तत्काल पहल करने का आश्वासन देते हुए कहा की बहुत जल्द सिंघरावा में कई योजनाओं का शिलान्यास करने का भी भरोसा दिलाया। इसके अलावा बताया कि लगातार हमारी सरकार जन कल्याणकारी योजना के तहत हर वर्ग के लोगों तक सरकारी लाभ मुहैया करवा रही है। जिला अध्यक्ष ओबीसी दीपक गुप्ता ने विधायक को धन्यवाद और आभार जताते हुए कहा की आपके प्रयास से लागातार पूरे विधानसभा के सभी क्षेत्रों में विकास की एक लंबी लकीर खींची जा रही है, जिसका नतीजा है की सिंघराबां पंचायत में वर्तमान में करोड़ों रुपयों की लागत से कई सड़को का निर्माण हो रहा हैं। इधर शिक्षा पर जोर देने की बात करते हुए कहा की सुन्दर लाल जैन उच्च विद्यालय में उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान कराने की मांग की जिससे इस क्षेत्र सभी छात्रों को बेहतर और उच्च शिक्षा का लाभ ले सकें बैठक में मुख्य रूप से उप प्रमुख प्रीति गुप्ता, स्थानीय वार्ड सदस्य देवेंद्र साव, वार्ड सदस्य बसंती देवी, कांग्रेस सचिव नरेश साव, उप प्रमुख प्रतिनिधी लालेश साहु, समाजसेवी सुभाष राणा, सुरजदेव सिंह, सहित कई युवा, महिला व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तीन खिलाड़ी राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में लेंगे भाग

**धनबाद :** धनबाद जिला बैडमिंटन एसोसिएशन से निबंधित बैडमिंटन अकादमी की तीन खिलाड़ी सुजल रक्षित ,पीहू सिंह , उदित्य दयाल योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सब जूनियर ( अंडर 15 और 17 ) राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भाग लेगीं। एसोसिएशन के बैडमिंटन कोच संदीप दे ने बताया कि तीनों खिलाड़ियों का चयन 25 से 27 अगस्त को धनबाद इंडोर स्टेडियम ,धनबाद में आयोजित झारखंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप सेलेक्शन ट्राइल में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया गया जिसमे तीनों खिलाड़ी अपने -अपने वर्ग में विजेता -उपविजेता रहा है । तीनों खिलाड़ी अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 14 से 19 सितंबर में होने वाली योनेक्स -सनराइज राष्ट्रीय सब जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप ज्वाला गुट्टा अकादमी , हैदराबाद के लिये झारखंड टीम के साथ 11 सितंबर को रवाना होगी। झारखंड टीम के कोच कम मैनेजर संदीप दे ,मुकेश कुमार के दिशा-निर्देश में खेलेंगे। तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिये जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक बीएसपी राय, सचिव सम्राट चौधरी, सीनियर उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सतीश कुमार,उपाध्यक्ष राजेश झा, रियाज खान, शान्तनु चौधरी, कोषाध्यक्ष दीपांकर बनर्जी, दिनेश मंडल, परिमल सिंह, अरित्र दास आदि ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की ।

राष्ट्रीय खबर प्रदेश
हमारी नजर
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश >> अपडेट

**प्रमुख ने किया नाली निर्माण योजना का शिलान्यास**

हरिहरगंज : जिले के पिपरा प्रखंड अंतर्गत बभंडी गांव में प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव ने 15वीं वित्त मद की राशि से नाली निर्माण योजना का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में नाली निर्माण पूर्ण होने के बाद जल निकासी की समस्या का समाधान होगा । ग्रामीणों से जनहित की मुख्य योजनाओं को ही बताएं ताकि उस योजना की स्वीकृति के लिए जिला प्रशासन को भेजा जा सके।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के जीत एनडीए के लिए खतरे की घंटी है : विजय सिंह**

गुमला : झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह सहित दल के कई वरिष्ठ नेताओं ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की हुई जीत के लिए बधाई दी है। दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा है कि डुमरी व देशभर के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत एनडीए के लिए खतरे की घंटी है । 2024 में होनेवाली आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार की लूट झूठ का शासन को देश की जनता ने सत्ता से हटाकर जुमलेबाज व झांसेबाज मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की तैयारी कर ली है जिसका संकेत झारखंड के डुमरी विधानसभा से लेकर यूपी के घोसी विधानसभा उपचुनाव के नतीजे से दिखलाई पड़ता है। श्री सिंह ने झारखंड के डुमरी विधानसभा उपचुनाव सहित देश भर में हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की हुई जीत के लिए झारखंड नवनिर्माण दल केंद्रीय समिति की ओर से बधाई दी है। बधाई देने वालों में पुष्पा उरांव, प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, धर्मपाल उरांव, शंकर उरांव, गोपेश्वर गोप, अजीत विश्वकर्मा, शिवप्रसाद साहू, रामप्यार तूरी, शिवप्रसाद नायक, ललन साहू, भूषण सिंह, फबयानुस सारस, मंगरा उरांव व पूरन सिंह मुख्य रूप से शामिल हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**नवजात शिशु के देखभाल मामलों में निपुण हो रहे हैं सहिया बहनें**

गुमला: स्वास्थ्य विभाग के बीटीटी मो० रिजवान और पदमा कुमारी द्वारा सहिया बहनों को प्रशिक्षित कर नवजात शिशु के देखभाल एवं वृद्धि निगरानी सहित सभी मामलों में निपुण करने का कार्य किया जा रहा है। बीटीटी पदमा बताती है कि हमारी सहिया बहनों को सीएचसी में बैठने में काफी कठिनाई होती है। मगर फिर भी हमलोग जैसे तैसे सहिया बहनों को बैठाते हैं और राज्य और जिला से मिले जानकारी को उन्हीं के भाषा में समझाते है। जिसका परिणाम है कि सहिया बहनें अब नवजात शिशु का घर पर देखभाल करने में सफल हो रही है। वहीं 3 माह से 15 माह तक के शिशु का वृद्धि निगरानी सहित अन्य देखभाल में भी निपुण हो रही है।

**बिजली चोरी करने वालों को खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**

पलामू: जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाकर चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर जपला के सहायक अभियंता संजय कुमार एवं मोहम्मदगंज के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बभंडी एवं भीखा बिगहा में विशेष छापेमारी अभियान चलाया। अभियान के क्रम में चार लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। अवैध ढंग से बिजली का उपयोग करने वाले सभी लोगों के विरुद्ध हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जिसका कांड संख्या-63/2023 है।साथ ही अलग-अलग कुल उनचास हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।

फर्जी कार्य

### गलत व फर्जी तरीके से जमीन का बिक्री करने का है आरोप

# दाखिल- खारिज को रोकने के लिए सीओ व डीसी को दिया आवेदन

राष्ट्रीय खबर

गुमला : जिले के गुमला प्रखंड के भलदम चट्टी निवासी बसंत गोप ने तीन अलग-अलग दाखिल खारीज नामांतरण वाद को रोकने तथा इसे खारीज करने के लिए अंचल अधिकारी, गुमला सदर तथा उपायुक्त को आवेदन दिया है । बसंत गोप ने अपने आवेदन में कहा है कि मौजा भलदम चट्टी अंदर खाता नं० - 1, प्लाट नं ०-244 रकबा 0.99 एकड़ मझीयस जमीन को रातु गढ़ के भूतपूर्व जमीनदार महाराजा प्रताप उदयनाथ साहदेव वल्द महाराजा जगरनाथ साहदेव के द्वारा 1940 ई० में मेरे दादा सोमरा अहीर वल्द चमरू अहीर को हुकुमनामा से जमीन मिला तब से मेरे पूर्वज से इस जमीन में जोत -कोड़ एवं खेती-बारी करते रहे तथा उक्त हुकुमनामा का उल्लेख फार्म 'एम' एवं फार्म के में भी है , साथ ही सन-



1940 से 1946 ई० तक जमींदारी रसीद तथा सन 1985-86 तक सरकारी मालगुजारी रसीद मेरे पूर्वज दादा सोमरा अहीर के नाम से निर्गत है, दादा के मृत्यु के बाद मेरे पिता घुरन गोप उक्त जमीन पर खेती-बारी करते थे तथा सन-2008 ई० में मेरे पिता स्व० घुरन गोप का मृत्युपरांत उक्त जमीन मेरे दखल कब्जा में है जिसकी संपुष्टि वहां के ग्रामीण जनता तथा मुखिया द्वारा प्रदत्त वंशावली हैं ।

किंतु कुछ भू- माफियाओं ने चारों उरांव वल्द सुकरा उरांव के द्वारा हिरलायुस मिंज को डीड नं० 1898 दिनांक 06-09-2023 के तहत देकर हिरलायुस मिंज के द्वारा रातु रांची के कल्पना सिंह पति राकेश प्रताप सिंह को पावर आफ एटोरनी दे दिया गया जो बिल्कुल गलत व फर्जी कार्य है । कल्पना सिंह के द्वारा डीड नं० 1899 से दुंदरिया गुमला के शिवपुजन प्रसाद को 10 डिसमिल, डीड नं० 1900 से सोसो गुमला के प्रदीप कुमार मिश्रा को 38 डिसमिल तथा डीड नं० 1901 से अरविंद कुमार चुटिया रांची, दीपक कुमार, बालुमाथ लातेहार, तथा नंदकिशोर सिंह बैंक कालोनी गुमला को 48 डिसमिल जमीन को बिक्री कर गलत तरीके से दाखिल-खारीज के लिए सदर अंचल कार्यालय गुमला में तीन अलग-अलग आवेदन किया गया है जिसका दा० खा० वाद संख्या - 1400, 1401 तथा 1402 है जिसपर खास नोटिस निर्गत कर इन सभी नामांतरण वाद को खारीज करते हुए मेरे पूर्वज के नाम से पंजी -2 अधतन कर जमीन का आनलाईन किया जाय । अपने आवेदन के साथ आवेदक बसंत गोप ने जमीन से सम्बंधित कई आवश्यक कागजात की प्रति भी लगाते हुए न्याय की गुहार लगाया है ।

## न्यूज फटाफट

**उपभोक्ताओं के मीटर घरों के बाहर लगेंगे: प्रदीप कुमार सिंह**

पलामू : विद्युत अवर प्रमंडल जपला के सभी गांवो और शहरो के बिजली उपभोक्ता जिनका मीटर घर के अंदर है, उसे घर के बाहर मीटर लगाया जाएगा। इस आशय की जानकारी विद्युत कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि उपभोक्ताओं के घर के बाहर मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए बिजली कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि घर के बाहर मीटर लग जाने से मापन और पठन में बिजली कर्मियों की सुविधा होगी। जेई ने बताया कि उपभोक्ताओं को ही मीटर लगाने में जो तार उपयोग होगा उसे उपलब्ध कराना होगा।साथ ही वैसे उपभोक्ता जिनका विद्युत पोल से मीटर तक के तार में कोई कट या टेपिंग किया है।उस तार को अविलंब विद्युत कार्यालय जपला में जाकर लिखित आवेदन देकर सही करा ले। नहीं तो ऐसे उपभोक्ताओं पर विधुत अधिनियम के तहत जुमार्ना के साथ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जायेगी।आगे कहा जिन ग्रामीण-शहरी घरेलू उपभोक्ता और सिंचाई उपभोक्ता का बिल का भुगतान बाकी है, उन्हें विभाग द्वारा बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के तहत राहत प्रदान की जा रही है। 30 सितंबर तक यह योजना चलेगी।उपभोक्ताओं का दिसंबर 2022 तक के बिजली बिल पर लगने वाला ब्याज माफ किया जायेगा।

**सत्यनारायण सिंह बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष**

पलामू: स्तरोन्नत उच्च विद्यालय मोहम्मदगंज के परिसर में दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सत्यनारायण सिंह को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष चुना गया । जबकि नीरज कुमारअग्रवाल उर्फ दीपू लाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रामजन्म राम और डॉ पचु रजवार को महामंत्री बनाया गया है। इनके अलावा हिमांशु सिंह उर्फ अन्नु सिंह सचिव, कमलेश कुमार, पंकज कुमार कोषाध्यक्ष, विवेक विशाल बंटी, रौशन कुमार व्यवस्थापक,धीरज कुमार बबलू को संगठन मंत्री,राकेश कुमार सिंह और रविशंकर सिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इनके साथ ही गीता कुमारी को महिला संगठक चुना गया है। बैठक में रविरंजन सिंह उपमुखिया के अलावा रानू सिंह,गणेश मेहता, अशोक लाल अग्रवाल, मंटू दास, दूधनाथ राम, विनय कुमार मेहता, शशि मेहता, राजिव कुमार मेहता, राजू कुमार,चंद्रधन पासवान और सन्नी ,अमन,रामवर्त यादव,सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

**सामाजिक कॉरपोरेट दायित्व का पालन की अनदेखी को लेकर मुखर होगी पार्टी: प्रकाश उरांव**

गुमला: भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला प्रभारी सह बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति के अध्यक्ष प्रकाश उरांव ने कहा है कि गुमला जिला में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) की जिले में हो रही अनदेखी तथा खर्च की जाने वाली राशि को गबन करने के मामले को गंभीरता से पार्टी लेगी और खनन प्रभावित क्षेत्र में सी.एस.आर के तहत काम हो इसके लिए खनन क्षेत्र का दौरा कर जिला प्रशासन को कार्रवाई के लिए पूरे मामले से अवगत कराया जाएगा। उरांव ने गुमला उपायुक्त की अध्यक्षता में बीते 8 सितंबर 2023 को गुमला में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व मामलों को लेकर बैठक हुई थी, जिसमें लीजधारियों द्वारा गोल-गोल जवाब देकर अपनी विफलता को छुपाने का प्रयास किया गया है जिसको पार्टी धरातल पर जाकर भौतिक सत्यापन कर हकीकत को उजागर करेगी। कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत बॉक्साइट माइन्स क्षेत्र में कुछ काम देखने को मिलता है लेकिन पत्थर क्रशर, पत्थर खदान व ईट भट्टे वाले काम के नाम पर महज खानापूर्ति करने में लगे हुए हैं। लीजधारी द्वारा खनन प्रभावित गांव व एरिया में छोटे-छोटे काम हो इसके लिए पार्टी आने वाले समय में गंभीर प्रयास करेगी।

## भाजपाईयों ने किया मिट्टी संग्रह

राष्ट्रीय खबर

मोहम्मदगंज : मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमे घर घर घूमकर मिट्टी को घड़े में संग्रहित किया जा रहा है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश नेता कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा के अलावा सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह,सी बी रमण सिंह,कामेश्वर मेहता,नर्वदेश्वर सिंह,प्रभु प्रसाद,विश्वनाथ चौधरी,रौशन कुमार,कार्यक्रम प्रभारी सुशील कुमार मेहता,राजीव मेहता सहित कई कार्यकर्ता शामिल है।इस मौके पर भाजपा प्रदेश नेता कुशवाहा ने कहा कि तिरंगा देश के शहीदों की बदौलत मिला है,शहीदों का लहू देश की मिट्टी के कण कण में है,पूरे देश मे यह कार्यक्रम जारी है।पूरे देश से मिट्टी को संग्रहित कर नमन किया जाएगा,जिस मिट्टी के कण कण में शहीदों के बलिदान की अमरगाथा है।मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने कहा कि 17 सितंबर तक प्रखंड क्षेत्र में यह कार्यक्रम चलेगा ,जिसमे घर घर घूमकर मिट्टी को संग्रहित किया जाएगा।

## ऐतिहासिक होगी भाजपा की संकल्प यात्रा: कर्नल संजय

राष्ट्रीय खबर

पलामू: भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने ढंगवार ओपी क्षेत्र अन्तर्गत बेलबीघा पंचायत में बैठक का आयोजन कर आगामी 14 सितंबर को हुसैनाबाद के अनुमंडलीय मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी की होने वाली संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु लोगों को जागरूक किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने ने कहा कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि बाबुलाल मरांडी जी के संकल्प यात्रा को विधानसभा में प्रवेश करने पर एक एक कार्यकर्ता को पूरी ईमानदारी से जी जान से मेहनत कर सफल बनाये। यात्रा आने से लेकर जाने तक ऐतिहासिक व भव्य बनानें के साथ एक ऐसे वातावरण का निर्माण हो जिससे ये जन-जन की यात्रा बन जाये। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में हुसैनाबाद अनुमंडलीय कपूर्री मैदान में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यात्रा को मिल रहे आमजन के स्नेह व आशीवार्द से यह तय हो गया है कि इस यात्रा से झारखंड में हेमंत सरकार की विदाई तय है। बैठक के दौरान जनेश्वर सिंह, चंचल सिंह,छेदी पासवान, रविंद्र मेहता, सुदामा ठाकुर रमेश राम फुलेन्द्र सिंह संतोष पाठक लालधन ठाकुर रवि सिंह डबल सिंह व मुन्ना सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

## बैठक में जिला समिति पुर्नगठन का लिया गया निर्णय

राष्ट्रीय खबर

गुमलाः जिला मुख्यालय स्थित जशपुर रोड़ के तेलगा खड़िया स्टेडियम में गुमला जिला सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशिक्षक संघ का बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीटीटी श्रीमती उमा देवी ने किया। बैठक में जिला के सभी ग्रामीण बीटीटी, परिवार नियोजन बीटीटी और आरकेएसके बीटीटी शामिल हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीटीटी श्रीमती उमा देवी ने कहा कि संघ को फिर से सक्रिय करना है इसलिए सभी प्रखंडों की सहिया, सहिया साथी और बीटीटी को एक साथ मिलकर कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। श्रीमती उमा देवी ने संघ की मजबूती के लिए व्यक्तिगत लाभ को त्याग कर सामुहिक लाभ के लिए सबो को हाथ से हाथ जोड़कर शपथ दिलाई।संघ के वरिष्ठ सदस्या आरकेएसके बीटीटी श्रीमती जसिंता तोपनो ने कहा कि गुमला जिला का संगठन बहुत ही मजबूत संगठन था। इसका उदाहरण है कि हमलोग राज्य के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलें और आज सभी बीटीटी एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। आने वाला समय हमारी एकता फिर से दिखेगी।संघ की वरिष्ठ सदस्या आरकेएसके बीटीटी श्रीमती उर्मिला देवी ने कहा कि संघ में अनुशासन बहुत ही जरूरी है। अनुशासन से ही संघ मजबूत होगा। सभी को संघ के लिए समय और धन त्याग करना होगा तभी जाकर हम मजबूत होंगे और तभी विभाग हमें गंभीरता से लेंगी। संघ की वरिष्ठ सदस्या ग्रामीण बीटीटी श्रीमती बबीता देवी ने कहा कि पुरानी बातों को याद करने से दुःख ही हाथ लगेगा। इसलिए पुरानी बातों को भुलकर एक बार नए उत्साह के साथ मिलकर संघ को मजबूती प्रदान करना है।

संघ के वरिष्ठ सदस्य ग्रामीण नियोजन बीटीटी एजरस एक्का ने कहा कि पुरानी समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया जाए। संघ की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती सुशांतिधारी किंडो ने कहा कि सहिया बहनों को लेकर चलना होगा तभी हमारी अस्तित्व रहेगा। संघ की वरिष्ठ सदस्या ग्रामीण बीटीटी श्रीमती सुमन कुजूर ने कहा कि हम सभी को संघ की आवश्यकता है। संघ रहने से सुख, दुःख में एक दुसरे को सहयोग मिलता है। संघ की नई सदस्या परिवार नियोजन बीटीटी श्रीमती अरुणा देने कहा कि संघ में शक्ति होती है। संघ द्वारा ही मिलकर हम अपने जायज मांगों को विभाग तक पहुंचा सकते हैं और मजबूत होंगे तो विभाग भी हमारी मांगे को पूरा करेंगी।

अंत में निर्णय लिया गया है अगस्त माह में सभी प्रखंडों में सहिया बहनों, सहिया साथी और बीटीटी का एक बैठक आयोजित किया जाए। जिसमें दूसरे प्रखंड के साथी सम्मिलित हो और संघ का पुनर्गठन किया जाए। संघ की अगली बैठक 8 अक्टूबर को इसी स्थान पर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में दो दो सहिया साथी को भी शामिल किया जाए।

### मेरी माटी,मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत

## भारतीय जनता पार्टी ने शहीद बिरसा उरांव के घर से उठाया मिट्टी

राष्ट्रीय खबर

गुमलाः भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा निर्देशित पूरे भारतवर्ष में चल रहे मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत गुमला जिला के करौंदी पंचायत स्थित बूथ संख्या 157 में कारगिल शहीद बिरसा उराव के घर से भाजपा गुमला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह के नेतृत्व में पवित्र मिट्टी का संग्रहण किया गया। जहां मुख्य रूप से राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा उपस्थित थीं। उन्होंने कहा देश के लिए शहीद नौजवानों के सम्मान में और भारत देश में स्थित सांस्कृतिक विरासत की गौरवशाली इतिहास को एक साथ सहेजने के लिय पवित्र मिट्टी से देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका बना रहे हैं। जो हर भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। मौके पर जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, पूर्व विधायक कमलेश उराव,जिला संगठन प्रभारी बब्बन गुप्ता, भूपन साहू, निर्मल गोयल दामोदर कसेरा, राधेश्याम कुशवाहा, संजय वर्मा, अरविंद मिश्रा, रविंद्र सिंह बालकेश्वर सिंह हरिहर कुमार, श्याम गुप्ता, कंचन सिंह, मनोज सिंह, सुरेश मिश्रा आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पत्थर खदान की घटना**

### आनंदपुर टोंगरी टोली गांव की घटना

# पत्थर खदान के पानी में गिरकर हुई कमल लोहरा की मौत

▶▶ग्रामीणों के द्वारा सूचना देने के बाद लाश को पानी से निकाला गया

▶▶कमल लोहार उनका हाथ पहले से अपाहिज था कुछ दिन तक वह भीख मांग के गुजारा कर रहे थे

राष्ट्रीय खबर

गुमलाः कमल लोहरा पिता स्वःमाडू लोहरा आनंद पुर टोंगरी टोली उम्र लगभग 25साल कल शाम लगभग 7 बजे शनिवार को पत्थर खदान में जमें पानी में गिर गया परिजनों ने रात भर खोज बीन करने लगे नहीं मिला।आज सुबह में कूछ लोग पत्थर खदान की ओर गये तब देखा गया । कि पानी में कमल गिरा पड़ा है। ग्रामीणों के द्वारा सूचना देने के बाद लाश को पानी से निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर प्रकाश खाखा, प्रखंड अध्यक्ष गुमला उपाध्यक्ष सत्यानंद महतो गुमला समाजसेवी राजपति जी मजदूर संघ के जिला समिति सदस्य मुकेश राम घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से मिले परिजनों से मिलने के बाद पूरी घटनाक्रम की जानकारी ली । मजदूर संगठन सीएफटीयूआई के नेताओं ने कहा कि जिस तरह से यहां पर अवैध खनन का धंधा चल रहा है और जिस तरह से यह बस्ती बस हुआ है इसे स्पष्ट यह कहा जा सकता है कि यहां कभी भी और भी बड़ी घटना घट सकती है जो मृत व्यक्ति है कमल लोहार उनका हाथ पहले से अपाहिज था कुछ दिन तक वह भीख मांग के गुजारा कर रहे थे और उनके भैया और भाभी मजदूरी करते हैं 6 बाल बच्चे छोटे-छोटे हैं गरीबों के अभाव में पढ़ाई लिखाई सहित हर तरह की समस्या इन लोगों को हो रही है आनंदपुर टोंगरी टोली गांव की यह घटना है।

## प्रस्तावित कुडूंख उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह आयोजित

राष्ट्रीय खबर

गुमलाः सिसई प्रखंड क्षेत्र के शिवनाथपुर प्रस्तावित कुडूंख उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बिधायक जिगा सुसारण होरो ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में हर महिला पुरुष को शिक्षा के लिए नशा पान से छुटकारा पाने की आवश्यकता है। अशिक्षा को समाप्त किए बिना देश का विकास संभव नहीं है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा किया गया ।स्वागत भाषण प्रधानाध्यापक सुकरू उरांव ने देते हुए विद्यालय के विकास के लिए सभी लोगों को सहयोग करने की अपील की, उन्होंने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं बच्चों तथा ग्रामीण जनता सभी को शिक्षक दिवस सम्मान समारोह में भाग लेने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर आगत अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत किया गया वहीं स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।।मौके पर लोहरदगा बिधानसभा के पूर्व बिधायक सुखदेव भगत ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है देश में नए-नए विकास के आयाम लिखा जा रहे हैं इसके लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। मौके पर प्रधानाध्यापक सुकरु उरांव,सिसई उतरी जिला परिषद सदस्य? विजय लक्ष्मी कुमारी,बीससूत्री अमर टोप्पो, झामुमो नेता रवि उरांव, प्रकाश उरांव, दशरथ भगत, भोजा टाना भगत, बिरसा पहान, गंदुर उरांव, अफरोज अंसारी, ललित साहु, गौरी शंकर भगत, रामा उरांव, राजेन्द्र उरांव, बंधन उरांव, रंजीत उरांव, शिक्षक शिक्षिकाए मौजूद थे।

## शहर ›› अपडेट

### प्राथमिकी : अभियुक्त को भेजा जेल

जयनगर : जयनगर थाना कांड संख्या 182/23 के प्राथमिकी अभियुक्त शेख सफीक पिता स्व. शेख हमीद उर्फ हमिद खान उम्र लगभग 35 वर्ष ग्राम बनासो थाना बिष्णुगढ़ जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## सिटी अपडेट्स ››

### 2023नीट परीक्षा में पायी सफलता

मरकच्चो :प्रखंड के ग्राम कादोडीह निवासी सिद्धार्थ कुमार पिता मनोज कुमार ने नीट 2023 में सफलता पायी है। सिद्धार्थ कुमार ने ऑल इंडिया रैंक 4781 एवं झारखंड राज्य में 13वां रैंक प्राप्त किया है। सिद्धार्थ कुमार का चयन एमबीबीएस पढ़ाई हेतु रांची स्थित रिम्स कॉलेज में हुआ है। सिद्धार्थ के पिता मनोज कुमार अनुमंडल पदाधिकारी हैं तथा माता एक गृहिणी है। सिद्धार्थ के दादा बद्री राम सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि सिद्धार्थ बचपन से ही होनहार था। उन्होंने माध्यमिक तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा से तथा इंटरमीडिएट की पढ़ाई कोटा राजस्थान से प्राप्त की। उनकी इस सफलता पर पूरे गांव में उल्लास एवं खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर कार्तिक प्रसाद वर्मा, अर्जुन महतो, राजेश सिंह, डुगन महतो, त्रिवेणी राम, सुशील राम, अशोक राम, राजेश पासवान, जितेंद्र सिंह, शंकर पासवान, बलदेव महतो, तुलसी महतो, शशि पासवान, सचिन पासवान, गोविंद महतो, मनोहर वर्मा, कैलाश राणा, पोखराज साव, रामदेव रविदास एवं अन्य ग्रामीणों ने शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### करमा महोत्सव मनाने को लेकर चर्चा

पेटरवार : पेटरवार स्थित गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के आवासीय कार्यालय परिसर में रविवार की संध्या पांच बजे एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी ने की। बैठक में आगामी 23 सितंबर को बिनोद बिहारी महतो की जयंती ओर करमा महोत्सव मनाने को लेकर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान दोनों कार्यक्रम जोरदार तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में कृष्ण कुमार महतो, चुन्नू महतो, रतन महतो, अखिलेश महतो, चंदन सिन्हा, संतोष कुमार महतो, बैजनाथ महतो, राजू कुमार महतो, सुमित कुमार, डब्लू कुमार, बच्चन घांसी सहित अन्य मौजूद रहे।

### बड़कागांव पुलिस ने अवैध बालू लदा 5 ट्रैक्टर किया जप्त

बड़ कागांव :बड़ कागांव पुलिस ने अवैध बालू के विरुद्ध पिछले तीन दिनों तक लगातार बड़ी कार्रवाई की। पिछले तीन दिनों से प्रखंड के भगवान बागी में बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में शनिवार रात्रि को दो ट्रैक्टर, शुक्रवार रात्रि को दो ट्रैक्टर तथा गुरुवार रात्रि को एक ट्रैक्टर पकड़ा गया है। पिछले तीन दिनों में पांच ट्रैक्टर पकड़ कर थाना लाया गया। अवैध बालू के विरुद्ध कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मची है। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक पूरे झारखंड में एनजीटी लागू है इसलिए ट्रैक्टर व हाइव गाड़ी मालिक चलाना वाली बालू धुलाई करें। अन्यथा उनके विरोध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री तिर्की ने आगे कहा कि पांचो ट्रैक्टर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खनन विभाग को आगे के कार्रवाई के लिए कहा।

**आयोजन** लोहरदगा भजपा ने सदर प्रखंड के गांवों से किया मिट्टी का संग्रहण

# कलश में मिट्टी संग्रहण कर जिला व प्रदेश भेजी जायेगी:सुरजमोहन साहू

राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा :** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित 10 सितंबर रविवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा सदर प्रखंड के द्वारा 04 गाँवो का मिट्टी कलश मे किया गया संग्रहण।इस निमित प्रखंड के भटखिजरी शक्ति केंद्र पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरज दसौंधी के अध्यक्षता मे एवं मंडल प्रभारी सुरज मोहन साहू एवं मंडल कार्यकताओं की उपस्थिति मे बैठक भी आहुत कर मंडल के सभी 38 गाँवो मे मिट्टी संग्रहण को लेकर बैठक मे प्रभारी भी बनाये गये हैं।आज लोहरदगा ग्रामीण मंडलके भटखीजरी,बाघा,बसरी,व भक्सो समेत 04 गाँवो से मिट्टी कलश मे संग्रहित की गई। इस अवसर पर मेरा माटी,मेरा देश कार्यक्रम के निमित मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम मे उपस्थित प्रखंड प्रभारी सुरजमोहन साहू ने कहा कि देश के अमर बीर शहीदों के याद मे गाँवो से आगामी 17 सितंबर तक कलश मे मिट्टी संग्रहण कर जिला एवं प्रदेश भेजी जायेगी। फिर प्रदेश भाजपा के द्वारा एक बृहद कार्यक्रम आयोजित कर सभी कलश मे संग्रहित मिट्टी को दिल्ली भेजी जायेगी और उस मिट्टी से एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा। मंडल अध्यक्ष सुरज दशौंधी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे आज भारत चंद्रयान-3,जी-20,की सफलता से भारत वैश्विक पटल पर एक शक्तिशाली देश के रुप मे पहचान बनाने मे कामयाबि हासिल किया है। जी-20 के भारत मे वैश्विक स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था होगी और मजबूत।हम सभी देशवासियों को एसे कुशल नेता प्रधानमंत्री पर गर्व है। मौके पर मिट्टी संग्रहण कार्यक्रम मे विवेक चौहान,राजेन्द्र कुंवर,अखिलेश कुमार,सरिता कुमारी,अंजू सोन तिर्की,आदर्श चौहान,अमित कुमार लोहरा,सानू महली,विश्वनाथ उराँव,रौशन कुमार,नीरज महली,विन्देश्वर उराँव,पाकी महली,देवनाथ महली,नीरज महली,अमित लोहरा,महेन्द्र लोहरा,शुशीला लोहरा,बिनोदलोहरा,मधु देवी,विजय,संजीत,कैलाश,रौशन, कैला,इत्यादि कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### मोती महतो की पुण्यतिथि श्रद्धांजलि समारोह के साथ संपन्न

जयनगर :प्रखंड के आदर्श + 2 उच्च विद्यालय मधवाटांड के संस्थापक निदेशक स्व. मोती महतो की 13 वीं पुण्यतिथि विद्यालय में श्रद्धांजलि समारोह के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. मोती महतो एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. लोकनी देवी की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात रेशमा कुमारी, सुनिता कुमारी, वीणा कुमारी आदि छात्राओं ने इतनी शक्ति हमें देना दाता गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार ने किया। श्रद्धांजलि समारोह को कोडरमा जिला परिषद की उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जयनगर पूर्वी जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, जयनगर मध्य जिला परिषद प्रतिनिधि देवनारायण यादव, मरकच्चो जिला परिषद प्रतिनिधि मंटु कुमार तिवारी, मुखिया गणपत यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, समाजसेवी अरमान खान, पूर्व शिक्षक जागेश्वर यादव विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव, शिक्षक रवींद्र कुमार रवि आदि ने संबोधित किया। पुण्यतिथि के अवसर पर स्व मोती महतो मेमोरियल एकदिवसीय नॉकआउट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में वाई. बी. सी. कोडरमा, एस. बी. सी. क्लब झुमरी तिलैया, आजाद एकेडमी कोडरमा, झारखंड पब्लिक स्कूल कोडरमा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूपयडीह, आदर्श +2 उच्च विद्यालय मधवाटांड की बालक और बालिका की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में एस. बी. एस. क्लब तिलैया की टीम बालक एवम बालिका वर्ग में क्रमशः बालिका वर्ग में आदर्श + 2 उच्च विद्यालय को एवम बालक वर्ग में वाईबीसी कोडरमा को हराकर खिताब अपने अपने नाम कर लिया। विद्यालय ने कोडरमा जिले के खिलाडी विल्सन पॉल, शाहनवाज, सोनाली कुमारी, विद्या भारती और बिट्टू कुमार जो झारखंड स्टेट को रिप्रेजेंट कर इंटर स्टेट खेले खिलाडी को भी सम्मानित किया। मौके पर उपप्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, गोपाल कुमार यादव, महेन्द्र कुमार पांडेय, नरेश सिंह, मुकेश राणा, सीताराम यादव, दीपक कुमार, शाहिद हुसैन, पप्पु कुमार, सनोज कुमार, इस्तयाक अंसारी पंकज कुमार, सुनील यादव, संतोष कुमार, केदार यादव, शमशेर आलम, सुनिता कुमारी, रिंकी देवी, रामचंद्र यादव, लक्ष्मण चन्द्र यादव, जन्नत परवीन, मिथिलेश पांडेय, पम्मी राय के साथ अन्य कर्मी मौजूद थे।

### व्यापक बहस के बाद ही नए कानून लागू हों: दिनेश

कोडरमा: दलित शोषण मुक्ति मंच झारखंड के राज्य महासचिव दिनेश रविदास ने केंद्र सरकार से मांग किया है कि देश में वर्तमान तीनों फौजदारी कानूनी विधेयक पर व्यापक बहस के उपरांत ही लागू किया जाय न कि सरकार अपने हित में गैरकानूनी रुप से लागू कर दे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तीन फौजदारी कानून इंडिया पीनल कोड, कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर तथा इंडियन एवीडेंस एक्ट है। केन्द्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020 मे एक गठित कमिटि के सिफारिशों के आधार पर इन तीनो नियमों, कानूनों को क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय सुरक्षा कानूनों के नाम से बदलना चाह रही है। महत्वपूर्ण अपराधिक कानूनों में बिना राज्य सरकारों, राजनीतिक पार्टियों, न्यायविदों तथा जनता से व्यापक परामर्श-बहस किये बिना ही केन्द्र सरकार इसे जल्दीबाजी में बदलने की मंशा बना रही है जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित प्रतीत नहीं होता है।

# नए एसपी अनुदीप सिंह ने किया पदभार ग्रहण

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में झारखंड कैडर के आईपीएस अनुदीप सिंह ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया। एसपी कुमार गौरव से कोडरमा के 24वें एसपी के रूप में अनुदीप सिंह ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि पुलिस तत्परता और ईमानदारी से कार्य करेगी। व्यवसाय करने वाले लोग निर्भीक होकर अपना कार्य करें। किसी भी तरह की कोई समस्या हो तो सीधे हमसे संपर्क कर अपनी समस्या रख सकते हैं। जिले में बढ़ते जमीन विवाद के मामले पर एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि जिले की वस्तुस्थिति को समझने के बाद एक रणनीति तैयार कर वरीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में इस पर कार्य करते हुए जमीन से संबंधित विवादों को कम किया जाएगा। एसपी ने बताया कि इससे पहले वे एसडीपीओ तोरपा, डीएसपी सीआईडी, डीएसपी एसटीएफ झारखंड जगुआर के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। बता दे कि आईपीएस अनुदीप सिंह अभी सीनियर डीएसपी एसआइरबी खूंटी में तैनात थे। एसपी के रूप में उनकी पहली पदस्थापना कोडरमा में हुई है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

राष्ट्रीय खबर

**कुडू:**सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 65 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल एवं सचिव जयप्रकाश शर्मा ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया,सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किया।आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 62 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की जरूरतमंदों का सेवा करना ही ईश्वर के सेवा करने के बराबर है,और कहा कि बीमारी का इलाज के साथ-साथ कई चीजों से परहेज रखने पर भी अनेको बीमारियों से निजात मिलता है,डॉ कुमुद ने कहा की लगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देना चाहिए एवं समय-समय पर अपना स्वास्थ्य की जांच कराते रहिए,उपाध्यक्षअवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह एवं सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 1 जून 2022 से लगातार प्रत्येक सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 से 1 घंटा के लिए लगाई जाती है,जो कि प्रत्येक सप्ताह निरंतर चलते रहेंगे,आज लोगों ने अपना स्वास्थ्य हेतु शुगर,वजन,बी.पी, हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल,आदि का चेकअप करवाते हुए डॉ से अपने बीमारियों का इलाज करवाते हुए परामर्श भी लिए,आज शिविर में,जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल,जय प्रकाश शर्मा,अवधेश मित्तल,संजय चौधरी,शशि भूषण सिंह,सुबोध प्रसाद महतो,गोपाल सिंह,अमर गोस्वामी,सत्यम सर्राफ,वाराणसी प्रसाद,रामपाल प्रसाद,उमेश प्रसाद कास्यंकार,अंजलि सर्राफ,हिरदा देवी,अतुलसर्राफ,अवनीश चंदा,दयावतीदेवी,मनोज अग्रवाल,विपुल प्रजापति,राजेंद्र प्रसाद,अजयपोद्दार,प्रदीप तमेड़ा,उर्मिलादेवी,सुनील अग्रवाल,बबीतादेवी,मोहम्मद सरफुल,रमेश शर्मा,सूर्यकांत दुबे,फागु साहू,वीरेंद्र महतो,उदय प्रसाद,राम प्रसाद,प्रदीप खत्री,उदय प्रसाद,सरोज कुमारी,गोपाल प्रसाद,तुलसी उरांव,प्रमोद प्रसाद,सिद्धि कुमारी, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

### अकतो नदी पुल की हालत जर्जर

जयनगर : प्रखंड कटहाडीह अकतो नदी पर बने पुल काफी जर्जर हो गया है। उक्त पुल पर बना रैलिंग ध्वस्त हो गया है। यहां तक कि उक्त पुल का पिलर कभी भी ध्वस्त हो सकता है। बता दें कि नदी से पूर्व में अवैध बालू का उठाव होने के कारण पुल का पीलर बारिश में ऊपर हो गया। इसी वजह से पिलर करीब 2 मीटर जमीन में से ऊपर हो गया। समय रहते पुल की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले दिनों में कभी भी पुल ध्वस्त हो सकता है। इस पुल से सैकड़ों छोटी बड़ी वाहन के साथ साथ भारी वाहन भी चलते रहता है तथा पदाधिकारियों का आना जाना भी लगा रहता है। उसके बाद भी इस पुल को देखने वाला कोई पदाधिकारी नहीं है। यह पुल मरकच्चो, जयनगर, झुमरी तिलैया का मुख्य मार्ग है। जयनगर प्रखंड, मरकच्चो प्रखंड के करीब दर्जनों गांवों के सैकड़ो ग्रामीण आवागमन करते रहते हैं। ग्रामीणों को अंदेशा सता रहा है कि पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है और ऐसा हुआ तो करीब एक दर्जन से ज्यादा गांव टापू में तब्दील हो जाएगा। ग्रामीणों ने इस पुल एवं रैलिंग को समय रहते मरम्मत कराने के साथ-साथ प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की भी मांग की है। झारखंड सरकार एवं विभाग समय रहते मरम्मत नहीं कराया तो विभाग को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ेगा।

# रसोईया के साथ शोषण बर्दाश्त नहीं: सोनिया

राष्ट्रीय कबर

**झुमरीतिलैया:** साहू धर्मशाला में झारखंड राज्य विद्यालय मध्यान भोजन, रसोईया संघ एटक कोडरमा की बैठक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमिला देवी ने किया। इस बैठक में उपस्थित जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने रसोईया को एकजुट होने और लड़ाई लड़ने को कहा। जिप सदस्य महादेव राम ने बताया कि महंगाई के दौर में सबसे गरीब मजदूर रसोईया है जो 66 रुपया में दिन-दिन भर काम करती है। एटक अध्यक्ष विनोद पासवान ने बोला कि कोडरमा जिले में सभी मजदूरों को एकजुट करके लड़ाई लड़ेंगे और मजदूरों को हक अधिकार दिलाएंगे। किसान नेता उदय द्विवेदी ने कहा कि कोडरमा जिला में मजदूर किसान के साथ बहुत शोषण किया जा रहा है जैसे दिहाड़ी मजदूर निर्माण मजदूर के साथ श्रम विभाग बहुत अनदेखी किया जा रहा है। सेविका संघ की जिला अध्यक्ष सरिता रानी ने कहा कि जितना कामकाजी महिला है सभी के साथ शोषण किया जा रहा है। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने कहा कि आज हम लोग बैठक किए हैं। वहीं 16 सितंबर को समाहरणालय कोडरमा में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका मिड डे मील, रसोईया सहिया दीदी, माईका मजदूर डीवीसी पावर प्लांट मजदूर दिहाड़ी एवं निर्माण मजदूर मनरेगा मजदूर शामिल होंगे। सोनिया देवी ने कहा कि कोडरमा जिले में अभ्रक नगरी के नाम से जाना जाता है लेकिन सबसे ज्यादा अन्याय अभ्रक मजदूरों के साथ किया जाता है। बैठक में एटक उपाध्यक्ष अमर परमार, बसमतिया देवी, तुलावती देवी, धनेश्वरी देवी, गुड़िया देवी, पार्वती देवी, उर्मिला देवी सीता देवी, कांति, सोनी कुमारी, मुन्ना देवी, सुनीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# संगठन के संचालन के लिए कार्यालय जरूरी:मुंडा

राष्ट्रीय कबर

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला भारतीय जनता पार्टी वक्सी डीपा स्थित जिला कार्यालय मे रविवार को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के अध्यक्षता मे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूँटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका एवं जिला उपाध्यक्ष के उपस्थिति मे जिला कार्यालय प्रवंधन को लेकर आवश्यक बैठक आहुत की गई। बैठक मे पुर्व मंत्री झारखंड सरकार सह खूँटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि संगठन को चलाने हेतू कार्यालय का होना आवश्यक है,और लोहरदगा जिला मे पार्टी केंद्र नेतृत्व के द्वारा कार्यालय की व्यवस्था की गई यह लोहरदगा जिला भाजपा कार्यकताओं के लिए बहुत बड़ी बात है। अब इसे सुचारु रूप से संचालन हेतू भवन प्रवंधन टीम का गठन होना आवश्यक है। बैठक मे प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका ने जिला कार्यालय के पुस्तकालय, बगीचा, सुरक्षा, सीसीटीवी, कन्फेंस हाल साउन्ड मिक्कर, इत्यादि विषयो के अद्यतन हालत व रख रखाव पर चर्चा की वही आईटी सेल को नियमित रूप से सीसीटीवी मे रिकार्ड चेक करने का निर्देश प्रदेश कोषाध्यक्ष ने दिया। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने प्रदेश पदाधिकारीयो से स्टाफ रूम, विद्युत बिल, कार्यालय के सामने मिट्टी भराव, इत्यादि कार्यालय के कुछ आवश्यक कमियों को प्रदेश पदाधिकारी के समक्ष रखते हुए उसे पुर्ण करने की बात कही मौके पर कार्यालय प्रवंधन बैठक मे उपरोक्त लोगो के अलावा जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, नीरज कुमार नलिन, महामंत्री बालकृष्णा सिंह, कार्यालय मंत्री सुरेश बैठा, कार्यालय प्रभारी अशोक साहू इत्यादि बैठक मे उपस्थित थे।

### शिकायतो पर ध्यान नहीं देते हैं अभियंता

मरकच्चो: विद्युत विभाग के सांसद प्रतिनिधि शंभू कुमार सिंह ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को आवेदन देकर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता व कनीय अभियंता के द्वारा फोन नही उठाने का आरोप लगाया है। दिए गये आवेदन में सिंह ने कहा है कि सहायक अभियंता डोमचांच व कनीय अभियंता मरकच्चो के द्वारा जब से योगदान दिया गया है तब से उन लोगों के द्वारा जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का फोन नहीं उठाया जाता है। उन्होंने कहा है कि 9 सितंबर को बिजली बाधित रहने पर कई बार इन लोगों को मोबाइल पर संपर्क साधने का प्रयास किया गया पर इन दोनों के द्वारा फोन नहीं उठाया गया और ना ही किसी प्रकार की सूचना देने का काम किया गया। उन्होंने कहा इसके बाद 9 सितम्बर की रात्रि लगभग 10 बजे कार्यपालक अभियंता को फोन लगाकर बात किया गया तो उनके पहल पर 9 सितम्बर की देर रात्रि 11 बजे बिजली बहाल की गई। दोनों के लापरवाही के कारण यहां के लाइनमैन एवं ऑपरेटर भी भारी लापरवाह हो गए हैं। वहीं सहायक अभियंता संदीप कुमार ने कहा कि मुझ पर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।

**आस्था** 8 वर्ष से 10 वर्ष के 15 बच्चों ने किया निर्जला एकदिवसीय उपवास

# जैन संत ने उपवास के लिए दिया मंगल आशीर्वाद

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** जैन संत परम पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद एवम प्रेरणा से एवम क्षुल्लक श्री 105 श्रुतसागर जी महाराज एवम क्षुल्लक श्री सोहम सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में श्री दिगंबर जैन समाज कोडरमा के अंतर्गत चलने वाली श्री दिगंबराचार्य विद्यासागर पाठशाला के बच्चों के द्वारा चंदन षष्ठी व्रत धारण कर 8 वर्ष से 10 वर्ष तक के लगभग 15 बच्चों ने निर्जला एकदिवसीय उपवास किया ।उन सभी बच्चों का श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व मंत्री जयकुमार-त्रिशला देवी जैन गंगवाल के द्वारा संध्या में णमोकार चालीसा कार्यक्रम के मध्य में सभी बच्चों का माला-मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही मनीष नेहा जैन गंगवाल ने सभी बच्चों को उत्कृष्ट तपस्या करने पर सबको उपहार दिया ।इस अवसर पर कोडरमा में विराजित णमोकार चालीसा वाले बाबा पूज्य मुनि श्री 108 सुयश सागर जी महाराज ने कहा कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य है धर्म को आगे बढ़ाने वाले है अभी से जो धर्म की मर्म को समझ कर अपने जीवन मे त्याग तपस्या करता है उसके जीवन मे हमेशा खुशियां बरसती है, आज एक दिन का निर्जल उपवास कर रहा है वो आगे जाकर दसलक्षण जैसे महापर्व को भी धारण कर अपने जीवन को धर्म मार्ग पर लगाएगा ।यहाँ के बच्चों में धर्म की भावना बहुत है धर्म के सभी कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है ।साथ ही इन बच्चों पाठशाला में को पढ़ाने वाली सभी शिक्षिका को भी मुनि श्री ने मंगल आशीर्वाद दिया।इस मौके पर समाज के मंत्री ललित सेठी चतुर्मास संयोजक नरेंद्र झांझरी के अलावा राज छाबड़ा,राजीव छाबड़ा पाठशाला परिवार से नीलम सेठी जूली लुहारिया कल्पना सेठी के साथ पाठशाला परिवार के अन्य सभी शिक्षिकाएं एवम सदस्य उपस्थित थे। अंत में सम्मान कर्ता परिवार का धन्यवाद पाठशाला की संयोजिका सुनीता सेठी ने किया ।यह जानकारी प्रचार प्रसार मंत्री श्री राजकुमार अजमेरा ने दी।

### प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

कुडू: 11 सितंबर राजकीय कृत उच्च प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ में खेलो झारखंड के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उपाध्यक्ष जिला परिषद के द्वारा समय 11 बजे किया जाएगा। मौके पर अन्य जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। ज्ञात हो कि विद्यालय स्तर का खेल हो चुका है जिसमें चयनित प्रतिभागी या टीम प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने पर जिला स्तर के लिए प्रतिभागियों को भेजा जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### किरण जार्ज ने जीता इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब

**मेदान (इंडोनेशिया):** भारत की युवा सनसनी किरण जॉर्ज ने रविवार को जापान के कू ताकाहाशी को 21-19,22-20 से हरा कर इंडोनेशिया मास्टर्स ट्रॉफी के पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया है। किरण ने 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में दुनिया के 82वें नंबर के खिलाड़ी ताकाहाशी को सीधे सेटों में धूल चटायी। मैच की शुरुआत में पिछड़ने के बाद किरण ने अपने गेम में सुधार करते हुये ताकाहाशी से 18-15 की बढ़त हासिल कर ली। ताकाहाशी ने हालांकि एक समय इस अंतर को 19-20 कर दिया मगर किरण ने गेम जीत कर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली। दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। स्कोर एक समय 6-6 की बराबरी पर था लेकिन किरण ने 16-11 की बढत बना ली। ताकाहाशी ने हार नहीं मानी और स्कोर 19-19 कर दिया किरण इस बीच पहला मैच प्वाइंट भुनाने में नाकाम रहे लेकिन दूसरा मैच प्वाइंट भुना कर उन्होंने मुकाबला जीत लिया। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के निदेशक और पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने कहा, '' यह शानदार जीत है, यह इन अवसरों को भुनाने और लगातार अच्छा खेलने के बारे में है। देश के अन्य खिलाड़ी भी युवा और समान रूप से अच्छे हैं, इसलिए मैं उनसे काफी खुश हूं। '' इस साल जनवरी में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 43वें नंबर पर पहुंचने वाले किरण ने बीते मई-जून में थाईलैंड ओपन में चीन के शीर्ष खिलाड़ियों शी युकी और वैंग होंगयांग को हराकर अपना दमखम दिखाया था।

### लॉरेन बेल की जगह एलिस डविडसन इंग्लैंड टीम में

**नॉर्थम्प्टन :** श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में इंग्लैंड की महिला टीम ने तेज गेंदबाज लॉरेन बेल के स्थान पर ऑलराउंडर एलिस डविडसन-रिचर्ड्स को बुलाया है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ट्वीट किया, ''लॉरेन बेल श्रीलंका के खिलाफ विटैलिटी आईटी20 या मेट्रो बैंक एकदिवसीय श्रृंखला में आगे नहीं खेल सकेंगी क्योंकि वह बीमारी से नहीं उबर पायी हैं। वह जल्द ही ठीक हो जाएं और हम आपको वापस एक्शन में देखने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते।'' डेविडसन-रिचर्ड्स ने एक टेस्ट, चार वनडे और आठ टी20ई में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उनके नाम 25.25 की औसत और 5.61 की इकोनॉमी से चार वनडे विकेट हैं। उनके नाम इस प्रारूप में 31.5 की औसत से 63 रन भी हैं। इंग्लैंड ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे मैच में सात विकेट से जीत हासिल की। तीन मैचों की सीरीज का दूसरा मैच 12 सितंबर को नॉर्थम्प्टन में होगा। इंग्लैंड तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे चल रही है।

### कोलंबिया के कुआड्राडो चिली के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे

**बगोटा:** कोलंबिया के अनुभवी विगर जुआन कुआड्राडो चोट के कारण मंगलवार को चिली के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे। कोलम्बियाई 35 वर्षीय इंटर मिलान खिलाड़ी ने पैर की मांसपेशियों में चोट लगने के बाद गुरुवार को शुरुआती दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफायर में वेनेजुएला पर कैफेटेरोस की 1-0 की घरेलू जीत में हाफटाइम पर मैदान छोड़ दिया। कुआड्रोडा के की जगह जॉर्ज कैरास्कल ने ले ली, जिन्होंने बैरेंक्विला में एस्टाडियो मेट्रोपोलिटानो में अपनी रफ्तार और रचनात्मक शैली से खेल दिखाकर सबको प्रभावित किया था। डायनेमो मॉस्को के मिडफील्डर के मंगलवार को चिली की राजधानी सैंटियागो के एस्टाडियो मोनुमेंटल में होने वाले मैच खेलने की उम्मीद है।

**मुकाबला** एशिया कप 2023 में जानिए पाकिस्तान को कितना मिलेगा टारगेट

# बारिश से धुली रोहित-गिल की मेहनत तो क्या होगा?

एजेंसियां

**नई दिल्ली:** एशिया कप 2023 के सुपर-4 में भारतीय टीम और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा रहा है। मगर इस मुकाबले पर बारिश ने खलल डाल दी है। कोलंबो में तेज बारिश के कारण मैच रोक दिया गया है। पिच को कवर्स से ढक दिया गया है।

मैच में पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद भारतीय टीम ने ओपनिंग में दमदार प्रदर्शन किया। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने मिलकर 121 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की।

बारिश के कारण खेल रुकने तक भारतीय टीम ने 2 विकेट पर 147 रन बना दिए। तब विराट कोहली 8 और केएल राहुल 17 रन बनाकर नाबाद रहे। अब फैन्स के मन में यह सवाल जरूर होगा कि यदि बारिश के कारण खेल नहीं होता है, तब क्या होगा? दूसरा ये है कि यदि बारिश देर से रुकती है और भारत की पारी नहीं कराई जाती है, तो पाकिस्तान को कितने ओवर में

कितना टारगेट मिलेगा?रिजर्व-डे में भी कराया जा सकता है मैच बता दें कि यदि आज बारिश नहीं रुकती है, तो मुकाबले को अगले दिन रिजर्व डे में कराया जाएगा। दरअसल, एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने फाइनल के अलावा भारत-पाकिस्तान मैच के लिए एक रिजर्व-डे रखा है। ऐसे में फैन्स को निराश होने की जरूरत नहीं है। बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज में भी एक मैच हुआ था, जो बारिश के कारण रद्द करना पड़ा था।

यदि आज (10 सितंबर) बारिश थोड़ी देर से रुकती है, तो उस स्थिति में भारतीय टीम को बैटिंग नहीं करने दी जाएगी। साथ ही टाइम के अनुसार बारिश रुकने पर 20 से 24 ओवर का खेल कराया जा सकता है। उस स्थिति में अलग-अलग ओवरों के लिहाज से पाकिस्तानी टीम को टारगेट मिल सकता है।

**मैच होने पर पाकिस्तान को कितना टारगेट मिलेगा?**

- 20 ओवर में - 181 रनों का टारगेट
- 21 ओवर में - 187 रनों का टारगेट
- 22 ओवर में - 194 रनों का टारगेट
- 23 ओवर में - 200 रनों का टारगेट
- 24 ओवर में - 206 रनों का टारगेट

### रोहित और गिल ने जमाई तूफानी फिफ्टी

मैच में भारतीय कप्तान रोहित ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 49 गेंदों पर ताबड़तोड़ अंदाज में 56 रन बनाए। इस दौरान 4 छक्के और 6 चौके जमाए। रोहित ने 42 गेंदों पर अपनी फिफ्टी जमाई थी। जबकि शुभमन गिल ने 52 गेंदों पर 58 रनों की आतिशी पारी खेली। मगर दोनों की पारी के बाद बारिश आई और खेल रोक दिया गया।

### मैच में भारत-पाकिस्तान की प्लेइंग-11

**भारतीय टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज

**पाकिस्तान टीम:** फखर जमां , इमाम-उल-हक, बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), आगा सलमान, इफ्तिखार अहमद, शादाब खान, फहीम अशरफ, शाहीन आफरीदी, नसीम शाह और हारिस रऊफ।

## पीठ दर्द के कारण अंतिम समय पर भारतीय एकादश से बाहर हुये श्रेयस

एजेंसियां

**कोलंबो :** पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबले से ठीक पहले भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया। अय्यर पीठ की सर्जरी के चलते क्रिकेट से कुछ महीनों तक दूर रहे थे। वापसी करने के दो मैच बाद अय्यर को पाकिस्तान के खिलाफ सुपर ×फोर मु×काबले से ठीक पहले वॉर्म-अप के दौरान फिर से पीठ में दर्द का एहसास हुआ। इसके चलते उन्हें आ×खरी व×क्त पर एकादश से बाहर होना पड़ा और उनकी जगह पर ×खुद पीठ की इंजरी से लौट रहे के एल राहुल को खेलने का मौ×का मिला। कप्तान रोहित शर्मा ने इसे

एक 'मजबूरन बदलाव' बताया। श्रेयस मार्च में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध घर पर वनडे सीरीज़ के बाद से नहीं खेले हैं।

पीठ की चोट के चलते उन्होंने आईपीएल का पूरा सीज़न भी मिस किया था। उनको एशिया कप और विश्व कप दोनों टीमों में चयनित किया गया था। पीठ की सर्जरी के बाद बीसीसीआई के एनसीए के मेडिकल अधिकारियों ने उन्हें फिट करार दिया था और इसके चलते वह दो सितंबर को पाकिस्तान के विरुद्ध पहला मु×काबला भी खेले, जहां उन्होंने 14 रन बनाए थे। दो दिन बाद नेपाल के विरुद्ध 10 विकेट की जीत में उन्हें बल्लेबाज़ी करने का मौ×का नहीं मिला था। श्रेयस की चोट विश्व कप से पहले भारतीय खेमे के लिये चिंता का विषय बन सकता है। राहुल के लिए आज का मु×काबला मार्च के बाद पहला मैच है। जांघ की चोट के चलते वह आईपीएल से भी बाहर हो गए थे। एशिया कप में उनका चयन ज़रूर हुआ था लेकिन मामूली चोट के चलते वह पहले दो मैच से बाहर बैठे थे।

## बलूचिस्तान में छह फुटबॉल खिलाड़ियों का अपहरण

एजेंसियां

**क्वेटा:** पाकिस्तान में बलूचिस्तान प्रांत के डेरा बुगती जिले में छह फुटबॉल खिलाड़ियों के अपहरण कर लिये जाने का मामला सामने आया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक डेरा बुगती के डिप्टी कमिश्नर ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि डेरा बुगती और सुई निवासी ये खिलाड़ी ऑल पाकिस्तान चीफ मिनिस्टर गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग राउंड में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को सिबी जा रहे थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हथियारबंद लोगों ने डेरा बुगती की कच्ची नहर के जानी बैर इलाके में खिलाड़ी के वाहनों को रोक लिया

और बंदूक की नोक पर फुटबॉलरों को अपने साथ ले गए। इन खिलाड़ियों में आमिर बुगती, फैसल बुगती, सोहेल बुगती, यासर बुगती और शेराज़ बुगती शामिल हैं। बलूचिस्तान के कार्यवाहक गृह मंत्री मीर जुबैर अहमद जमाली ने कहा कि अपहृत खिलाड़ियों को जल्द से जल्द ढूंढने के लिए सुरक्षा बलों को इलाके में भेजा गया है। कार्यवाहक आंतरिक मंत्री सरफराज बुगती ने बताया कि खिलाड़ियों को ढूंढने के लिए अभियान छेड़ा गया है ।

## खेल जगत अपडेट्स

### बोलीविया के खिलाफ मेस्सी का खेलना संदिग्ध

**ब्यूनस आयर्स :** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेस्सी थकान के कारण मंगलवार को बोलीविया के खिलाफ अपनी टीम के विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल सकते हैं। मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने कहा कि 36 वर्षीय खिलाड़ी को गुरुवार को इक्वडोर पर अर्जेंटीना की 1-0 की घरेलू जीत में देर से स्थानापन्न किया गया था और शुक्रवार सुबह उनका एहतियाती परीक्षण किया गया। दक्षिण अमेरिकी देश में मीडिया रिपोर्टों के अनुसार स्कालोनी और उनके बैकरूम स्टाफ फॉरवर्ड के भारी कार्यभार से चिंतित हैं। मेसी ने पिछले 48 दिनों में 12 गेम खेले हैं, जुलाई के मध्य में मुफ्त ट्रांसफर पर इंटर मियामी में शामिल होने के बाद से उन्हें बमुश्किल आराम मिला है। समाचार पत्र ओले ने बताया कि स्कालोनी मंगलवार के मैच के लिए अपने शुरुआती लाइनअप में कई बदलावों पर विचार कर रहा है।

### चमोली जिले के धावक हितेश ने दिखाया कमाल

चमोली : उत्तराखंड में चमोली जिले के पिंडर घाटी के युवक धावक हितेश कुनियाल ने एक बार फिर से कमाल करते हुए लद्दाख के खारदुंगला पास (17,618 फुट) में हुई विश्व विश्व की सबसे ऊंची और मुश्किल दौड़ 'द हिमालय खारदुंगला चैलेंज' की 72 किलोमीटर की दौड़ को 10 घंटे 40 मिनट पर पूरा कर सफलता हासिल कर ली है। इस वर्ष 08 सितंबर को विश्व भर से 270 धावकों ने इस दौड में हिस्सा लिया, जिसमें विदेशी धरती से जापान से सबसे अधिक 32 धवकों ने भाग लिया, जर्मनी, रोमानिया आदि से भी धावक मौजूद रहे। जहाँ प्रतिभागियों को ये दौड़ पूरा करने में 12 से 13 घंटे लगे वहीं हितेश ने इसे 10 घंटे 40 मिनट में पूरी कर ली। दौड़ तड़के तीन बजे शुरू हुई जिस समय तापमान एक डिग्री था ।

# यश कुमार की फिल्म चाची नंबर 1 का ट्रेलर रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म चाची नंबर 1 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यश कुमार एंटरटेनमेंट प्रस्तुत फिल्म चाची नंबर 1 का ट्रेलर इंटर10 रंगीला के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस फिल्म में यश कुमार चाची की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो अपनी बेटी के लिए अपने ससुर के घर में नौकरानी बनकर रहते हैं।

फिल्म की कहानी एक तलाकशुदा मां बाप की है जिसमें पिता अपनी बेटी के बिना नहीं रह सकता। ट्रेलर की शुरुआत होती है यश कुमार और फिल्म की अभिनेत्री रक्षा गुप्ता के बीच तलाक से, जहां तलाक के बाद उनके बच्चे की कस्टडी मां को मिल जाती है। फिल्म चाची नंबर 1 का निर्माण यश कुमार इंटरटेनमेंट और निधि मिश्रा के बैनर तले हुआ है। फिल्म को लेकर यश कुमार ने बताया कि चाची नंबर 1 मनोरंजन का सैलाब लेकर आने वाला है। इस फिल्म के जरिए एक गंभीर सवाल को उठाया गया है। अक्सर आज के दिनों में पति-पत्नी एक दूसरे से अलग हो रहे हैं लेकिन इस बीच में सबसे ज्यादा नुकसान उनके बच्चों का हो रहा है जो अपने माता-पिता के साथ रहना चाहता है। समाज की इस बुराई को फिल्म के जरिए मनोरंजन के माध्यम से प्रमुखता से उठाया है हमने। मुझे लगता है कि यह फिल्म जरूर सबको पसंद आएगी और वह इससे सबक भी लेंगे। फिल्म चाची नंबर 1 के निर्देशक संजय श्रीवास्तव हैं। फिल्म में यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता फीमेल लीड है जबकि अमित शुक्ला और मनोज टाइगर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। उनके अलावा सीपी भट्ट, राधे कुमार, लोटा तिवारी, चंदन कशयप, नौशाद शेख और चाइल्ड एक्टर के रूप में दीक्षा भी अपनी अदाकारी से सबों का मन मोह लेने वाली हैं। गीतकार राजेश मिश्रा और शेखर मधुर है जबकि संगीतकार मुन्ना दुबे हैं। कथा और पटकथा यश कुमार के साथ मनोज गुप्ता का है।

## 20 दिसबर 2024 को रिलीज होगी अक्षय की वेलकम टू द जंगल

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म वेलकम टू द जंगल 20 दिसबर 2024 को रिलीज होगी। अक्षय कुमार फिल्म वेलकम टू द जंगल में मुख्य भूमिका निभाते नजर आयेंगे। वर्ष 2007 में प्रदर्शित 'वेलकम' में अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी। हालांकि वेलकम 2 यानी वेलकम बैक से अक्षय को रिप्लेस किया गया, लेकिन अब 'वेलकम 3' में उनकी वापसी होगी। अक्षय कुमार ने 09 सितंबर को अपना जन्मदिन मनाया है। इस अवसर पर अक्षय ने 'वेलकम टू द जंगल' का ऐलान करते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर करते हुए लिखा, 'खुद को और आप सभी को एक बर्थडे गिफ्ट दिया है आज। यदि आपको ये तड़का अच्छा लगा तो शुक्रिया कहिए और मैं आपको 'वेलकम' कहूंगा।' वेलकम टू द जंगल में अक्षय कुमार के संजय दत्त, अरशद वारसी, जैकलीन फर्नांडिस, सुनील शेट्टी ,दिशा पाटनी ,परेश रावल की अहम भूमिका होगी। यह फिल्म 20 दिसबर 2024 को रिलीज होगी।

## टी 20 शिखर सम्मेलन की सफलता पर शाहरुख खान ने पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया

एजेंसियां

**मुंबई:** शाहरुख खान भले ही 'जवान' की सफलता का आनंद ले रहे हों, लेकिन उन्होंने जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता पर पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई देने का मौका नहीं छोड़ा। भारत में चल रहे जी20 शिखर सम्मेलन के बीच शाहरुख ने पीएम नरेंद्र मोदी के पोस्ट को रीट्वीट कर उन्हें बधाई दी। शाहरुख खान ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर भारत की जी20 प्रेसीडेंसी की सफलता पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। अपने ट्वीट में उन्होंने यहां तक कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में, "हम अलगाव में नहीं बल्कि एकता में समृद्ध होंगे।"जैसा कि जी20 शिखर सम्मेलन भारत में एक मेगा-सफल कार्यक्रम बन गया है, शाहरुख खान ने पीएम मोदी को बधाई दी। एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम

से जाना जाता था) पर शाहरुख ने लिखा, ₹भारत की जी20 अध्यक्षता की सफलता और दुनिया के लोगों के बेहतर भविष्य के लिए राष्ट्रों के बीच एकता को बढ़ावा देने के लिए माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई। हर भारतीय के दिल में सम्मान और गर्व की भावना। सर, आपके नेतृत्व में, हम अलगाव में नहीं बल्कि एकता में समृद्ध होंगे। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य।"रविवार, 10 सितंबर को, नई दिल्ली में दो दिवसीय जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन का नेतृत्व करने वाले प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में मेगा इवेंट के समापन की घोषणा की और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा को उपहार सौंपा।

# कन्नाप्पा में भगवान शिव का किरदार निभाएंगे प्रभास, पार्वती के रोल के लिए कृति की बहन नुपूर सेनन को किया गया अप्रोच

एजेंसियां

**नई दिल्ली:** प्रभास अजेय हैं। पैन-इंडिया स्टार के बारे में नवीनतम अपडेट यह है कि उन्होंने मांचू विष्णु के साथ अपनी अगली फिल्म साइन की है और कन्नप्पा में उनकी प्रमुख महिला के रूप में नूपुर सेनन हैं। प्रभास कन्नप्पा की शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आदिपुरुष में कृति सेनन के साथ रोमांस करने के बाद, सालार स्टार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता की बहन नुपुर सेनन के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। प्रभास के



प्रशंसक उनकी ताजा खबर से बेहद उत्साहित हैं और ट्विटर पर उनका नाम ट्रेंड कर रहे हैं और उन्हें राजा कहकर सम्मानित कर रहे हैं। मांचू विष्णु का ड्रीम प्रोजेक्ट कन्नप्पा भगवान शिव के रूप में प्रभास की एंट्री के साथ और बड़ा हो गया है, और स्टार के पास कथित तौर पर फिल्म में 15-30 मिनट का स्क्रीन टाइम होगा।खबर है कि प्रभास कन्नप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे, और प्रशंसक उन्हें डेमी गॉड के रूप में देख रहे हैं, क्योंकि उनकी अगली कल्कि 2898 ईस्वी में वह भगवान विष्णु की भूमिका निभाएंगे। ऐसी खबरें वहीं प्रभास भी सालार की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, वीएफएक्स अभी तक पूरा नहीं होने के कारण फिल्म में देरी हुई है और दावा किया गया था कि शाहरुख खान की जवान के कारण निमार्ताओं ने रिलीज में देरी की, लेकिन रमेश बाला ने एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में बताया बॉलीवुडलाइफ ने पुष्टि की कि देरी वास्तविक है क्योंकि निमार्ता वीएफएक्स के काम से संतुष्ट नहीं हैं। फैंस सालार का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं हैं कि कन्नप्पा प्रभास की पूरी फिल्म नहीं होगी, लेकिन बाहुबली स्टार उक्त फिल्म में एक कैमियो करते नजर आएंगे।

## प्रदेश ›› अपडेट

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**भीलवाड़ा** : राजस्थान में भीलवाड़ा चित्तौड़गढ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मंडपिया स्टेशन क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से मध्य प्रदेश के एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के लसूलडी हमीर निवासी मलखान राजपूत 33 शनिवार रात मंडफिया स्टेशन क्षेत्र से पैदल गुजर रहा था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### भाजपा के पूर्व विधायक गिरजाशंकर कांग्रेस में शामिल

**भोपाल** : मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा ने आज यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस की ओर से मुहैया करायी गयी जानकारी के अनुसार शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में विधिवत तरीके से कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा टीकमगढ़ जिले के नेता भक्ति तिवारी ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया। शर्मा ने हाल ही में भाजपा को छोड़ने का ऐलान किया था। तब से ही माना जा रहा था कि वे कांग्रेस में जा सकते हैं।

### करंट लगने से किशोर की मौत

**छपरा** : बिहार में सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में आज विद्युत तार के सम्पर्क में आने से एक किशोर की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि थाना क्षेत्र के नूननगर टाडी गांव निवासी धर्मेंद्र साह का पुत्र कृष्ण कुमार (12) अपने दोस्तों के साथ घर के समीप खेलने के दौरान टूटे हुए विद्युत तार की चपेट में आ गया। इसके कारण उसकी मौत हो गई।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### सिक्किम के लापता छात्रों की सुरक्षा के लिए 'हर संभव उपाय' किये जायेंगे: तमांग

**गंगटोक** : सिक्किम के मुख्यमंत्री पी एस तमांग ने कहा कि गुजरात के जामनगर में स्कूल छात्रावास से लापता हुए सिक्किम के दो छात्रों की घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को 'हर संभव उपाय' करने के निर्देश दिए गए है। तमांग ने कहा, इन लापता छात्रों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है और हम उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, मैंने दिल्ली में सिक्किम के रेजिडेंट कमिश्नर को इस मामले को पूरी गंभीरता से लेने का निर्देश दिया है। जामनगर पुलिस थाना ने एक संक्षिप्त जांच रिपोर्ट भी प्रदान की है। मुख्यमंत्री को शनिवार रात जामनगर के ग्लोबल प्रणामी स्कूल से लापता छात्रों के बारे में जानकारी मिलने पर चिंता व्यक्त की है।

### गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा के लोग फ़र्जी राष्ट्रवाद का ढोल पीट रहे :आप

**नयी दिल्ली** : आम आदमी पार्टी(आप) ने परोक्ष रूप से आरएसएस-भाजपा पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा के लोग फर्जी राष्ट्रवाद का ढोल पीटते हैं। 'आप' के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने जी-20 देशों के नेताओं के राजघाट की तस्वीर को साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, ''विश्व के नेताओं ने हमारे बापू महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी विरासत आज भी दुनियाभर के लोगों को प्रेरित करती है। उनके विचार आज भी भारत के मूल्यों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं लेकिन उनकी हत्या करने वाली विचारधारा के लोग फर्जी राष्ट्रवाद का ढोल पीटते हैं।

**बयान** कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि

# पर्यावरण पर खोखले बयानों के लिए मोदी ने किया जी-20 का इस्तेमाल : कांग्रेस

● हमें समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और विकास को सुनिश्चित करना होगा: मोदी

● मोदी का बयान पूरी तरह से खोखला है जबकि सच्चाई इसके विपरीत है: कांग्रेस

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नेरेंद्र मोदी ने पर्यावरण के महत्व को लेकर जी-20 शिखर सम्मेलन का इस्तेमाल खोखले बयान देने के लिए किया है जबकि उनकी सरकार बड़े पैमाने पर भारत के पर्यावरण संरक्षण को तहस-नहस कर रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जी-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता बैठक में श्री मोदी ने कहा था, ''हम जैव विविधता संरक्षण, सुरक्षा, पुनर्स्थापन और संवर्धन पर कार्रवाई करने में लगातार आगे रहे हैं। धरती माता की सुरक्षा और देखभाल हमारी मौलिक ज़िम्मेदारी है।

जलवायु के लिए चलाए जा रहे अभियान को अंत्योदय का पालन करना चाहिए यानी हमें समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और विकास को सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने जो बयान दिया है वह पूरी तरह से खोखला है जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। मोदी सरकार बड़े पैमाने पर भारत के पर्यावरण संरक्षण को तहस-नहस कर रही है और वनों पर निर्भर सबसे कमज़ोर समुदायों के लोगों के अधिकारों को छीन रही है। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार एक तरफ समानता पर जोर देने के दावे करती है और उसके इस दावे को वन (संरक्षण) संशोधन अधिनियम 2023 पूरी तरह से खोखला साबित करता है। उनका कहना था कि यह अधिनियम देश के आदिवासियों और वनों में रहने वाले अन्य समुदायों के लिए विनाशकारी होगा, क्योंकि यह 2006 के वन अधिकार अधिनियम को कमज़ोर करता है और स्थानीय समुदायों की सहमति के प्रावधानों और बड़े क्षेत्रों में वन मंजूरी की जरूरतों को ख़त्म करता है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने 2022 में इस पर आपत्ति जताई थी। पूर्वोत्तर के जनजातीय समुदाय विशेष रूप से असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, क्योंकि यह अधिनियम देश की सीमाओं के 100 किमी के भीतर की भूमि को संरक्षण कानूनों के दायरे से छूट देता है। उनका कहना था कि मिजोरम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार है इसके बावजूद वहां की सरकार ने इस अधिनियम के विरोध में विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित किया है।

## जापान मोरक्को की सहायता के लिए तैयार : किशिदा

**एजेंसियां**

**टोक्यो:** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने मोरक्को में आए विनाशकारी भूकंप से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनका देश वहां सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। इससे पहले मोरक्को के अखबार हेस्प्रेस ने गृह मंत्रालय के आंकड़ों के हवाले से खबर दी है कि भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,012 हो गई है, जबकि 2,059 अन्य लोग घायल हुए हैं। किशिदा ने मोरक्को के प्रधानमंत्री अजीज अखान्नौच को संबोधित एक बयान में कहा, मैं उन लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने अपनी जान गंवाई और मेरी सहानुभूति उनके शोक संतप्त परिवारों के साथ है। मैं दिल से प्रभावित लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों के शीघ्र पुनर्निर्माण के लिए प्रार्थना करता हूं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि जापान स्थानीय जरूरतों के आधार पर आपके देश को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार देर रात मोरक्को के मराकेश शहर से 77 किलोमीटर (48 मील) दक्षिण-पश्चिम में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। मोरक्को के किग मोहम्मद षष्टम ने शनिवार को आपदा के बाद तीन दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की।

## महाराष्ट्र सरकार किसान आत्महत्या की बढ़ती संख्या को रोकने में विफल:पाटिल

**एजेंसियां**

**मुंबई:** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-शरद पवार समूह) की राज्य इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने रविवार को राज्य सरकार पर किसानों की आत्महत्या की बढ़ती संख्या को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। पाटिल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'पर लिखा, वर्तमान राज्य सरकार चाहे कितनी भी कोशिश कर लें,अपने सिर पर लगे किसान आत्महत्या के ह्यकलंक को नहीं मिटा सकती। उन्होंने याद दिलाया कि राज्य विधानसभा में दिए अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि महाराष्ट्र किसान आत्महत्याओं से मुक्त होगा लेकिन इसके विपरीत, मराठवाड़ा में किसान की आत्महत्याएं नहीं रुक रही हैं। आंकड़े देते हुए राकांपा (सपा) नेता ने कहा कि पिछले आठ महीनों में 865 किसानों ने आत्महत्या की ओर कदम उठाया है।

उन्होंने दावा किया कि हर दिन दो से तीन किसान अपनी जान दे देते हैं। पाटिल ने किसानों को उनकी खराब वित्तीय स्थिति से बाहर निकालने में विफल रहने के लिए भी सरकार की आलोचना की, जो ऋणग्रस्तता, बंजरता और मुद्रास्फीति के कारण बदतर हो गई है। उल्लेखनीय है कि मौसम की अनियमितता भी एक कारण, पिछले साल यहां भारी बारिश हुई थी, वहीं अब सूखे की स्थिति बनी हुई है।

## रूस के डेन्यूब के पास बड़े पैमाने पर हमले करने के संकेत नहीं :नाटो प्रमुख

**एजेंसियां**

**ब्रुसेल्स** : नाटो के महासचिव जेन्स स्टोल्टेनबर्ग ने कहा है कि रोमानियाई सीमा के करीब यूक्रेन के डेन्यूब बंदरगाहों पर हाल के हमलों और नाटो सदस्य की धरती पर ताजा ड्रोन मलबा पाए जाने के मद्देनजर नाटो के पास इस बात का कोई संकेत नहीं है कि रूस गठबंधन पर हमला करने का इरादा रखता है। इससे पहले शनिवार को दिन में रोमानियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 'रूसी सेना द्वारा इस्तेमाल किए गए ड्रोन के समान' ड्रोन के टुकड़े प्लाउरू के सीमावर्ती गांव से लगभग 2.5 किलोमीटर (1.5 मील) दक्षिण-पूर्व में पाए गए जो एक सप्ताह में इस तरह की दूसरी घटना है। बुधवार को, एक संभावित ड्रोन का मलबा यूक्रेन के साथ रोमानिया की सीमा के करीब पाया गया था, लेकिन नाटो ने कहा कि उसके पास रूस की ओर से किसी जानबूझकर हमले का संकेत देने वाली कोई जानकारी नहीं है। स्टोलटेनबर्ग ने एक्स पर लिखा,''डेन्यूब द्वारा यूक्रेन पर रूसी हमलों के बारे में और रोमानिया में पाए गए ड्रोन हिस्सों के बारे में रोमानियाई राष्ट्रपति क्लाउस इओहानिस से बात की। नाटो पर हमला करने के इरादे का कोई संकेत नहीं है, लेकिन हमले अस्थिर कर रहे हैं।'' नाटो प्रमुख ने कहा कि उन्होंने हवाई पुलिसिंग बढ़ाने के लिए अधिक एफ-16 जेट तैनात करने के अमेरिकी फैसले का स्वागत किया। बदले में इओहानिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने अपने देश के हवाई क्षेत्र के नवीनतम उल्लंघन की 'कड़ी निंदा' की, इसे 'क्षेत्र में रोमानियाई नागरिकों के लिए खतरा' बताया। यूक्रेन के ओडेसा क्षेत्र में सोमवार रात हवाई हमले का अलर्ट जारी हुआ। यूक्रेनी विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि रूसी ड्रोन रोमानियाई क्षेत्र में गिरे और उनमें विस्फोट हो गया।

## ट्यूनीशिया ने बचाव दल मोरक्को भेजा

**एजेंसियां**

**ट्यूनिस:** ट्यूनीशिया ने भूकंप प्रभावित मोरक्को में खोज और बचाव (एसएआर) के लिए एक और बचाव दल भेजने जाने की शनिवार को घोषणा की है। टीएपी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दल में 50 से अधिक पेशेवर बचाव विशेषज्ञ और चिकित्साकर्मी शामिल है। मलबे के नीचे पीड़तिों का पता लगाने के लिए थर्मल मॉनिटरिंग उपकरणों और एक ड्रोन से लैस, दल अपने अभियान के दौरान स्थानीय मोरक्को बचाव एजेंसियों के साथ काम करेगा। ट्यूनीशिया राहत और बचाव दल अभियान में योगदान देने के लिए तुरंत एक फील्ड अस्पताल तैनात करने में भी मदद करेगा।

ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि देश अपनी सभी क्षमताओं के साथ मोरक्को की मदद करेगा। बयान में कहा गया है कि ट्यूनीशिया राहत और बचाव अभियान में मदद के लिए तत्काल सहायता और नागरिक सुरक्षा दलों को भेजेगा, साथ ही राहत कार्यों में भाग लेने के लिए ट्यूनीशियाई रेड क्रिसेंट का एक प्रतिनिधिमंडल भी भेजेगा। उल्लेखनीय है कि मोरक्को में शुक्रवार की रात आये शक्तिशाली भूकंप में दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

**सम्मेलन** राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन में आये राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के सम्मान में

# राष्ट्रपति के रात्रिभोज में शास्त्रीय, लोक संगीत की वर्षा

●● इस कार्यक्रम के लिए पारंपरिक संगीत और विभिन्न राज्यों के लोक-गीत चुने गए थे

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन में आये राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के सम्मान में राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु की ओर से शनिवार को आयोजित रात्रिभोज में भारत के विभिन्न भागों से आए कलाकारों ने दुनिया के समक्ष देश की समृद्ध शास्त्रीय एवं लोक संगीत तथा वाद्य परंपराओं का जादू बिखेरा। भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए पारंपरिक संगीत और विभिन्न राज्यों के लोक-गीत चुने गए थे। इस संगीत लहरी का मुख्य आकर्षण ह्यगंधर्व अतोद्यमह्न था। यह एक अद्वितीय संगीतमय मिश्रण है जिसमें पूरे भारत के संगीत वाद्ययंत्रों की एक उत्कृष्ट संगति दिखती है। गंधर्व अतोद्यम में शास्त्रीय वाद्ययंत्रों के समूह के साथ हिंदुस्तानी, कर्नाटक, लोक और समकालीन संगीत का प्रदर्शन किया जाता है।

कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए हिंदुस्तानी संगीत के राग दरबारी कांदा और काफ़ी में 'खेलत होरी..का गायन , लोक संगीत में राजस्थानी- केसरिया बालम , घूमर और निम्बुरा निम्बुरा , कर्नाटक संगीत के राग मोहनम में स्वागतम कृष्ण , कश्मीर, सिक्किम के लोक संगीत और मेघालय का बोम्ब्रू बोम्ब्रू , हिंदुस्तानी संगीत के अंतर्गत राग देश और एकला चलो रे, महाराष्ट्र के अभंग में अबीर गुलाल, रेशमा चारे घानी (लावनी), गजर (वारकरी), कर्नाटक संगीत के राग मध्यमावती - लक्ष्मी बरम्मा , लोक संगीत में गुजरात का मोरबनी , पारंपरिक और भक्ति संगीत में पश्चिम बंगाल का भटियाली और अच्युतम केशवम (भजन), लोक संगीत में कर्नाटक के मदु मेकम कन्नै, कावेरी चिदु और आद पम्बे , भक्ति संगीत में श्री राम चंद्र कृपालु..., वैष्णव जन और रघुपति राघव.. हिंदुस्तानी, कर्नाटक और लोक संगीत के अंतर्गत राग भैरवी- दादरा में मिले सुर मेरा तुम्हारा.. का सुमधुर गायन हुआ। संगीत व्यवस्था में देश की अद्वितीय और अद्वितीय संगीत विरासत को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न दुर्लभ वाद्ययंत्रों का उपयोग शामिल था।कार्यक्रम में हुए वादन में रसिगार, मोहन वीणा, जलतरंग, जोडिया पावा, धंगाली, दिलरुबा, सारंगी, कमाइचा, मट्टा कोकिला वीणा, नलतरंग, तुंगबुक, पखावज, रबाब, रावणहत्था, थाल दाना, रुद्र वीणा आदि जैसे वाद्ययंत्र शामिल थे। कार्यक्रम में विदेशी मेहमनों के साथ केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य तथा राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कई अन्य विदेशी मेहमानों ने रंग विरंगे परिधानों में सजे गायकों और वाद्य यंत्रों के कला में गहरी दिलचस्पी दिखायी और उन्होंने उनके साथ फोटो भी खिचवाए।

## न्यूज फटाफट

### नीदरलैंड पुलिस ने प्रदर्शनकरियों को हिरासत में लिया

**हेग:** नीदरलैंड के एक संगठन एक्सटिक्शन रिबेलियन, नीदरलैंड जलवायु कार्यकर्ताओं ने अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान हेग में एक प्रमुख राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिसकी वजह से 2,400 से अधिक कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। हेग पुलिस ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, आज नौ सितंबर को हमने ए12 राजमार्ग पर 2,400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें दर्जनों नाबालिग भी शामिल हैं। एक्सटिक्शन रिबेलियन नीदरलैंड के जलवायु कार्यकर्ताओं ने शनिवार दोपहर को खनिज निकासी के लिए सरकारी सब्सिडी के विरोध में हेग में प्रमुख ए12 राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। आरआईए नोवोस्ती संवाददाता के अनुसार विरोध प्रदर्शन में कई हजार लोगों ने हिस्सा लिया।

### सेनेगल के प्रधानमंत्री सत्तारूढ़ गठबंधन के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे

**डकार** : सेनेगल के प्रधानमंत्री अमादौ बा अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए सत्तारूढ़ बेनो बोक्क याकार (बीबीवाई) गठबंधन के उम्मीदवार होंगे। बीबीवाई गठबंधन के नेताओं की शनिवार को बैठक के दौरान अमादौ की उम्मीदवारी की घोषणा की गयी। गठबंधन का नेतृत्व राष्ट्रपति मैकी सॉल की अलायंस फॉर रिपब्लिक पार्टी की ओर से जाता है। सॉल 2012 में सेनेगल के राष्ट्रपति चुने गए और 2019 में फिर से इस पर पर निर्वाचित हुए। उन्होंने अगले वर्ष अपना तीसरा कार्यकाल नहीं लेने के अपने फैसले की घोषणा की है।

### पेरू में ट्रेन के पटरी से उतरने से एक की मौत, दो घायल

**लीमा:** दक्षिण पूर्वी पेरू में शनिवार सुबह भूस्खलन के कारण मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने से एक श्रमिक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पेरू रेल कंपनी ने एक बयान में बताया कि प्राचीन इंका राजधानी कुस्को में ओलांटायटम्बो-माचू पिचू मार्ग पर दक्षिणपूर्व ट्रैक पर भूस्खलन के बाद ट्रेन पटरी से उतर गई। मृतक की पहचान ट्रेन प्रबंधक के रूप में की गई है और दो घायल चालक टीम के सदस्य हैं, जिनका वर्तमान में एक स्थानीय क्लिनिक में इलाज चल रहा है। कंपनी के मुताबिक सभी ट्रेन सेवाएं और बाइमोडल सेवा (बस और ट्रेन) आज दोपहर तक रद्द रहेंगी।

### खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़, एक सैनिक की मौत

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी में एक सैनिक की मौत हो गई। सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी है। पाकिस्तान की सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली इलाके में चलाये गये अभियान के दौरान यह घटना हुई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद के खात्मे के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि देश के सुरक्षा बल आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और सैनिकों के ऐसे बलिदान देश के संकल्प को और मजबूत करते हैं।

### चीन ने भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया

**बीजिंग:** चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र ने रविवार को येलो चेतावनी जारी करते हुए कहा कि रविवार सुबह आठ बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक गुआंग्डोंग, हांगकांग, मकाओ, गुआंग्शी, हैनान, ताइवान और सिचुआन के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है, मौसम रिपोर्ट में प्रति घंटा वर्षा 80 मिलीमीटर से अधिक वर्षा होने के अनुमान जताये गए हैं। केंद्र ने स्थानीय सरकारों को भारी बारिश के लिए तैयार रहने की सलाह दी है और यातायात प्रबंधन अधिकारियों से भारी वर्षा से प्रभावित सड़क खंडों पर उचित यातायात नियंत्रण उपाय लागू करने को कहा है। केंद्र ने जोखिम वाले बाहरी बिजली आपूर्ति को काटने खुले क्षेत्रों में बाहरी संचालन को अस्थायी रूप से निलंबित करने और संवेदनशील क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने को कहा है। केंद्र ने आवश्यकतानुसार जल निकासी बढ़ाने के लिए आवश्यक उपायों के कार्यान्वयन के साथ-साथ शहरों, खेत और मछली तालाबों की जल निकासी प्रणालियों की जांच करने को भी कहा है।

### हेब्रोन में इजरायली सैनिकों से झड़प, किशोर की मौत

**रामल्ला:** फिलीस्तान में वेस्ट बैंक के हेब्रोन शहर में इजरायली सैनिकों से झड़प के दौरान एक 15 वर्षीय फिलिस्तीनी लड़के की मौत हो गई। फिलीस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक अल-अरौब शरणार्थी शिविर में शनिवार को इजरायली सैनिकों के साथ झड़प में एक किशोर के पेट और पीठ में गोली लगी थी। उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मिलाद अल-राय के रूप में हुई है। फिलिस्तीन के सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायली बलों ने शरणार्थी शिविर के प्रवेश द्वार पर आंसू गैस के गोले दागने के बाद इजरायली सैनिकों और स्थानीय युवाओं के बीच झड़पें शुरू हुई।

### आज का इतिहास

●● 1893 : अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने सांप्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता और हिंसा पर ऐतिहासिक भाषण दिया।
●● 1895 : महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रसिद्ध गांधीवादी नेता विनोबा भावे का जन्म।
●● 1906 : महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ़्रीका में सत्याग्रह आन्दोलन आरंभ किया।
●● 1919 : अमेरिकी नौसेना ने होंडुरास पर आक्रमण किया।
●● 1922 : आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में सचित्र दैनिक समाचार पत्र द सन न्यूज पेक्टोरियल की शुरूआत।
●● 1939 : इराक और सऊदी अरब ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
●● 1941 : अमेरिकी रक्षा मंत्रालय मुख्यालय पेंटागन का निर्माण शुरू।
●● 1948 : ब्रिटिशकालीन भारत के प्रमुख नेता और 'मुस्लिम लीग' के अध्यक्ष मुहम्मद अली जिन्ना का निधन।
●● 1951 : फ्लोरेंस चैडविक ने इंग्लिश चैनल तैरकर पार किया। उन्हें इंग्लैंड से फ्रांस पहुंचने में 16 घंटे और 19 मिनट लगे। ऐसा करने वाली वह पहली महिला।
●● 1961 : विश्व वन्यजीव कोष की स्थापना।
●● 1962 : मशहूर इंग्लिश रॉक बैंड 'दि बीटल्स' ने अपने पहले एकल हिट एलबम 'लव मी डू' के गाने रिकार्ड किए।
●● 1968 : एयर फ्रांस का विमान नाइस के निकट दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में 89 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों की मौत।
●● 2001 : अमेरिका में आतंकवादियों ने विमान अपहरण कर न्यूयार्क के वर्ल्ड ट्रेड टावर की दो इमारतों, वर्जीनिया स्थित पेंटागन और पेन्सिलवेनिया पर हमला किया।
●● 2003 : चीन के विरोध के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश तिब्बत के धार्मिक नेता दलाई लामा से मिले।
●● 2005 : गाजा पट्टी में 38 साल से जारी सैन्य शासन समाप्त करने की घोषणा।
●● 2019 : अमेरिका ने प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सरगना नूर वली महसूद पर प्रतिबंध लगाया और उसे वैश्विक आतंकवादी करार दिया।
●● 2020 : सामाजिक कार्यकर्ता स्वामी अग्निवेश का निधन।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर शिक्षा/धर्म

web : www.rashtriyakhabar.net
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर ›› अपडेट

### ओरमांझी में हुई ट्रीपल हत्या बैठक

रांची: थाना क्षेत्र के देवनजरा गुंजा में पिछले दिनों एक ही परिवार के तीन लोगों की निर्मम हत्या की गई थी। जिसके बाद से उस क्षेत्र में दहशत का महोल बना हुआ है।इसी को लेकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी परिसर में बेदिया विकास परिषद के तत्वावधान में परिषद के उपाध्यक्ष जितनाथ बेदिया की अध्यक्षता में बेदिया समाज के लोगो की बैठक हुई। जिससे उपस्थित लोगों ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा बेदिया समाज के लोग इतना कुरूर नहीं है कि इस तरह की निर्मम तरीके से हत्या करे इसके पीछे कोई गहरी साज़िश है इसके पीछे निश्चित रूप से समाज के बाहर के लोग भी सामिल है जिसके इसारे पर इस जघन्य पाप को अंजाम दिया गया है। चुकी मृतक छमेशवर बेदिया समाज का महत्व अंग के रूप में था वह गलत काम का हमेशा विरोध करता रहता था समाज के लोगो से जमीन बेचने से मना किया करता था।

मांग

गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राजभवन में राज्यपाल से मिलकर की मांग

# कोयंबटूर में असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत की हो सीबीआई जांच

- प्रोफेसर समीर कुमार की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है
- चार सितंबर को हास्टल के कमरा नंबर 411 में मृत पाए गए थे

राष्ट्रीय खबर

रांची: आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन से मिलकर असिस्टेंट प्रोफेसर समीर कुमार की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि जो साक्ष्य और तथ्य मिले हैं, वह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या की गयी प्रतीत होता है। मृतक ने तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित कारोन्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज में 14 अगस्त को असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में योगदान दिया था।

चार सितंबर को इसी इंस्टीट्यूट के हास्टल के कमरा नंबर 411 में मृत पाए गए। मृतक इससे पहले झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर अपराध शास्त्र विभाग में कार्यरत रहते हुए 10 अगस्त को त्याग पत्र दे दिया था। मृतक बोकारो जिले के कसमार प्रखंड अंतर्गत दांतू के रहने वाले विवेकानंद नायक के पुत्र थे। उन्होंने कहा कि कारोन्या इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन इस घटना को आत्महत्या बताने जुटा हुआ है। उन्होंने राज्यपाल को इस घटना की पूरी जानकारी देते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। साथ ही मौके पर मौजूद मृतक के भाई प्रवीर कुमार ने अंदेशा व आशंका जताई है कि उनके भाई ने वहां कुछ गंभीर,असामान्य व अराजक कार्यों को देखा इसके बाद वहां उपस्थित लोगों ने उनकी हत्या कर दी। राज्यपाल ने इस संबंध में तमिलनाडु सरकार तथा जिला प्रशासन से बात करने का आश्वासन दिया। साथ ही सीबीआई जांच के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। राज्यपाल से मिलने वालों में समाजसेवी सुजीत कुमार भी शामिल थे।

## धर्मोपदेश में कहा गया हर व्यक्ति एक दूसरे के पहरेदार हैं : बिशप फेलिक्स

राष्ट्रीय खबर

रांची: कैथोलिक चर्च डोरंडा पेरिश में आज दृढ़ीकरण संस्कार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पवित्र मिस्सा (प्रार्थना) की अगुवाई रांची के महाधर्माध्यक्ष बिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने किया। दृढ़ीकरण संस्कार व पवित्र मिस्सा समारोह की शुरुआत दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण से हुई। इसके बाद संस्कार ग्रहण करने वाले सफेद वस्त्र धारण किए हुए बच्चे-बच्चियों ने भव्य जूलूस निकाली। कार्यक्रम में धर्मग्रंथ पाठ के बाद महाधर्माध्यक्ष बिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने अपने धर्मोपदेश में कहा कि हम प्रत्येक व्यक्ति एक दूसरे के पहरेदार हैं। प्रभु ने हमें एक दूसरे को प्यार और सहयोग करने के लिए बुलाया है। इसलिए, हम प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि हम एक दूसरे का ख्याल रखें और एक दूसरे की सहायता व मदद करें। इसी के द्वारा हम यह साक्ष्य देगें कि हम ईश्वर को प्यार करते हैं। इसके बाद महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो एसजे ने पवित्र तेल से सभी बच्चे बच्चियों को दृढ़ीकरण संस्कार प्रदान किया।

# रांची के विधायक सीपी सिंह ने नरेश चंद्र की एग्जाम क्रांति पुस्तक का विमोचन

राष्ट्रीय खबर

रांची: प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए झारखंड के कई अधिकारियों ने किताबें लिखी हैं, ताकि उन्हें झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं में किताबों से मदद मिल सके। इसी कड़ी में झारखंड वित्त सेवा के नरेश चंद्र ने झारखंड सामान्य ज्ञान पर आधारित एग्जाम क्रांति नामक पुस्तक लिखी है। जिसका विमोचन शनिवार को विधानसभा के पूर्व स्पीकर सह वर्तमान रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह ने किया है। एग्जाम क्रांति झारखंड सामान्य ज्ञान सार संग्रह नाम से प्रकाशित यह पुस्तक नरेश चंद्र और विवेक राज द्वारा संपादित, संकलित और लिखित पुस्तक है। इस पुस्तक में झारखंड के इतिहास, भूगोल, संस्कार, संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, पारंपरिक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और अन्य सभी विषयों पर केंद्रित सामग्रियों को समाहित किया गया है। पुस्तक विमोचन के अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षा के लिए झारखंड के सामान्य ज्ञान संबंधित जानकारी के लिए यह पुस्तक परीक्षार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी।

नरेश चंद्र झारखंड वित्त सेवा के अधीन राज्य कर पदाधिकारी हैं। वर्तमान समय में पाकुड़ अंचल पाकुड़ में राज्य कर पदाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। झारखंड के साहिबगंज जिले के निवासी नरेश चंद्र इससे पहले बिहार प्रशासनिक सेवा के अंतर्गत वरीय उप समाहर्ता बांका बिहार के पद पर कार्यरत थे। इसके पूर्व वे झारखंड सचिवालय सेवा के अंतर्गत सहायक कर शाखा पदाधिकारी, उद्योग विभाग झारखंड में भी कार्य कर चुके हैं। इसके अलावा नरेश चंद्र का चयन अंतिम रूप से कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में एक्साइज इंस्पेक्टर और महालेखाकार कार्यालय में लेखापाल फूड कॉरपोरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित एजीएम के पद पर भी हुआ था। दर्जनों परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके नरेश चंद्र की प्रारंभिक शिक्षा साहिबगंज जिले में हुई है। इसके पश्चात इन्होंने बी फार्मा की उपाधि और एमएस फार्मा की उपाधि लेकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करते रहे।

# पोस्टल/आरएमएस पेंशनर एसोसिएशन की डिवीजनल कांफ्रेंस 8 अक्टूबर को

राष्ट्रीय खबर

रांची: जीपीओ में केडी राय की अध्यक्षता में पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में रांची जीपीओ में 8 अक्तूबर को डिविजनल कांफ्रेंस और स्टेट कार्यकारिणी की बैठक आयोजित कराने का निर्णय लिया गया। जमशेदपुर, धनबाद, पलामू, दुमका, गुमला, हजारीबाग, गिरिडीह, सिमडेगा, देवघर एवं गोमो के प्रतिनिधि इस कांफ्रेंस में भाग लेंगे। कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में चीफ पीएमजी राकेश कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सोनाली भट्टाचार्य, एडी सीजी एच एस, निदेशक डाक लेखा पीके रवि उपस्थित होंगे। कांफ्रेंस में पोस्टमैन के जनवरी 96 से बढ़े हुए वेतन का बकाया भुगतान, समय पर पीपीओ का जारी न किया जाना, रुल 9 के लंबित मामलों आदि पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी।

त्रिवेंद्रम में 1 अक्टूबर को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन (पेंशन और रिटायरी) इंटरनेशनल कांफ्रेंस में झारखंड का प्रतिनिधित्व एम जेड खान करेंगे। बैठक में पेंशनर्स के मेडिकल क्लेम के भुगतान नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई और कहा गया कि सीजी एच एस में वर्क कल्चर के न होने के कारण पेंशनर्स का मेडिकल क्लेम महीनो से लंबित पड़ा हुआ है। बार बार संयुक्त निदेशक से मिलने के पश्चात भी कोई सकारात्मक करवाई नहीं हो रही है। बैठक को आर एन पांडेय, त्रिवेणी ठाकुर, अमर नाथ मिश्र, आरबी शर्मा, बीके चौधरी, सुशील कुमार, गौतम विश्वास आदि ने संबोधित किया। बैठक में त्रिलोकी नाथ साहू, एसपी मंडल, आर बी बैठा, गणेश डे, मो रफी, रमेश सिंह, अखिलेश कुमार, बी बाड़ा, हसीना तिग्गा, रमेश काशी, काशी राम, सुखदेव, राजेंद्र महतो एवं रामचंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

केंद्रीय संरक्षित स्मारकों के प्रतिबंधित क्षेत्र में हो रहा

## अनाधिकृत निर्माण पर प्राधिकरण ने रोक लगाने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

रांची:राष्ट्रीय संस्मारक प्राधिकरण संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने सेंट्रल प्रोटेक्टेड मॉन्यूमेंट्स क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध रूप निर्माण कराये जाने पर चिंता जतायी है। इसके अध्यक्ष किशोर कुमार बासा ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्र लिखकर सीपीएम के प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनाधिकृत रूप से निर्माण कार्य से अवगत कराया है और इस पर तत्काल रोक लगाने के लिए आवश्यक कार्रवाई को कहा है। प्राधिकरण को कई माध्यमों से यह शिकायत मिली थी कि झारखंड में चिंहित्त राष्ट्रीय धरोहरों के प्रतिबंधित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर मकान-दुकान इत्यादि बनाये जा रहे हैं। प्राधिकरण से इसके लिए एनओसी भी मांगा जा रहा है। प्राधिकरण ने प्राचिन धरहरों, पुरातात्विक स्थलों के संरक्षण के लिए बने कानून का भी जिक्र किया है। राज्य सरकार से अनुरोध किया है और कहा कि वे अपने स्तर से भी सभी अरबन लोकल बॉडी को निर्देशित करें कि बिना प्राधिकरण के अनुमति के किसी भी निर्माण कार्य की अनुमति न दी जाये। ऐसे निर्माण कार्य होने से निर्माण कराने वाले को बाद में शो कॉज, भवन तोड़ने इत्यादि को नोटिस दिया जाता है, कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाती है।

### कैथोलिक चैरिटी ने किसानों के बीच बांटे तीन हजार फलदार पौधे

रांची:कैथोलिक चैरिटी के तत्वावधान में बुढमू प्रखंड क्षेत्र के 400 प्रगतिशील किसानों के बीच 3000 फलदार पौधों का विरतण किया गया। इनमें आम, अमरूद और नींबू जैसे फलों के पौधें थे। यह पौधा वितरण कार्यक्रम सतत कृषि और संबंधित गतिविधियों के माध्यम से आदिवासी किसानों की आजीविका में बेहतर सुधार कार्यक्रम के तहत किया गया। जिन किसानों को पौधे दिए गए वे छः पंचायत के आठ गांवों से थे। पौधा वितरण कैथोलिक चैरिटीज के निदेशक फा. विनय केरकेट्टा, परियोजना समन्वयक बिजनेस एक्का, अनिमेटर कमल कुजूर और सुखदेव उरांव तथा गांव के प्रगतिशील किसानों के सहयोग ग्राम प्रधान विजय मुंडा, उषा, वार्ड सदस्य मनोज उरांव, सुनील उरांव, मुखिया सीता देवी और ग्रामीणों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## न्यूज फटाफट

### श्री कृष्ण के छठ्ठी महोत्सव पर नृत्य नाटिका का मंचन

रांची: संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज द्वारा संचालित एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली शाखा रांची के सदस्यों ने रविवार को संस्था के द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव, नन्दोत्सव एव भगवान की छठी महोत्सव नृत्य नाटिका बहुत ही धूमधाम से संस्था के निमार्णाधीन श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) के आधार तल्ले के हाल मे बहुत ही धूमधाम मनाया। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्री कृष्ण प्रणामी समिति के सदस्यों एव उनके परिवार के सौजन्य से श्री कृष्ण जन्मोत्सव नन्दोत्सव एव भगवान श्रीकृष्ण की छठी महोत्सव के उपलक्ष्य मे 106 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण रविवार 10 सितंबर 2023 को किया गया भंडारे मे लगभग 1500 श्रद्धालुओ ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।आज संस्था ने भंडारे मे दही बडा,पुड़ी, कचोडी,केसरीया खीर, केसरीया जलेबी,आलु चना टमाटर मिश्रित सब्जी,टोफी, चिप्स एव बिस्किट के पैकेट का वितरण आये हुए लगभग सभी श्रद्धालुओ के बीच छठी महोत्सव के अवसर पर किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के 37 वें वार्षिक उत्सव के सयुंक्त कार्यक्रम मे श्री कृष्ण जन्मोत्सव,शिव दर्शन लीला, नन्दोत्सव एव छठी का सयुंक्त कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को कलकता से आये हुए मशहूर भजन गायक नरेन जी सोनी रास मंडली सुबोजीत राय एण्ड ग्रूप द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी के सहयोग से संचालित किया किया गया। मंदिर परिसर को फुलो एव गुबारो से सजाया गया था। भगवान श्री राज श्यामा जी भव्य दरबार सजाया गया था। भगवान श्री कृष्ण का झुला भी सजाया गया था। संस्था की महिलाओ सदस्यों ने अपने अपने गोपाल जी (लड्डू गोपाल) को सजाकर लाया गया था। कलकत्ता से आये हुए गायक के द्वारा रास मंडली के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत मे कान्हा का जन्मोत्सव लीला, शिव दर्शन लीला,नन्दोत्सव लीला,मीरा चरित्र लीला,छठी का कार्यक्रम का वर्णन नृत्य नाटिका में सचित्र प्रस्तुती एव भजनों के माध्यम से बहुत ही सुन्दर रूप से वर्णन किया गया। कलकत्ता से आयी हुई रास मंडली के साथ भजनो का मधुर गायन संस्था के मनीष सोनी और ग्रूप एव सज्जन पाड़िया, महिला मंडल की उर्मिला पाड़िया इनके अलावा और भी भजन गायक रास मंडली का भजन गायन मे साथ दिया। कार्यक्रम मे रांची की सभी समाजिक एव धार्मिक संस्था के पदाधिकारी एव उनके सदस्यों ने भाग लिया। मारवाडी सहायक समिति से अशोक कोशल राजगढीया, नन्द किशोर एव संजय सर्राफ हनुमान मंडल के अध्यक्ष सज्जन पाडिया. श्रवण अग्रवाल, निर्मल बुधीया, हनुमान बेरीया ने संस्था द्वारा सेवा प्रकरण ने जो कार्य हो रहे है उसकी बहुत ही तारीफ की उन्होने सेवा कार्य करने के कार्य हेतु संस्था के सभी सदस्यों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे संस्था के सह-संरक्षक विजय जालान अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ,सचिव मनोज कुमार चौधरी, दिलीप अग्रवाल, बिजय अग्रवाल,विष्णु सोनी, पवन पोद्दार,ओमप्रकाश सरावगी, मनीष जालान, विशाल जालान,सुरेश चौधरी, सुशील गाड़ोदिया,प्रभाष गोयल,पवन अग्रवाल,कैलाश सिंघानिया,नवल अग्रवाल महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल,बिमला जालान, सरीता अग्रवाल, सुनिता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल रेखा पोद्दार, ललिता पोद्दार, एव संस्था के ओर भी बहुत से महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित थे। उक्त जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

### करम पूजा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

रांची: अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद ,वार्ड नंबर 13 सह चुनवा टोली ,टमटम टोली सरना समिति, रांची के तत्वाधान में चुनवा टोली अखाड़ा स्थल खादगढ़ा बस स्टैंड, रांची पर आगामी करमा पूजा महापर्व की तैयारी को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से चुनवा टोली, टमटम टोली, कटहल टोली, गढ़ा टोली, मकंचुद टोली ,डोडिया टोली के समस्त ग्रामवासी शामिल हुए इस बैठक में आगामी करमा पूजा 25 सितंबर दिन सोमवार को और विसर्जन 26 सितंबर दिन मंगलवार को मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही करमा पूजा आयोजन समिति, चुनवा टोली, रांची,झारखंड के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम सह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता आ रहा है इसके फल स्वरुप इस वर्ष मैट्रिक इंटर उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानित का कार्यक्रम किया जाना है,करमा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष पवन तिर्की ने कहा कि भादो एकादशी के शुक्ल पक्ष पर करमा पूजा का आयोजन होता आ रहा है क्योंकि इस वर्ष 25 सितंबर को पूजा और 26 सितंबर को विसर्जन करने का निर्णय लिया गया उन्होंने कहा कि आयोजन समिति, चुनवा टोली के तत्वाधान में हर वर्ष 26 सितंबर को नृत्य प्रतियोगिता सह सम्मान समारोह का आयोजन होता आ रहा है और इस वर्ष भी किया जाना है जो कि इस बार काफी भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया चुकी इस बार इनाम की राशि को बढ़ाकर प्रथम पुरस्कार 15000, और दूसरी पुरस्कार 10000 हजार रूपए किया गया है साथ ही उन्होंने राज्य सरकार और रांची नगर निगम से करमा पूजा के शुभ अवसर पर रोड नाली तथा अखरा के आसपास सामूहिक साफ - सफाई की व्यवस्था करें जिससे कि व्रत रखने वाली बहनों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस महत्वपूर्ण बैठक में चुनवा टोली सरना समिति के अध्यक्ष अमित तिर्की ने मंच संचालन किया।करमा पूजा आयोजन समिति की इस बैठक में मुख्य रूप से पवन तिर्की,अमित तिर्की, महादेव बड़ाईक ,आकाश तिर्की,अनुज हेमरोम, निरंजन तिर्की, लकी सिंकु, नितेश तिर्की,आयुष सांगा, सारो सांगा ,अलविसिया हेंब्रम, उदित हेंब्रम, बिलयनी कच्छप ,अनिल कच्छप, समोरा कच्छप ,अर्जुन टोप्पो,अर्जुन धान,रोशन बड़ाईक ,आकाश मुंडा,सीता सोरेन,सीता हेंब्रम,फूलों मिंज,रजनी टोप्पो, पूनम टोप्पो इत्यादि उपस्थित हुए थे।

### कल से ओरमांझी अंचल मैदान में अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठेंगे ट्रक एसो. के सदस्य

रांची: ट्रक एसोसिएशन ओरमांझी रांची का एक महत्वपूर्ण बैठक ओरमांझी भारत पेट्रोल पंप में आयोजित किया गया। बैठक में पहुंचे एसोशियसन के सदस्यों ने कहा कि राँची प्रशासन व थाना प्रशासन के द्वारा द्वारा गिट्टि सप्लायरों को आये दिन गिट्टी सप्लाई करने में परेशान किया जाता है और गाड़ी चालकों से मनमाना पैसा वसूला जाता है।जिससे ट्रक गाड़ी एसोसिएशन ओरमांझी रांची वालों को काफी परेशानी हो रही है। ट्रक चालकों को अब तो रोड में गाड़ी चलाना भी मुश्किल हो गया है। परेशानी इतना बढ़ गया है कि ट्रक ऑनर व चालक अपने परिवार वालों का लालन-पालन भी सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं। घर का खर्च उठाने में भी कही आफत और रहा है वही एसोसिएशन के लोगों ने बताया कि ज्यादातर गाड़ियां लॉन लेकर चल रही है जिसका किस्त अदा करना भी मुश्किल हो रहा है फाइनेंसर द्वारा फाइनेंस का पैसा चुकता करना भी दिक्कत हो रहा है जिससे तंग आकर वाहन मालिक ने निर्णय लिया है कि हम लोग ट्रक को पूरी तरह से बंद कर देंगे। वही एसोसिएशन के लोगों ने झारखंड सरकार से अनुरोध है कि हम लोगों को माल ढोने में रोड में परेशान ना किया जाए वही एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि 11 सितंबर के दिन ओरमांझी के आंचल मैदान में सुबह 7 से ट्रक एसोसिएशन के लोग अपना ट्रक के साथ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ना साहू, सचिव इसराफिल अंसारी, उपाध्यक्ष अमित कुशवाह, पवन कुमार महतो, नारायण महतो, अवेश महतो, अमर महतो, पप्पू महतो ,मुकेश कुशवाहा, नारायण महतो इंदर महतो, सीता महतो, देवनारायण महतो सहित अनेकों लोग शामिल थे।

आवेदन

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए शर्तें निर्धारित की है

# स्थानांतरण के लिए राज्य के शिक्षकों के आवेदन की तिथि 22 सितंबर तक बढ़ी

राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड के वैसे शिक्षक जो अपना स्थानांतरण अंतर जिला या फिर कही और कराना चाहते है। वैसे शिक्षकों के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गयी है। स्थानांतरण के इच्छुक शिक्षकों के पास अब भी आवेदन करने का मौका है। ऐसे शिक्षक 22 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन आवेदन सहित विभिन्न प्रक्रियाओं की समय सीमा फिर बढ़ा दी है। स्थानांतरण के लिए शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन करने होंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए शर्तें निर्धारित की गयी है। इस ट्रांसफर प्रक्रिया में वैसे शिक्षक ही शामिल हो सकते हैं, जो संबंधित स्कूल में निर्धारित संख्या से अधिक हों। इसके अतिरिक्त दिव्यांग, महिला तथा गंभीर बीमारियों से ग्रसित शिक्षक भी आवेदन कर सकते हैं। विभाग की ओर से कहा गया है कि वैसे शिक्षकों का भी स्थानांतरण होगा जो पति-पत्नी के सरकारी कर्मी होने के आधार पर एक ही जगह पदस्थापित होना चाहते हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि शिक्षक स्थानांतरण के लिए ऑनलाइन ही आवेदन करें। आवेदन करने से पहले विभाग की ओर से निर्धारित शर्तों को जरूर पढ़ लें। योग्यता का निर्धारण जो किया गया है, उसके अनुरूप ही शिक्षक आवेदन करें। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, ऐसे शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए जाने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधीक्षकों द्वारा डाटा का सत्यापन 23 सितंबर से दो अक्टूबर तक किया जाएगा। आवेदन में गलती होने पर फिर से आवेदन और उसके वेरिफिकेशन का काम तीन से 12 अक्टूबर तक होगा। विभाग की ओर से कहा गया है कि अगर स्थानांतरण संबंधी मामले में किसी तरह की शिकायत है तो शिक्षक 18 से 23 अक्टूबर तक शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। विभाग प्राप्त शिकायतों के आधार पर 24 से 28 अक्टूबर तक उनका निवारण करेगा। स्थापना समिति के अनुमोदन के बाद स्थानांतरण सूची का निर्माण तथा प्रकाशन 29 अक्टूबर से तीन नवंबर तक होगा। शिकायतों के समाधान और अंतिम रूप से स्थानांतरण प्रक्रिया चार से 13 नवंबर तक पूरी की जाएगी।